■ वर्ष 31 अंक 21 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर मंगलवार 15 जुलाई 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

## जस्टिस संजीव सचदेवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त

नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को जस्टिस संजीव सचदेवा को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया। वे यहां कार्यवाहक चीज जस्टिस थे। जस्टिस विभु बाखरू को कर्नाटक हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्ति किया है, बाखरू अभी दिल्ली कोर्ट के जस्टिस थे। जस्टिस आशुतोष कुमार को पटना हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस से हटाकर गुवाहाटी हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस बनाया है। पटना हाईकोर्ट के जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली को यहीं का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया है।




## पर्यावरण विभाग में हाई वोल्टेज ड्रामा

**सिया चेयरमैन का दफ्तर सील, कुछ घंटों में फिर खोल दिया**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में सोमवार को पर्यावरण विभाग में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां सिया (स्टेट एनवायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी) के चेयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान का दफ्तर सील कर दिया गया। पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी के निर्देश पर सोमवार को यह कार्रवाई होना बताई जा रही है। खास बात यह है कि सुबह दफ्तर सील किया गया, दोपहर करीब 3.30 बजे खोल भी दिया गया। इसके बाद सिया के चेयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान अपने चेंबर में बैठने पहुंचे। दफ्तर सील किए जाने को लेकर सिया के चेयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान ने कहा कि मैंने परमिशन जारी करने में हुए भ्रष्टाचार को उजागर किया था, इसलिए यह कार्रवाई की गई है। इधर, कोठारी ने अब तक इस मामले में कोई बात नहीं की है। सिया के चेयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान ने बताया कि पिछले लगभग 65 दिनों से सिया की कोई बैठक नहीं हुई है जबकि नियमानुसार सिया के खातों का निराकरण 45 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों का अप्रेजल नहीं हो सकेगा। चेयरमैन ने कहा, जब मैं पत्र तैयार कराने के लिए सिया कार्यालय गया, तो कार्यालय बंद मिला। मैंने प्रशासनिक अधिकारी को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रमुख सचिव नवनीत कोठारी ने निर्देश दिए कि सिया के अध्यक्ष को कार्यालय के कक्ष में नहीं बैठने दिया जाए। कहा गया कि जिस दिन बैठक होगी, उस दिन केवल मीटिंग हॉल में ही बैठेंगे। कार्यालय तब तक बंद ही रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद ही कार्यालय खोला गया।

### हरियाणा, गोवा में नए राज्यपालों की नियुक्ति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कई राज्यों में नए गवर्नर्स की नियुक्ति की है। प्रोफेसर असीम कुमार घोष को हरियाणा का राज्यपाल बनाया गया है। पुष्पपति अशोक गजपति राजू को गोवा के राज्यपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कविंद्र गुप्ता लद्दाख के नए एलजी होंगे। राष्ट्रपति मुर्मू ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर डॉ. बी.डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। उनकी जगह बीजेपी नेता कविंद्र गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल बनाया है।

### नई पार्टी बनाएंगे लक्ष्मण सिंह



**राजगढ़।** कांग्रेस से हाल ही में निष्कासित किए गए पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह सोमवार को राजगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने दोपहर में गेस्ट हाउस में मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि जल्द ही कांग्रेस की विचारधारा पर आधारित, लेकिन एक नई पार्टी की नींव रखेंगे, जो मौजूदा कांग्रेस के समानांतर खड़ी होगी। लक्ष्मण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं ऐसी कांग्रेस बनाऊंगा, जिसमें एक-एक कार्यकर्ता को प्राथमिकता मिलेगी। आज की कांग्रेस में न प्रदेश स्तर और न ही राष्ट्रीय स्तर पर कोई नेतृत्व दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में बाहर से आने वाले पर्यवेक्षक बिना जमीनी समझ के निर्णय थोप देते हैं, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है।

### इंदौर के कार्टूनिस्ट को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस पर कार्टून बनाने वाले इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की युगल पीठ ने सोमवार को इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर तत्काल राहत देने से मना कर दिया, लेकिन उन्हें माफी मांगने के लिए मंगलवार तक का समय दिया है।

### नीट-यूजी के 75 छात्रों की नहीं होगी दोबारा परीक्षा


**इंदौर।** नीट-यूजी परीक्षा के दौरान बिजली गुल होने के मामले में इंदौर हाईकोर्ट ने प्रभावित 75 से ज्यादा स्टूडेंट्स की दोबारा परीक्षा कराने संबंधी याचिकाएं खारिज कर दीं। हाईकोर्ट ने परीक्षा कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की रिट अपील मंजूर करते हुए अपना फैसला सुनाया। इस मामले में एनटीए की अपील पर 10 जुलाई को सुनवाई हुई थी, तब कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। इंदौर और उज्जैन के प्रभावित 75 से ज्यादा छात्र हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। हाईकोर्ट ने कहा है कि भविष्य में इस तरह की परीक्षाओं के दौरान बिजली गुल होने की स्थिति में वैकल्पिक इंतजाम अनिवार्य रूप से किए जाएं।

# नफरती भाषण पर लगाम लगाएं

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को दिया निर्देश

नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से नफरती भाषण और कंटेंट पर नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को इसे लेकर निर्देश जारी किया है और कहा है कि नफरती भाषण और कंटेंट पर लगाम लगाने के लिए एक्शन लीजिए। हालांकि, इस दौरान शीर्ष अदालत ने फ्रीडम ऑफ स्पीच का भी ध्यान रखने को कहा। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने कहा कि लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल्य के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए, क्योंकि कोई नहीं चाहता कि राज्य इसे विनियमित करने के लिए कदम उठाए। पीठ ने कहा कि लोगों को ऐसा भाषण अप्रिय और अनुचित क्यों नहीं लग रहा? दोनों जजों ने आगे कहा कि कंटेंट और सब्जेक्ट का का कुछ नियमन होना चाहिए और नागरिकों को ऐसे घृणास्पद भाषणों को साझा करने और पसंद करने से खुद को रोकना चाहिए। शीर्ष अदालत ने राज्यों, केंद्र और वजाहत खान की ओर से पेश हुए वकील से सुझाव देने को कहा कि वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाए बिना घृणास्पद भाषणों को कैसे नियंत्रित किया जा सके।




### लोग ऐसे कंटेंट को लाइक ना करें

पीठ ने कहा कि लोगों को ऐसा भाषण अप्रिय और अनुचित क्यों नहीं लग रहा? कंटेंट के लिए कुछ नियम होना चाहिए और नागरिकों को ऐसे अभद्र भाषा वाले भाषणों को शेयर और लाइक करने से खुद को रोकना चाहिए। शीर्ष अदालत ने राज्यों, केंद्र और वजाहत खान की ओर से पेश हुए वकील से सुझाव देने को कहा कि वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाए बिना अभद्र भाषा को कैसे नियंत्रित किया जा सके, इसपर विचार करें।

### क्या है वजाहत खान का मामला?

वजाहत खान के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर नफरत और सांप्रदायिक विद्वेष भड़काने वाली सामग्री पोस्ट करने के आरोप में विभिन्न राज्यों में मामले दर्ज किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में दर्ज दो प्राथमिकियों के लिए वह न्यायिक हिरासत में थे। 3 जुलाई को कोलकाता की एक निचली अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। शीर्ष अदालत की यह नवीनतम टिप्पणी पश्चिम बंगाल के बाहर उनके खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकियों में वजाहत खान की गिरफ्तारी पर रोक लगाने के तीन हफ्ते बाद आई है।

## सीएम कुर्सी बचाने में व्यस्त मंत्री कर रहे कमीशनखोरी

**राहुल ने बिहार की कानून व्यवस्था पर साधा निशाना**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार की कानून-व्यवस्था पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि राज्य अब क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया बन चुका है और वहां डर का माहौल हर गली और हर घर में पसरा हुआ है। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिहार में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट्स के स्क्रीनशॉट साझा करते हुए लिखा कि बिहार में पिछले 11 दिनों में 31 हत्याएं हुई हैं और सुपारी किलिंग इंडस्ट्री फल-फूल रही है। उन्होंने सीधे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा, मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं और भाजपा के मंत्री कमीशन खाने में। बेरोजगार युवाओं को 'गुंडा राज' हत्यारा बना रहा है। यह चुनाव सिर्फ सरकार बदलने के लिए नहीं, बिहार को बचाने के लिए होगा। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि बिहार के हालात इतने खराब हो गए हैं कि आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार को अपराध का अड्डा बना दिया है। राहुल गांधी इससे पहले भी पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या पर मुख्यमंत्री और भाजपा को घेर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को क्राइम कैपिटल बना दिया है। राहुल गांधी के इस बयान से बिहार की सियासत गर्म हो गई है।

## नर्मदा को निर्मल बनाने 2459 करोड़ खर्च करेगी सरकार



**भोपाल।** प्रदेश में नर्मदा नदी को निर्मल बनाए रखने के लिए राज्य सरकार 2459 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इस योजना में केंद्र सरकार से भी मदद ली जाएगी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नर्मदा को निर्मल बनाने के लिए अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अधिकारी पहले योजना का भौतिक सर्वेक्षण (फिजिकल सर्वे) कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले दूषित जल को नर्मदा में मिलने से रोकने और पानी के ट्रीटमेंट के उपायों को भी इस परियोजना में शामिल किया जाए। नर्मदा नदी के आसपास कई धार्मिक स्थल स्थित हैं, इसलिए इन क्षेत्रों में भी दूषित जल के उपचार के लिए प्लांट की स्थापना की जाए और इन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना भी तैयार की जाए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवनरेखा है और नर्मदा मां को निर्मल बनाए रखने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत केंद्र सरकार से हरसंभव सहायता ली जाएगी।

## ऐसे लोगों की जरूरत जो सरकार पर केस करें: गडकरी

**नेताओं-सिस्टम में अनुशासन के लिए कोर्ट का सहारा लेना जरूरी है**

नागपुर



केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ केस दाखिल कर सकें। अगर सिस्टम में अनुशासन चाहिए तो सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी है। उन्होंने कहा- कई बार अदालत का आदेश ऐसे काम भी करवा देते हैं, जो सरकार नहीं करवा पातीं। समाज में कुछ लोगों को सरकार के खिलाफ अदालत में याचिकाएं दाखिल करनी चाहिए। इससे नेताओं और सिस्टम में अनुशासन आता है। गडकरी ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं-मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते। गडकरी ने कई उदाहरण दिए, जिनमें केंद्र-राज्य सरकारों को खिलाफ याचिका दाखिल की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है। दरअसल, नितिन गडकरी नागपुर पहुंचे थे। वहां प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार समारोह में उन्होंने ये बात कही थी। गडकरी ने कुशल संघटक के तौर पर सम्मानित लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा- इन लोगों ने सरकार के खिलाफ कई कानूनी लड़ाइयां लड़ीं। समाज में ऐसे जागरूक और जुझारू लोगों की मौजूदगी जरूरी है जो सिस्टम की गलतियों को उजागर करें और जनता के हित में कदम उठाएं।

## बिना रुकावट के कारोबार सिर्फ हमारे नहीं, पूरी दुनिया के हित में



**नई दिल्ली।** 2020 में गलवान में हुई हिंसक झड़प के बाद पहली बार विदेश मंत्री एस. जयशंकर चीन के यात्रा पर गए हैं. यहां वह एससीओ सम्मेलन 2025 (शंघाई सहयोग संगठन) में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। साथ ही जयशंकर की इस यात्रा का उद्देश्य सीमावर्ती विवादों को शांति और स्थिरता के साथ हल करना, व्यापारिक और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना। एस. जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने व्यापार, सीमा विवाद से लेकर शांति बहाली जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा है कि दोनों देशों को आपस में व्यापार करने के दौरान किसी भी तरह की बंदिशें या पाबंदियां नहीं लगानी चाहिए। इससे दोनों देशों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत और चीन के आम लोग आपस में मिलते-जुलते रहेंगे, तो इससे सहयोग बढ़ेगा और रिश्ते मजबूत होंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों को आपसी सम्मान, साझा हित और एक-दूसरे की संवेदनाओं को समझने के आधार पर संभालना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच अच्छे और स्थिर रिश्ते सिर्फ इन दोनों देशों के लिए ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए भी फायदेमंद हैं. पूरी दुनिया भारत और चीन के रिश्ते पर नजरें टिकी रहती हैं।

## शुभांशु अंतरिक्ष से रवाना

लखनऊ



लखनऊ के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला आज यानी 14 जुलाई को शाम 4.35 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हो गए। करीब 23 घंटे के सफर के बाद उनका स्पेसक्राफ्ट अगले दिन (15 जुलाई) दोपहर करीब 3 बजे समुद्र में लैंड करेगा। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। भारत के लिए यह मिशन इसलिए भी खास है, क्योंकि शुभांशु इस अभियान में पायलट के रूप में शामिल होकर अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचने वाले पहले भारतीय वायुसेना अधिकारी बन गए हैं।

## केंद्र सरकार का आदेश: स्कूल-ऑफिस कैंटीन खाने में कैलोरी की जानकारी दें

**नई दिल्ली।** आपके समोसे में कितना तेल है, लड्डू और जलेबी में कितनी शक्कर है और वड़ा पाव में कितनी कैलोरी है, यह जानकारी भी स्नैक्स के साथ मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी विभागों से कहा है कि वे अपनी कैंटीन में बेचे जा रहे सामान के लिए 'तेल और शक्कर' चेतावनी बोर्ड लगाएं। ये बोर्ड सेंट्रल इंस्टीट्यूट की कैंटीन और वहां की सार्वजनिक जगहों पर लगाए जाएंगे। इन पर समोसा, जलेबी, पकौड़ा, लड्डू जैसे नाश्तों में मौजूद तेल और चीनी की मात्रा की जानकारी दी जाएगी। उदाहरण के लिए, यह बताया जा सकता है कि एक गुलाब जामुन में पांच चम्मच चीनी होती है। इसका मकसद लोगों को जंक फूड के स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में जागरूक करना है। देश में बढ़ते मोटापे, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों को कम करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक समोसे, जलेबी को लेकर चेतावनी तो लिखी जाएगी, लेकिन उन पर पाबंदी नहीं लगाई जाएगी। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त संस्थानों की कैंटीन में यही नियम लागू होगा।

## जबलपुर समेत 13 शहरों में आयकर की छापेमारी

**भोपाल।** आयकर विभाग ने सोमवार को प्रदेश के जबलपुर, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, रीवा और छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़, चिरमिरी समेत 13 शहरों में छापेमारी की है। आयकर विभाग की एमपी सीजी की टीम ने यह छापेमारी टीडीएस में फर्जी रिटर्न दिलाने वाले और 25 प्रतिशत तक कमीशन लेने वाले चार्टर्ड एकाउंटेंट और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के ठिकानों पर की है। छापेमारी में करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा होना तय माना जा रहा है। आयकर विभाग की टीम ने सोमवार सुबह एमपी छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई उन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, आपरेटर्स, एलआईसी एजेंट्स और टैक्स रिटर्न फाइल करने वाली फर्मों टैक्स प्रैक्टिसनर्श के खिलाफ की जा रही है, जिन पर आयकर चोरी में संलिप्त होने का शक है। इनके द्वारा बोगस रिफंड क्लेन किए जाने के मामले भी सामने आए हैं। इस कार्रवाई में लैपटॉप, कम्प्यूटर जब्त कर जांच की जा रही है औक इनके ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को भी टीम के सदस्य जांच रहे हैं। इसके जरिये ये देखा जा रहा है कि ये और किस तरह के मामलों में शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, ये फर्में और सीए मोटी रकम लेकर फर्जी टीडीएस रिटर्न दाखिल करते थे और इसके बदले 25 प्रतिशत से अधिक कमीशन वसूलते थे।

## 'इन्वेस्टमेंट' नहीं, सिर्फ 'इवेंट मैनेजमेंट' है

### पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने डॉ मोहन सरकार को घेरा

भोपाल



मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार की निवेश, रोजगार और उद्योग नीतियों की सख्त आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बीते 20 वर्षों से 'इन्वेस्टमेंट' के नाम पर सिर्फ 'इवेंट मैनेजमेंट' कर रही है। इन्वेस्टर समिट सिर्फ पोस्टर, होर्डिंग और प्रेस कांफ्रेंस तक सीमित रह गई हैं। पटवारी ने कहा कि अब तक 11 से अधिक इन्वेस्टर समिट हो चुकी हैं। हजारों एमओयू साइन हुए, लेकिन 80 प्रतिशत से ज़्यादा निवेश जमीन पर नहीं उतरा। सरकार सिर्फ प्रचार में व्यस्त है, जबकि गांव और जिला स्तर पर कोई प्रभाव नहीं दिखता। भाजपा सरकार लाखों करोड़ निवेश का दावा करती है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि न तो स्थायी उद्योग लगे, न ही एमएसएमई को बढ़ावा मिला। रोजगार सृजन का कोई स्थायी तंत्र नहीं बना। पटवारी ने 2023 और 2024 में घोषित 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश को 'आंकड़ों का भ्रमजाल' बताया। कहा कि इन घोषणाओं में से 10 प्रतिशत से भी कम वास्तविक निवेश जमीन पर दिखाई देता है। पीसीसी चीफ ने कहा कि 11 इन्वेस्टर समिट के बाद भी उद्योग क्यों नहीं लगे? लाखों करोड़ निवेश के दावे का ग्रामीण क्षेत्रों में क्या असर हुआ? बेरोजगारी दर क्यों बढ़ रही है? युवाओं को डिग्री तो मिल रही है, नौकरी कब मिलेगी? कृषि आधारित उद्योगों का क्या हुआ? ये कुछ प्रमुख प्रश्न हैं जो भाजपा सरकार से पूछे जाने चाहिए। जीतू पटवारी ने कहा कि युवाओं, किसानों और बेरोजगारों के नाम पर सिर्फ जुमलों की राजनीति अब और नहीं चलेगी। मध्यप्रदेश को दिखावे की नहीं, धरातल पर काम करने वाली सरकार चाहिए।

#### कृषि आधारित उद्योग उपेक्षित

पिछले 5 वर्षों में किसानों के लिए कृषि आधारित प्रोसेसिंग यूनिट या कोल्ड स्टोरेज जैसी आधारभूत संरचनाएं नहीं बन पाईं। मंडियों की हालत खराब है और एमएसपी पर खरीदी में भारी धांधली हो रही है।

#### रोजगार के नाम पर धोखा

पटवारी ने कहा, भाजपा दावा करती है कि लाखों रोजगार दिए गए, लेकिन सच्चाई यह है कि बेरोजगारी दर लगातार बढ़ी है, खासकर शिक्षित युवाओं में। व्यापम जैसे घोटालों ने युवाओं का आत्मविश्वास तोड़ा है।

#### योजना का अभाव चिंताजनक

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल में किसी भी बड़े उद्योग या रोजगार योजना के अभाव को चिंताजनक बताया। कहा कि सरकार के पास युवाओं को ट्रेनिंग और नियुक्ति के कोई ठोस आंकड़े नहीं हैं।

### स्कूटी से अवैध नशीले इंजेक्शन परिवहन करते हुए दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि, स्कूटी क्रमांक एमपी 18 जेडडी 8986 में दो व्यक्ति कोटमा तिराहा के पास अवैध नशीली इंजेक्शन बेच रहे हैं। मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस कोटमा तिराहा हेतु रवाना हुए जहां उक्त स्कूटी में 02 व्यक्ति बैठे दिखे। जिनमें से एक व्यक्ति पुलिस को देखकर स्कूटी लेकर भाग गया। शेष एक व्यक्ति मौके पर मिला जिससे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम मोहित यादव पिता स्व. रामकिशन यादव उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नं 24 सोहागपुर का होना बताया। तलाशी लेने पर आरोपी मोहित के कब्जे से 50 नग नशीले इंजेक्शन बरामद हुआ। पुलिस द्वारा आरोपी मोहित से पूछताछ कर मौके से भागे आरोपी राहुल मिश्रा उर्फ डेविड पिता अवधेश मिश्रा उम्र 31 वर्ष निवासी सिटी स्टार होटल के पीछे को गिरफ्तार कर उक्त नशीली इंजेक्शन एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया।

# जिले में अवैध होर्डिंग्स का आतंक, प्रशासन मौन, सीएमओ की भूमिका संदिग्ध

शहडोल (स्वतंत्रमत)

नगर में अवैध होर्डिंग्स की भरमार ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आलम यह है कि शहर का कोई कोना ऐसा नहीं जहां अवैध होर्डिंग्स न लगे हों, लेकिन नगर पालिका और जिला प्रशासन, दोनों ही इस समस्या पर आंखें मूंदे हुए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि टेंडर की अवधि समाप्त होने के बावजूद ये अवैध होर्डिंग्स शहर को बदरंग कर रहे हैं, जिससे नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है।



शहर के हर चौराहे, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे ये अवैध होर्डिंग्स न सिर्फ शहर की सुंदरता पर धब्बा हैं, बल्कि यातायात सुरक्षा के लिए भी खतरा बने हुए हैं। नियमों के मुताबिक, किसी भी तरह के विज्ञापन के लिए नगर पालिका से अनुमति लेना और निर्धारित शुल्क जमा करना अनिवार्य होता है। लेकिन शहडोल में धड़ल्ले से लगे ये होर्डिंग्स बताते हैं कि या तो अनुमति ली ही नहीं गई है, या फिर सांठगांठ के तहत इन्हें लगाया गया है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में ये अवैध होर्डिंग्स फल-फूल रहे हैं? क्या नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों की मिली भगत से यह खेल चल रहा है? स्थानीय निवासियों का आरोप है कि अवैध होर्डिंग्स लगाने वाले तत्वों को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है, यही वजह है कि इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। नगर पालिका शहडोल द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन ये अवैध होर्डिंग्स इन अभियानों पर एक बदनुमा दाग साबित हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि अतिक्रमण अभियान सिर्फ छोटे दुकानदारों और ठेले वालों तक ही सीमित है, जबकि बड़े और प्रभावशाली लोगों द्वारा लगाए गए अवैध होर्डिंग्स पर कोई आंच नहीं आती। यह स्थिति न केवल नगर पालिका के राजस्व को चूना लगा रही है, बल्कि कानून के शासन का भी मखौल उड़ा रही है। शहडोल के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। क्या जिला प्रशासन अब भी कुंभकर्णी नींद सोता रहेगा, या फिर इन अवैध होर्डिंग्स पर लगाम लगाकर शहडोल को एक स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाएगा, यह देखने वाली बात होगी।

## गणवेश वितरण कार्यक्रम के साथ ही पौधे भी रोपे गए



**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** विवेक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सत्य साइन इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रांगण में जिए सिंध सेवा संगम के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गणेश वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समिति की अध्यक्ष श्रीमती दीपा मंगलानी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रितु रूप रंग, इनर व्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष रश्मि जगवानी, समिति की सदस्य श्रीमती कविता जगवानी, जूही ग्वालानी, प्राची जेठानी, राखी आहूजा, जय आहूजा, वर्षा कुंदनानी, महिमा वासवानी, कामना कटारिया, अरुण आहूजा, सपना कटारिया, भारती कंजनी एवं शोभा अपटानी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत की कड़ी में अतिथियों का अभिनंदन विद्यालय की प्रचार्या डॉ अनीता निगम ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ गोपाल प्रसाद निगम अधिवक्ता ने किया एवं आभार प्रदर्शन उमाकांत वर्मा व रामकरण मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को साफ-सफाई संदेश दिया गया तथा परिसर में पौधारोपण भी करवाया गया।

## डीएवी बुढ़ार पब्लिक स्कूल को सरावगी परिवार द्वारा 1000 लीटर क्षमता का आरओ सिस्टम भेंट किया गया



शहडोल (स्वतंत्रमत)

डीएवी बुढ़ार पब्लिक स्कूल में एक प्रेरणादायक समारोह आयोजित किया गया, जहाँ नगरपालिका अध्यक्ष शालिनी सरावगी परिवार ने स्कूल को 1000 लीटर क्षमता का एक अत्याधुनिक आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) जल शोधन प्रणाली भेंट की। यह उपहार सरावगी परिवार की बिटिया, सृजा सरावगी, की शैक्षणिक उपलब्धि का सम्मान करने के लिए दिया गया, जिन्होंने हाल ही में 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सृजा सरावगी ने अपनी नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक की पूरी शिक्षा इसी प्रतिष्ठित विद्यालय से प्राप्त की है। इस अवसर पर, उनके माता-पिता ने भावुक होकर कहा कि उनकी बेटी को शिक्षा, व्यवहार, मानसिकता और आचरण के क्षेत्र में जो कुछ भी प्राप्त हुआ है, उसका पूरा श्रेय डीएवी बुढ़ार पब्लिक स्कूल के सभी आदरणीय शिक्षकों को जाता है। उन्होंने इसे स्कूल के प्रति अपने कण बराबर ऋण को चुकाने का एक विनम्र प्रयास बताया। इस समारोह में हाल ही में हुए छात्र परिषद चुनाव में निर्वाचित सभी बच्चों को भी हार्दिक बधाई दी गई। सरावगी परिवार और स्कूल प्रबंधन ने उनके उज्जवल और सफल भविष्य की कामना की। यह भेंट न केवल छात्रों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएगी, बल्कि यह स्कूल और अभिभावकों के बीच मजबूत संबंधों और शिक्षा के प्रति उनके साझा समर्पण का भी प्रतीक है।

## जिले में 139 छात्रावासों में अधीक्षकों की नई नियुक्ति, वर्षो से जमे कर्मचारी हटाए गए

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जनजातीय कार्य विभाग, जिला डिण्डौरी ने जिले के छात्रावासों, आश्रमों एवं कन्या शिक्षा परिसरों के संचालन को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। विभाग द्वारा 139 छात्रावासों में अधीक्षकों की नई नियुक्ति कर दी गई है। कई वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों को हटाकर नए कर्मचारियों को अधीक्षक का दायित्व सौंपा गया है। इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य) विभाग डिण्डौरी द्वारा ज.जा.कार्य/छात्रावास/ को आदेश जारी किया गया। आदेश के अनुसार, प्रशासनिक सुविधा एवं संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कॉलम अनुसार सूचीबद्ध छात्रावासों, आश्रमों, कन्या शिक्षा परिसरों एवं कल्याण क्रीड़ा परिसरों में अधीक्षक का कार्यभार संबंधित कर्मचारियों को सौंपा गया है। यह नियुक्ति आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। जिले की कलेक्टर द्वारा की गई इस प्रशासनिक सर्जरी के तहत वर्षों से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारियों को हटाया गया है। सूत्रों के अनुसार, करंजिया स्थित छात्रावास में भूपेंद्र सिंह करचाम को नया अधीक्षक नियुक्त किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से छात्रावासों की व्यवस्था में निश्चित ही सुधार आएगा और विद्यार्थियों को भी बेहतर वातावरण मिलेगा। सूत्रों का कहना है कि अब प्रशासन की नजर सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत पदस्थ कर्मचारियों पर है, जहां जल्द ही इसी तरह की समीक्षा और फेरबदल संभव है।

## समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर संतुष्टिपूर्वक निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल (स्वतंत्रमत)



समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। कलेक्टर ने जिले में लगातार हो रही बारिस को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को बारिस से हुए नुकसान का आकलन कर आरबीसी के प्रावधानों के अनुसार सहायता राशि का वितरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सडक योजना, जल संसाधन विभाग सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले की सडकों तथा पुल-पुलियों तथा जल संरचनाओं का निरीक्षण करते रहें तथा जहां भी वर्षा के कारण संरचनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनका आकलन कर प्रतिवेदन तैयार करें। वर्षा के कारण होने वाले नुकसान की जानकारी जिला एवं जनपद स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम में अनिवार्य रूप से दें। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 25 किलोमीटर दूर मां नर्मदा से कांवड़ में जल भरकर कंचनपुर पहुंचे कांवडिये

### भगवान भोलेनाथ का मां नर्मदा जल से किया जलाभिषेक





डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत शहपुरा के ग्राम कंचनपुर के कांवड़ियों द्वारा मां नर्मदा से जल लाकर सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक किया जाता है 7 वहीं इस साल भी श्रावण मास के प्रथम सोमवार के दिन सुबह से कांवड़िये अपने-अपने कांवड़ में जल भरकर 25 किमी दूर कनई - नर्मदा संगम मालपुर घाट पहुंचे जहां से अपने कांवड़ लेकर मालपुर से डुंगरिया ,अमेरा ,बड़झर, अमठेरा, बरगांव, करौंदी होते हुए बैंडबाजों व डीजे के साथ पदयात्रा कर कंचनपुर पहुंचे 7 जहां पर ग्रामीणों द्वारा कांवड़ियों का धूमधाम से स्वागत किया गया 7 तत्पश्चात भगवान देवाधिदेव महादेव में जलाभिषेक कर पूर्णाहुति की गई 7 वहीं भंडारे का भी आयोजन किया गया था इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे 7 कांवड़ियों सहित ग्रामीणों ने अंत में भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ अर्जित किये 7 कांवड़ यात्रा में टूमलाल साहू, चंद्रकांत साहू, संतोष साहू, काशी झारिया, शशिकांत साहू, सहित बड़ी संख्या में कांवरिये व ग्रामवासी रहे ।

## इनर व्हील क्लब विराट शहडोल की नई टीम ने समाजसेवा कार्यों की ली शपथ

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर मेगा प्लांटेशन और हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट पर काम करने का लिया संकल्प

शहडोल (स्वतंत्रमत)



सूर्य इंटरनेशनल होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में इनर व्हील क्लब विराट शहडोल की नई टीम का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस संबंध में क्लब की सचिव ज्योतिका श्रीवास्तव ने बताया कि क्लब की नवगठित टीम ने आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर मेगा प्लांटेशन और हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट पर काम करने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही तमाम सेवा कार्यों को करने की योजना के बारे में पटल पर रखा गया। इनर व्हील क्लब की नई अध्यक्ष के रूप में गीतिका खोडियार और सचिव के रूप में ज्योतिका श्रीवास्तव ने शपथ ली। वर्ष 2024-25 की अध्यक्ष रश्मि जसवानी ने अपने कार्यकाल की बातों को मंच से रखा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा मौजूद रहीं। शपथ ग्रहण समारोह में जिला आईएसओ प्रज्ञा मोहिले एवं इंस्टालिंग आफिसर के रूप में मनीषा श्रीवास्तव मंचासीन रहीं। अपने उदबोधन में प्रज्ञा मोहिले ने नई टीम का उत्साह बर्धन किया और कहा कि आप जो संकल्प करेंगी उसे अवश्य पूरा करेंगी ऐसा मुझे विश्वास है। शपथ ग्रहण समारोह में क्लब की पूर्व आइएसओ रूखसाना खान को विशेष रूप से उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। क्लब के नए सदस्यों संध्या पांडेय, नीला दवे, डेजी सिंह, नीलम उपाध्याय, विनीता नामदेव, ज्योति नामदेव तथा निधि श्रीवास्तव को भी शपथ दिलाई गई। इस आयोजन में क्लब की सदस्य उषा सिंघल, निर्मल बग्गा, रत्ना गुप्ता, संध्या शर्मा, नीलम गुप्ता, सत्यभामा गुप्ता, रीनू कटारे, हिमांशी गुप्ता, अंतिमा श्रीवास्तव, नीलिमा भट्टाचार्य, दीपिका निगम, सुधा मिश्रा एवं अंजलि बाजपेयी की मौजूदगी रही। सचिव ज्योतिका श्रीवास्तव ने अपने बीत कार्यकाल और आने वाले कार्यकाल के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका दुवे ने एवं उपाध्यक्ष अर्चना शर्मा ने सभी का आभार जताया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक सम्पन्न





डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की प्रगति, लंबित प्रकरणों और विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ देने पर बल दिया गया।

**अवैध गतिविधियां:** मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई। अवैध खनन, अवैध मरम्मत, अनुकरण और परिवहन गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

**जनकल्याण योजनाएं:** पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, बीज-खाद वितरण जैसी योजनाओं के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने पर बल दिया गया।

**शिक्षा विभाग:** सर्व शिक्षा समन्वयक रावेन्द्र मिश्रा को जिले की जर्जर प्राथमिक-माध्यमिक शालाओं की सूची प्रस्तुत करने तथा शिक्षा पोर्टल पर कक्षा 1 से 8वीं तक के छात्रों के नाम 100 प्रतिशत अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

**स्वास्थ्य:** सर्पदंश उपचार हेतु सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने और लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

**अतिक्रमण:** विद्युत विभाग की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने हेतु तहसीलदार व एसडीएम की उपस्थिति में कार्यवाही के आदेश।

**राशन वितरण:** गरीब राशन कार्ड धारकों को सामग्री समय पर मिले तथा उचित मूल्य की दुकानों पर अवैध बिक्री रोकने हेतु छापामार कार्यवाही के निर्देश।

**नल-जल योजना:** नल-जल कार्य के चलते सड़कों पर बने गड्ढों को समय पर भरने में लापरवाही बरतने पर पीएचई विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। ई-ऑफिस= जिन विभागों ने अब तक ई-ऑफिस प्रणाली को लागू नहीं किया है, उन्हें शीघ्र इस प्रणाली को अपनाने को कहा गया।

### अतिरिक्त निर्देश

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्काल निराकरण अनिवार्य किया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़कों की स्थिति का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश एसडीएम को दिए गए। जिले में संचालित यात्री वाहनों की फिटनेस एवं परमिट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने को कहा गया। समय सीमा के प्रकरणों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई। सोमवार के दिन किसी अधिकारी-कर्मचारी का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा विभागीय कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

## पशु चिकित्सालय भूमि आवंटन पश्चात भवन निर्माण नहीं हो सका

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



शासन द्वारा कृषि सह व्यवसाय को प्राथमिकता देते हुए पशुपालकों को अनुदान स्वारूप प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मध्य शासन द्वारा की गई हैं। परंतु पशुओं को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध ही नहीं हैं। जबकि अमरपुर ब्लॉक मुख्यालय में पशु चिकित्सालय भवन निर्मित था और चिकित्सक भी पदस्थ रहे। परंतु वर्तमान समय में पुराना भवन जीर्ण शीर्ण हो चुका हैं। और चिकित्सक भी नहीं हैं। इस समय चिकित्सालय पुराने ग्राम पंचायत के एक छोटे से कमरे में संचालित हो रहा हैं। जहां तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मार्ग भी नहीं हैं। जिसके लिए भवन निर्माण हेतु शासकीय भूमि की मांग की गई थी। भूमि आवंटन हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर डिंडौरी में राजस्व मामला क्रमांक 12 (अ)- 19/3) 11-12 दर्ज कर नायब तहसीलदार को प्रतिवेदन मांगा गया। नायब तहसीलदार की जांच के दौरान इश्तिहार का प्रकाशन किया गया। समय अवधि में आपत्ति ना आने पर प.ह.नं. 74 ग्राम अमरपुर की घास मद की भूमि खसरा नंबर 390 रकवा 1.14 हेक्टर में से 0.02 हेक्टर ग्राम पंचायत की ग्राम सभा बैठक दिनांक 14/4/2012 के प्रस्ताव क्रमांक 36 अनुसार उक्त भूमि आवंटित करने का प्रस्ताव किया गया था। इन्हीं आधार पर म.प्र.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 234 के प्रावधान अनुसार पशु चिकित्सालय भवन निर्माण हेतु खसरा नंबर 390 रकवा 1.14 हेक्टेयर में से 0.02 हेक्टेयर भूमि म. प्र. पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग को हस्तांतरित आदेश दिनांक 7/5/2012 को किया जा चुका हैं। फिर भी पशुओं की उपचार हेतु एक भवन नहीं बनाया जा सका हैं। भवन निर्माण एवं चिकित्सक पदस्थ करने की जनअपेक्षा क्षेत्रीय कृषकों के द्वारा की गई हैं।

# भूकंप कॉलोनीवासियों का गम उजाड़कर भूल गई नगर निगम

## जगह-जगह पड़ा कचरा और मलबा, नहीं झांकने आते क्षेत्रीय पार्षद

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाली नगर निगम की पोल अब शहर के कुछ ईलाकों में नजर आने लगी है। एक तरफ शहर को स्वच्छता के मामले में अव्वल लाने लाखों-करोड़ों रूपए फूंके जा रहे है। वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। दरअसल हम बात कर रहे हैं महाराणा प्रताप वार्ड अंतर्गत आने वाली भूकंप कॉलोनी की। यहां के हालात अब ऐसे है कि मानो सच में इस क्षेत्र में भूंकप आ गया हो और सब तितर-बितर हो गया हो।

**महीनों से पड़ा मलबा, नहीं झांकने आया कोई**-आपकों बता दें कि आज से लगभग एक माह पहले भूकंप कॉलोनी में जल की बेहतर ढंग से निकासी के लिए यहां पर बने लोगों के मकानों में अतिक्रमण की कार्यवाही गई थी। जिसके तहत लगभग 50 से अधिक मकानों के रैम्प, सीढ़ियां इत्यादि तोड़ी गई थी। इस अतिक्रमण का क्षेत्रीय लोगों ने भी भरपूर समर्थन किया था। वो भी यह सोचकर की कम से कम क्षेत्र में जलभराव की समस्या से उन्हें आजादी मिल सकेगी। परंतु अतिक्रमण तो हुआ लेकिन नगर निगम की यह कार्यवाही क्षेत्रीय लोगों के लिए एक फांस सी बन गई। दरअसल नगर निगम का अतिक्रमण विभाग कार्यवाही करने के बाद सारा मलबा यह कहकर वहीं छोड़ गया कि जल्द ही नगर निगम से एक दूसरी टीम आएगी और सारा मलबा उठाकर ले





जाएगी।

**चारों तरफ लगा गंदगी का अंबार**-भूंकप कॉलोनी में रहने वाले मुन्ना लाल दुबे, कमला प्रसाद पांडे, आरएम तिवारी, कमलेश प्रधान, तनय अग्रवाल, धर्मेन्द्र पटेल, मुन्ना लाल दुबे आदि लोगों ने बताया कि नगर निगम के अतिक्रमण विभाग द्वारा भूकंप कॉलोनी में पिछले दिनों 50 से अधिक अतिक्रमण तोड़े गए थे। कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने दावा किया था कि क्षेत्र को जल्द साफ-सुथरा और व्यवस्थित किया जाएगा, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। अतिक्रमण हटाने के बाद न तो मलबा हटाया गया है और न ही रोड पर जमा पानी की निकासी की कोई व्यवस्था की गई है। बरसात के कारण सड़क पर गंदा पानी भर गया है, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**क्षेत्र में फैला बीमारियों का खतरा**-स्थानीय निवासियों ने बताया कि पहले अतिक्रमण की वजह से थोड़ी बहुत दिक्कत थी, लेकिन अब सड़क पर मलबा और पानी दोनों जमा हैं। रोज़ पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इसके साथ-साथ साफ-सफाई न होने की वजह से नालियां बजबजा रहीं है। जिससे क्षेत्र में लगातार बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।

**नहीं झांकने आते स्थानीय पार्षद**--क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि इस बारे में उन्होंने समय-समय पर जनप्रतिनिधियों से लेकर क्षेत्रीय पार्षद से भी शिकायत की । परंतु आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों की मांग है कि क्षेत्र से जल्द से जल्द मलबा हटाया जाए। जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। नियमित सफाई और निरीक्षण हो। नगर निगम यदि शीघ्र कदम नहीं उठाता है, तो क्षेत्र में स्वास्थ्य समस्याएं और नागरिकों का आक्रोश बढ़ सकता है ।



## सालीवाड़ा स्कूल में अनियमितताओं से परेशान ग्रामीण

**जबलपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में संचालित शासकीय स्कूलों में वैसे ही अनेको समस्याएं और विसंगतियां रहती हैं बावजूद इसके जो उपलब्ध संसाधन हैं उन्हें भी ठीक ढंग से कार्यान्वित नहीं किए जाने के कारण इसका समुचित लाभ लोगों को नहीं मिल पाता है। ऐसा ही कुछ शमीपस्थ ग्राम पंचायत तुनिया के अंतर्गत ग्राम सालीवाडा में संचालित माध्यमिक विद्यालय में देखने मिल रहा है जहां पर माध्यमिक विद्यालय में काफी अनियमिताएं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार यहां एक अतिथि और एक रेगुलर टीचर की पोस्टिंग है। बच्चों की संख्या बहुत कम है ग्रामीणों का आरोप है कि यहां पदस्थ शिक्षक पूरे टाइम सिर्फ मोबाइल पर ही व्यस्त रहते हैं। बच्चों को ठीक ढंग से नहीं पढाते, शिक्षकों का देर से आना और जल्दी जाने का रवैया भी काफी लंबे समय से टीचरों के बीच चल रहा है।

**ग्राम विकास संगठन की महिला सदस्यों ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण**

**गंदगी में बनाया जा रहा मध्यान भोजन**-बच्चों के लिए बनने वाले मध्यान भोजन ऐसे किचन सैड में बनाया जा रहा है। इसकी बिल्डिंग अत्यंत जर्जर है। और इसमें अत्यंत सीपेज और पानी टपक रहा है चारों ओर गंदगी फैली हुई है। अव्यवस्थित और गंदे वातावरण में बच्चों का खाना बनाया जा रहा है। पलकों की शिकायत है कि बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता भी अच्छी नहीं रहती बहुत कम क्वांटिटी के तेल मसाले और सब्जियों में खाना बनाया जाता है।

**शिक्षक विहीन है शाला**-माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा में पदस्थ प्रभारी अतिरिक्त शिक्षक सुधीर ठाकुर का कहना है कि यह विद्यालय शिक्षक विहीन विद्यालय है और मुझे अतिरिक्त प्रभार के रूप में विद्यालय मिला हुआ है यहां पूर्व में कोई शिक्षक नहीं हो पाने के कारण इसी वर्ष अतिथि शिक्षक की भी नियुक्ति की गई है। मुझे कई बार विद्यालय के आवश्यक कार्य से संकुल केंद्र जाना पड़ता है, कई आवश्यक ऑनलाइन कार्यों की वजह से मैं स्कूल के बाहर नेटवर्क ना मिलने के कारण भी लोगों को दिखाई देता हूं इसी वजह से शायद ग्रामीणों ने शिकायत की होगी हम फिर भी प्रयास करेंगे की स्कूल की हर व्यवस्था मध्यान भोजन वगैरह सभी बच्चों को सुचारू और सही ढंग से मिले और विद्यालय की हर गतिविधि ठीक ढंग से संचालित करें।

## सावन के पहले सोमवार मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** श्रावण मास के पहले सोमवार को सिहोरा खितौला के शिवालयों में जहां भक्तों ने भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया वहीं शिवमंदिर बाबाताल में सुबह से लेकर शाम तक हर हर महादेव ओम नमः शिवाय की गूंज होती रही तथा भक्तों का तांता लगा रहा। अनेक भक्तों ने उपवास रखकर घर घर में ही शिव शंकर का पूजन अर्चन किया। सिहोरा खितौला के आधा दर्जन से अधिक शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने जाकर दर्शन किए एंव अभिषेक किया। अति प्राचीन शिवमंदिर बाबाताल में ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में पहले सोमवार को सुबह पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया गया । जिसमें सभी वर्ग के महिला, पुरुषों, बच्चों, युवतियों आदि ने एकत्र होकर दर्जनों कोपरों में हजारो शिवलिंग का निर्माण कर पूर्ण विधी विधान से उनका अभिषेक पूजन अर्चन कर हिरन नदी मझंगवा घाट में विर्सजन किया । आयोजन को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक, जय प्रकाश दुबे, नंदकुमार परोहा, अध्यक्ष राकेश पाठक आदि का योगदान रहा।



## महाकाल को नर्मदा जल अर्पित करने पैदल यात्रा

**जबलपुर।** सवान के पावन माह में कालों के काल बाबा महाकाल को नर्मदा जल अर्पित करने संस्कारधानी के युवा पैदल महाकाल उज्जैन के लिए नर्मदा जल लेकर सोमवार को रवाना हुए। सोमवार को भारतीपुर सोनकर समाज के युवा देवेंद्र सोनकर, चिंटू विक्की सोनकर, गुल्लू दीपक सोनकर दीपू महाकाल उज्जैन नगरी में नर्मदा जी का जल लेकर जबलपुर से उज्जैन महाकाल की नगरी में अभिषेक करने के लिए समाज के सभी लोगों ने उनके उत्साहवर्धन करते हुए नगर सीमा के बाहर तक उनको रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर, किशोर सोनकर, सैंकी सोनकर, राकेश कांत सोनकर, सिद्धार्थ सोनकर, विकास सुशील मालवीय, इकबाल कुरैशी, संतोष पांडे आदि उपस्थित रहे।



## दो लाख के गांजे के साथ तस्कर पकड़ाया

### क्राईम ब्रांच और तिलवारा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

जबलपुर। क्राईम ब्रांच की टीम ने तिलवारा पुलिस के साथ संयुक्त रूप से दबिश देकर लम्हेटा घाट वायपास के पास से एक गांजा तस्कर को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से लाल रंग के ट्राली बैग से दस किलों 304 ग्राम गांजा कीमती दो लाख छह हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्राईम ब्रांच की टीम ने तिलवारा पुलिस के साथ बीती रात नागपुर-जबलपुर हाईवे पर पेट्रोलिंग के दौरान लम्हेटाघाट वायपास से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम विवेक उर्फ आलोक साहू पिता शिवकुमार साहू उम्र 28 वर्ष निवासी नर्मदा नगर गोहलपुर बताया। जिसके हाथ में लिये हुये लाल रंग के ट्राली बैग को खुलवाकर चैक करने पर उसमें टेप से लिपटे हुये 10 पैकेट पाये गयेए जिनमें गांजा था। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल दस किलों 304 ग्राम गांजा कीमती दो लाख छह हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांज के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।





## एक पौधा गौमाता के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** विद्यासागर सेवा आश्रम समिति गौशाला एवं दिव्योदय तीर्थ क्षेत्र सम्मेदगिरी गोसलपुर में कल एक पौधा गौमाता के नाम नामक एक विशेष पौधारोपण कायक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत पहल के तहत गौशाला परिसर में 101 फलदार पौधों का रोपण किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, गौमाता के प्रति सेवा और करुणा का भाव जागृत करना तथा जीवदया के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। ये सभी 101 फलदार पौधें अंकुर जैन की ओर से गौशाला को श्रद्धापूर्वक भेंट किए गए थे। इस अवसर पर अनिल जैन, आशीष जैन, अंकुर जैन, सुनील जैन, अमित जैन, संजय जैन आदि उपस्थित रहे।



## रामदुलारी नामदेव का निधन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा बाजार निवासी रामदुलारी नामदेव का सोमवार को निधन हो गया। आप प्रेम शंकर नामदेव, प्रदीप नामदेव और श्री राम नामदेव की माता हैं । उनका अंतिम संस्कार सोमवार को चौहानी शमशान घाट में सम्पन्न हुआ ।

## एक्टिवा की डिक्की से हजारों की नगदी और फाईल चोरी करने वाला पकड़ाया

### केण्ट पुलिस की कार्यवाही, 5 हजार की नगदी बरामद

**जबलपुर।** केण्ट थानातंर्गत कोबरा केंटीन के बाहर खड़ी एक्टिवा गाड़ी डिक्की खोलकर 28 हजार रुपये की नगदी व फाईल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच हजार सत्तर रुपये की नगदी व दो चाबियां बरामद की है। पुलिस ने बताया कि विगत एक जुलाई घमापुर बल्दीकोरी की दफाई निवासी 40 वर्षीय रंजीत गौड़ जो कि हर्ष मार्केटिंग केडबरी में सेल्समेन का काम करता है। सदर बाजार से सेल्समेन का काम करते हुये कोबरा केन्टीन सदर के गेट के पास अपने एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसजी 6744 को कोबरा केंटीन गया था। उसकी गाड़ी की डिक्की में 28 हजार रूपये एवं कम्पनी के उधार कस्टमर के बिल की फाईल रखी हुई थी। करीब दस मिनिट बाद जब रंजीत बाहर आया तो एक व्यक्ति उसकी एक्टिवा के पास डिग्गी बंद करते हुये दिखा। उसने आवाज लगाई तो उक्त व्यक्ति अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एम जी 3565 से भाग गया। उसने अपनी एक्टिवा की डिग्गी खोलकर देखा बैग में रखे पैसे एवं कस्टमर की बिल की फाईल




नहीं थी। उसे संदेह है कि उक्त एक्टिवा चालक द्वारा उसकी एक्टिवा की डिग्गी खोलकर गाड़ी में रखा बैग एवं फाईल चोरी कर ले गया। कम्पनी के काम से बाहर जाने के कारण तुरंत रिपोर्ट करने नहीं आया था। शिकायत पर पुलिसने प्रकरण दर्ज कर जवाहर विद्या मंदिर के पास घमापुर में दबिश देते हुये सीसीटीव्ही फुटेज में चिन्हित व्यक्ति को पकड़ा। जिसने पूछताछ पर अपना नाम प्रतीक सोनी उम्र 37 वर्ष निवासी महर्षि स्कूल के पास लमती विजय नगर बताते हुये घमापुर मे मौसी के घर पर रहना बताया। जिससे घटना के सम्बंध में पूछताछ करने पर एक्टीवा की डिक्की चाबी से खोलकर डिक्की में रखे रूपये चुराना स्वीकार करते हुये 5 हजार 70 रूपये पास में होना एवं शेष रूपये खर्च कर देना बताया। आरोपी की निशादेही पर चुराये हुये रूपयों में से बचे 5 हजार 70 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एम जी 3565 एवं 2 चाबी जप्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी प्रतीक सोनी एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके खिलाफ कोतवाली, ओमती व रांझी में पांच अपराधिक मामले दर्ज है।

## कट्टा-कारतूस लेकर घूम रहा था बदमाश

### तीन चाकूबाज भी चढ़े पुलिस के हत्थे




**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने तालाब के पास से एक बदमाश को देशी कट्टा और कारतूस लेकर घूमते समय दबोचा है। इसी प्रकार पाटन, सिविल लाईन व गढ़ा पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों से तीन चाकूबाजों को दबोचा है, जिनके पास से चाकू जप्त किये गये है। पुलिस ने उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की। अधारताल पुलिस ने आरोपी 19 वर्षीय नुरुद्दीन अंसारी उर्फ अज्जू पिता मोईनुद्दीन अंसारी को हिरासत में लेकर देशी कट्टा व एक कारतूस जप्त करते हुए आरोपी से अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है। पकड़े गये बदमाश अज्जू के खिलाफ मारपीट व झपट्टा मारकर मोबाईल लूटने के दो अपराध पंजीबद्व है। आरोपी युवक को देशी कट्टा एवं कारतूस के साथ पकड़ने में सहायक उप निरीक्षक रामसनेह शर्मा, प्रधान आरक्षक नीरज तिवारी, आरक्षक शशि प्रकाश, सुरजीत, दुर्गेश की सराहनीय भूमिका रही।

**पाटन, सिविल लानइ और गढ़ा में भी मामले दर्ज**-इसी प्रकार पाटन पुलिस ने ग्राम धनेटा में राहगीरों को चाकू चमकाकर डरा धमका रहे बदमाश सहसन धनेटा निवासी 19 वर्षीय आशीष अहिरवार को दबोचा। जिसके पास से एक बटनदार चाकू जप्त किया गया। सिविल लाईन पुलिस ने पुराने आरटीओं गेट के पास दबिश देकर घमापुर बरऊ मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय साहिल गाब्रकर को हिरासत में लिया, जिसके पास से भी एक चाकू पुलिस ने बरामद किया है। इसके अलावा गढ़ा पुलिस ने सूपाताल शैलपर्ण गॉर्डन में दबिश देकर शारदा चौक निवासी 26 वर्षीय सागर सिंह लोधी को हिरासत में लिया। जिसके पास से भी पुलिस ने एक चाकू जप्त किया है। पुलिस ने उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## दूसरे दिन भी वन विभाग करती रही तेंदुए की खोज, ग्रामीणों में दहशत

### बरगी क्षेत्र की घटना, वनकर्मी ने जताई वयस्क तेंदुआ होने की संभावना

**जबलपुर।** बरगी विधानसभा के ग्राम पारा में तेंदुए के मूवमेंट से दहशत फैल गई। खेतों में काम कर रहे किसान भागकर गांव चले गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने लोगों को घरों के अंदर रहने और जानवर दिखाई देने पर पुलिस को सूचित करने को कहा। मामले की जानकारी लगते ही वन विभाग द्वारा दूसरे दिन भी तेंदूए की खोज जारी रखी। इधर क्षेत्र में तेंदुए की दहशत से ग्रामीणों ने घर से निकलना बंद कर दिया है। जानकारी के मुताबिक गांव के रवि बर्मन ने सबसे पहले तेंदुए को देखा था। हालांकि वे इसे बाघ बता रहे थे, लेकिन पगमार्क देखकर वन अमले ने तेंदुआ होने की आशंका जताई है। रवि बर्मन खेत में खाद डालने जा रहे थे। वे झोपड़ी से आगे बढ़े ही थे कि उनकी नजर वहां बैठे वन्यप्राणी पर पड़ी। वे घबरा गए और उल्टे पैर भागे। गांव में पहुंचकर बताया कि खेत में बाघ बैठा है। कुछ ही देर में खेतों में





बाघ होने की खबर फैल गई। ग्रामीणों ने बरगी पुलिस और वन विभाग को सूचना दी।

**खेतों में पहुंच गए ग्रामीण**-खेतों में बाघ होने का हल्ला होने पर पुलिस और वनकर्मियों के साथ ग्रामीण खेतों में पहुंच गए। यहां गीली मिट्टी में वन्यप्राणी के पंजों के निशान दिखाई दिए। निशान देखकर वनकर्मियों ने बाघ होने से साफ इंकार कर दिया। हालांकि उन्होंने वयस्क तेंदुआ होने की आशंका जताई है। वनकर्मी कई घंटे गांव में ही रहे।ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में देखा गया वन्यप्राणी बाघ ही है। इतने बड़े पंजे के निशान बाघ के ही हो सकते हैं। वहीं बरगी वन परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर शिवेंद्र यादव का कहना है कि गांव के बाहर कई पगमार्क मिले हैं। पंजों का साइज बड़ा है, जिन्हें वन विभाग ने अपनी प्रक्रिया के तहत ट्रेस भी किया हैए लेकिन पंजों के यह निशान बाघ के नहीं हैं। यह वयस्क तेंदुआ हो सकता है। जिसकी उम्र 3 से 4 साल हो सकती है। यह तेंदुआ कद-काठी से बड़ा है, जिसका अंदाजा मौके पर मिले पगमार्क से लगाया जा सकता है।

**वन विभाग का दावा इस क्षेत्र में बाघ नहीं**-वन विभाग के अधिकारियों का दावा है कि बीते कई सालों से बरगी वन परिक्षेत्र के इस गांव के आसपास बाघ तो क्या तेंदुए का भी मूवमेंट नहीं हुआ है। हो सकता है कि सिवनी से लगे क्षेत्र में घूमते हुए कोई व्यस्क तेंदुआ यहां आ गया हो। वे कहते हैं कि ग्राम पारा के पास स्थित ग्राम चौरई में इतना घना जंगल नहीं है कि यहां पर बाघ या फिर तेंदुए का मूवमेंट हो। कई सालों से क्षेत्र में किसी भी जंगली जानवर के मूवमेंट की जानकारी संज्ञान में नहीं आई है, इसलिए अभी यह कह पाना बहुत कठिन है कि गांव के बाहर खेत में जिस तेंदुआ के पगमार्क मिले हैं, वह आखिर यहां तक कैसे आ गया।

# सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

## शिवशक्ति धाम में बने असंख्य पार्थिव शिवलिंग



उमरिया (स्वतंत्रमत)

मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. ये पूरा माह भगवान शिव को समर्पित होता है. इस पूरे माह भगवान शिव के भक्त शिव की आराधना करते हैं. सावन के पहले सोमवार 14 जुलाई को शिवमंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। उमरिया नगर में सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में शिव भक्त शिवजी का जलाभिषेक करते नजर आए. महिलाएं और पुरुष भगवान शिव का अभिषेक करने मंदिर पहुंचे. इस दौरान भक्तों ने ष्हर हर महादेवष् और ष्बोल बम के जयकारे लगाए। सावन के पहले सोमवार को नगर के सगरा मंदिर, मढीबाग, शिवशक्ति धाम सहित सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही जल चढ़ाने को लेकर काफी भीड़ रही। भगवान शिव के भक्त व्रत रखते हैं और सोमवार को भगवान शिव की विशेष पूजा करते हैं। सोमवार को भक्तों की भीड़ देखने लायक होती है. हर सोमवार को भक्त भगवान शिव को जल अर्पण करने के लिए मंदिरों में आते हैं। वही शिवशक्ति धाम में 3 दिवसीय चल रहे असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भक्तों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और फिर विशाल भंडारे का आयोजन दीपक छतवानी द्वारा किया गया।

# सेवा भारती उमरिया की पहल से लक्ष्मी यादव के जीवन में आई खुशियां...!

उमरिया (स्वतंत्रमत)

– ग्राम बांका निवासी श्रीमती लक्ष्मी यादव को प्रेग्नेंसी के दौरान 4.5 ग्राम हीमोग्लोबिन हो गया था जिन्हे शासकीय अस्पताल चंदिया से जिला अस्पताल उमरिया के लिए रेफर किया गया था लक्ष्मी यादव के पति श्री दिनेश यादव काफी परेशान थे कि मेरे पत्नी को ब्लड कहां से उपलब्ध होगा एवं जच्चा बच्चा कैसे सुरक्षित रहेगा इसी बीच उनको सूचना मिली कि कोई सेवा भारती नाम का संगठन है जो समाज मे आवश्यकता पड़ने पर ब्लड उपलब्ध कराता है और लोगों की मदद करता है उनका संपर्क सेवा भारती के सचिव अखिलेश त्रिपाठी जी से हुआ उन्होंने अपनी स्थिति बताई की मेरे श्रीमती जी का ब्लड 4.5ग्राम है और उनका सातवां माह चल रहा है। सेवा भारती के सचिव ने तुरंत जिला अस्पताल में डॉक्टरो से समन्वय बनाकर उनसे चर्चा की एवं अपने सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क किया की कैसे इनको ब्लड उपलब्ध हो जाए। इसी बीच यादवेंद्र दुबे ने एक यूनिट ब्लड दिया एक यूनिट ब्लड श्रीकांत द्विवेदी जी ने दिया एवं एक यूनिट ब्लड उनके परिवार जनों ने



दिया जिससे प्रीति यादव का ब्लड 8 ग्राम हो गया उसके उपरांत डॉक्टर ने उन्हें छुट्टी दे दी और वह अपने घर चली गई सेवा भारती के कार्यकर्ता लगातार उनसे संपर्क में थे कि उनका ब्लड किसी भी प्रकार से कम नहीं होने पाए नहीं तो डिलीवरी के दौरान उनको परेशानी होगी उनके पति को समझाया गया कि इस दौरान फल फूल और ऐसी चीज खाना है जिससे ब्लड मेंटेन रहे ब्लड कम नहीं हो। उनके पति का फोन पुनः 13 जुलाई को आया उन्होंने बताया कि भैया मैं बहुत परेशान हूं और जिला अस्पताल लेकर आया हूं मेरे पत्नी को डॉक्टर बाहर भेजने की बात कह रहे हैं सेवा भारती के सचिव जी ने सिविल सर्जन डॉक्टर के सी सोनी जी से एवं आर एम ओ डॉ संदीप जी से बात करके मरीज की सारी जानकारी दी एवं उनसे कहा की मरीज की कंडीशन को देखते हुए उनके इलाज की व्यवस्था करवाइए सर सिविल सर्जन डॉक्टर के सी सोनी जी ने तत्परता दिखाते हुए नर्सिंग स्टाफ एवं महिला डॉक्टर से चर्चा कर सकुशल उनके डिलीवरी करवाई और उनको दूसरे संतान पुत्र के रूप में प्राप्त हुई जिसे देखकर दिनेश यादव काफी खुश हुए और सेवा भारती का आभार जताया कि आप सब लोगों के कारण मेरी पत्नी और बच्चे सुरक्षित हैं मैं जिला अस्पताल और सेवा भारती के सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं कि आपने इस कठिन मुश्किल में मेरा साथ दिया। वही सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी ने बताया कि महिला की हालत थोड़ा क्रिटिकल थी जिसे पूरे स्टाफ ने प्रिकॉशन को ध्यान में देते हुए उनकी नॉर्मल डिलीवरी करवाई है और जच्चा बच्चा स्वस्थय है सेवा भारती समाज में ऐसे काम करती रहती है जहां भी लोगों को आवश्यकता होती है वहां सेवा भारती के कार्यकर्ता खड़े रहते हैं निश्चित है यह एक पुनीत कार्य है।

## प्रयासम फाउंडेशन द्वारा पौधों का प्रसाद स्वरूप वितरण

उमरिया (स्वतंत्रमत)

श्रावण माह के प्रथम सोमवार कांवड़ यात्रा के गंतव्य स्थल शिव धाम मदिर परिसर में प्रयासम फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण करने के इच्छुक कांवड़ियों एवम अन्य श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप पौधों का वितरण किया गया। चंदिया की अति विशिष्ट कथली नदी के उदगम स्थल से प्रारंभ होने वाली कांवड़ यात्रा का समापन कथली नदी के ही किनारे पर स्थित प्रसिद्ध शिव धाम मंदिर पर होता है। इस अवसर पर प्रसाद स्वरूप पौधों के वितरण का कार्य विगत कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिसमे नगर के प्रबुद्ध जागरूक जन पौधों को ले जाकर अपने आंगन अथवा अन्य उपयुक्त स्थान पर रोपण करते हैं।

## सीएमएचओ ने डायरिया से प्रभावित ग्राम मरदरी में आयोजित षिविर का अवलोकन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल द्वारा सोमवार 14 जुलाई को ग्राम में भ्रमण कर जांच शिविर आयोजित किया गया। षिविर में ग्रामीणों के उपचार में बुखार, पेट दर्द ,बदन दर्द एवं गर्भवती माताए शामिल रही ऐसे कुल 53 मरीज का उपचार किया गया एवं ज्योति सिंह 15 वर्ष ,आंचल सिंह 15 वर्ष ,ताजिया बाई 70 वर्ष ,निशा सिंह 17 वर्ष,सचिन सिंह 8 वर्ष को अतिरिक्त इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। सीएमएचओ द्वारा स्वयं उपचार एवं परामर्श सुविधा प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में स्वच्छ पानी एवं ताजा भोजन करें। शौचालय का उपयोग करने के उपरांत साबुन से हाथ धोएं एवं खाना बनाने से पूर्व भी हाथ को सफाई से धोए एवं मच्छरदानी लगाकर रात्रि में विश्राम करें। रात्रि अंधेरे में अति आवश्यक पड़ने पर ही घर से बाहर निकले एवं आने जाने हेतु टॉर्च एवं रोशनी का उपयोग करें। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सजक रहे एवं विषम परिस्थितियों में आशा कार्यकर्ता एएनएम से तत्काल संपर्क करें। शिविर में निशुल्क जांच एवं दवाइयां का वितरण भी किया गया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य अमले को निरंतर जांच एवं निगरानी करने के निर्देशित किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा घर–घर भ्रमण कर ग्रामीणों परामर्श प्रदान किया गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय–सीमा की बैठक संपन्न

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



उमरिया (स्वतंत्रमत)

सोमवार 14 जुलाई को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत अन अटेंडेंड नही रहे। समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनों तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही की जाए तथा उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

### बारिश के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि बरसात के बाद जो रास्ते ध्वस्त हो गए है , उन पर संबंधित विभाग त्वरित कार्यवाही करते हुए रास्ते की मरम्मत करके सुचारू रूप से प्रारंभ करवाएं जिससे आवागमन प्रभावित न हो। बारिश के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे तत्पर रहे। आपात स्थिति की सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करें।

### फायर सेफ्टी प्लान का पालन कराएं

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की बैठक में कहा कि पेट्रोल पंपो, अस्सालों, गैस गोदामों पर फायर सेप्टी प्लान को अप्रूव कराएं और जो पुराने है उनका परीक्षण कर लें। जिनके व्दारा फायर सेफ्टी प्लान के दिशा निर्देशों का पालन नही किया जा रहा है उनकी जांच करके उन पर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## ई–अटेंडेंस और एनपीएस के विरोध में 16 सूत्रीय मांगों को लेकर आजाद अध्यापक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय आव्हान पर उमरिया जिला शाखा ने रविवार 13 जुलाई को शिक्षक हितों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत अमर शहीद स्टेडियम में बैठक के साथ हुई, जिसके पश्चात जय स्तंभ चौक से रैली निकाली गई। रैली के दौरान शिक्षकों ने गगनभेदी नारों के साथ अपनी एकजुटता और मांगों को बुलंद किया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचकर समाप्त हुई, जहाँ शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।संघ की प्रमुख मांगों में ई–अटेंडेंस व्यवस्था का विरोध, राज्य एवं केंद्र के अन्य विभागीय कर्मचारियों की भांति पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आईएफएमएस पोर्टल पर दर्ज नियुक्ति तिथि की त्रुटियों का सुधार, तथा अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं का शीघ्र समाधान शामिल हैं।संघ ने यह स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अंतर्गत आयोजित किया गया है।संघ का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आगे की रणनीति प्रदेश स्तर पर तय की जाएगी।शिक्षकों ने यह संदेश दिया कि वे सिर्फ अपने अधिकारों के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के सम्मान और स्थायित्व के लिए आवाज उठा रहे हैं। इस अवसर पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला उमरिया के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष भट्ट, सोम प्रकाश शुक्ला सहित विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारियों और सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने समस्याओं को लेकर बनाई आंदोलन की रणनीति

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

खैरलांजी मुख्यालय में कांग्रेसियों ने 14 जून को बैठक आहुत कि गई, तहसील क्षेत्र में जनपद, स्वास्थ्य केंद्र, एरिकेशन विभाग, सोसायटी, विधुत विभाग एवं पुलिस थाना में जनता को हो रहीं परेशानी को लेकर चर्चा की गई और उन्होने कहा कि वर्तमान में कृषकों द्वारा धान रोपाई कार्य चालू है लेकिन सोसाइटी से खाद नहीं मिल पा रहा हैं, भारी बारिश के चलते बाढ़ आने से किसान की फसल नष्ट हो चुकी हैं उन्हें मुआवजा मिलना चाहिए। वहीं चर्चा के दौरान आगामी 18 जून को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी हैं। इस दौरान पूर्व जिलापंचायत सदस्य रामकुमार नगपुरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष



फेकनलाल डोहरे, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, योगेश सुलकिया, भरत शिवहरे, सुभाष क्षिरसागर सहित अन्य कांग्रेसी मौजदूर रहें। कांग्रेसियों ने कहा कि खैरलॉजी तहसील होने के बावजूद बिजली कटौती की समस्या बनी रहती है, क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से हितग्राही विभागीय कार्यों के लिए आते है, किन्तु बिजली गुल रहने के कारण उनका काम नहीं हो पाता। तहसील कार्यालय में बंटवारा और नामांकन का केश बढ़ती जा रहा है लगभग 2500 फाइल पेंडिंग पड़ी हुई है क्योंकि रिश्वत नहीं मिल पा रही है। कांग्रेसियों ने तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठाते हुए कहा कि यहा भ्रष्टाचार बड़ गया हैं। नहर विभाग को सैक्टर अनुसार 80,000 मेंटेनेंस के लिए पैसे आता है पर आज तक नहर विभाग द्वारा कोई भी मेंटेनेंस कार्य नहीं किया गया जिससे किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र में दो विधायक एवं जनप्रतिनिधि है विधायक अगर बैठक लेकर तहसील एवं जनपद अन्य सभी विभाग की समस्या को लेकर बैठक ले और फाइल मंगवाई तो समस्या ही नहीं रहेगी, इन सभी समस्याओं को लेकर आगामी 18 जून को खैरलाँजी मुख्यालय में उग्र आंदोलन की चेनावनी दी हैं।

# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, दो गए जेल

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में सरकारी विभागों में नौकरी के नाम पर ठगी का पुलिस ने खुलासा किया है. हालांकि अभी तक इस पूरे जालसाजी कांड में ठगों ने कितने लोगों को चूना लगाया है, फिलहाल इसकी जांच की जा रही है. लेकिन मुरैना निवासी रामकुमार गुर्जर की शिकायत पर की गई कार्रवाई में अब तक दो लोग गिरफ्तार हो चुके हैं. लक्ष्मीनाराण सहारे को आरोपी बनाया है जिनसे पूछताछ जारी है. सुमित पर आरोप है कि उसने वनविभाग में नौकरी दिलाने के नाम रामकुमार गुर्जर से करीब 1 लाख 90 हजार रूपये ऐंठ लिए हैं. बदले में फर्जी नियुक्ति पत्र, वनविभाग की वर्दी और अन्य जरूरी चीजे प्रदान की हैं. लेकिन आज तक उसे नौकरी नहीं



मिली. लिहाजा उसने भरवेली पुलिस से बीते दिनों इस पूरे प्रकरण की शिकायत की. जिस पर अब पुलिस ने जांच प्रारंभ करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है. इस पूरे जालसाजी कांड में और भी कई लोगों के शामिल होने की सूचना है. पुलिस इसके लिए अलग–अलग राज्यों में टीमें भेजकर आरोपियों की तलाश कर रही है. इस मामले में शिकायतकर्ता रामकुमार के अलावा और भी कई लोगों को नौकरी के नाम चूना लगाया गया है. पुलिस की मानें तो जालसाजी के इस गिरोह में शामिल लोगों के द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए पहचान पत्र, नियुक्ति पत्र और अन्य जरूरी कागज तैयार कर बेरोजगारों को अपने जाल में फंसाया जाता है. इसके बाद उनसे एक निश्चित राशि लेकर गुमराह किया जाता है. सुमित की निशानदेही पर बालाघाट के प्रतिष्ठित फोटों कॉपी संचालक लक्ष्मीनाराण सहारे को भी पुलिस ने दूसरा आरोपी बनाया है. इन पर आरोप हैं कि सुमित जैसे ठगों के कहने पर इन्होनें कुछ जाली दस्तावेज बनाने में मदद की है, फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

## बिजली समस्या को लेकर किसानों का चक्का जाम, पुलिस ने किया बल का प्रयोग



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** बिजली की समस्या को लेकर कुम्हारी गांव के किसानों ने आज बालाघाट नैनपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। जिसके चलते मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया और दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। ऐसे में पुलिस द्वारा हल्के बल का प्रयोग किया गया। जिसके चलते तनाव का माहौल बन गया। कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा आकर भीड़ पर लाठीचार्ज करने को पूर्व सांसद और ग्रामीणों ने गलत ठहराया। जानकारी अनुसार, कुम्हारी गांव में 100 वोल्ट का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जो आए दिन खराब हो जाता था जिससे इस गांव में बिजली की समस्या कई दिनों से बनी हुई थी आज भी विभाग द्वारा फिर से 100 वोल्ट का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा था जिसके विरोध में आज ग्रामीणों ने बालाघाट नैनपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया था ग्रामीणों का कहना है कि हर बार की तरह इस बार फिर जल्दी ही यह ट्रांसफार्मर खराब हो जाएगा और समस्या जस की तस बनी रहेगी। ऐसे में 200 वोल्ट का ट्रांसफार्मर लगाया जाए। वही ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार विभाग को बतलाने के बाद भी इस समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा था जिसके चलते आज ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया।

# किसानों की मांग पर कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट घेराव

## खाद की कमी और आपदा की मार झेल रहा किसान, तालाबों का कार्य जल्द कराये: विवेक पटेल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

वारासिवनी क्षेत्र के किसानों ने विधायक विवेक पटेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। किसानों की मांग थी कि क्षेत्र में सहकारी समितियों से प्रर्याप्त मात्रा में उर्वरक नहीं मिला रहा हैं और पिछली मुस्लाधार बारिश के कारण तालाबों के फुटने से खेत बर्बाद हो गई हैं, जिसका मुआवजा चाहिए। वहीं इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार सहित कांग्रेस कार्यक्रता मौजूद रहें। इस दौरान शांति पूर्व तरिके से विधायक व किसानों ने कलेक्टर मृणाल मिणा के समक्ष अपनी समस्याएं रखी, जिसमें किसानों को आश्वासन दिया हैं कि पर्याप्त मात्रा में उर्वरक सेवा सहकारी समितियों में हैं, जो किसानों को वितरण किया जायेगा और बारिश की वजह से तालाब फुट गए हैं उसकी मरम्मत






का भी कार्य किया जायेगा। जानकारी अनुसार, वारासिवनी क्षेत्र के बकेरा, बासी, उमरवाड़ा, लालपुर सहित दर्जन से अधिक गांव के सैकड़ो किसान कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सोसायटी में पिछले एक माह से उर्वरक नहीं हैं, जिसकी आपूर्ती किसानों को नहीं हो रहीं हैं। किसानों को पर्याप्त खाद्द नहीं मिलता हैं अब किसान धान का रोपा लगा रहा हैं और उस रोपा लगाते वक्त खाद्द नहीं मिल रहा हैं, वहीं किसानों को एक एकड़ में एक बोरी ही मिल रहीं हैं ऐसे में फसल की पैदावार कैसे होगीं। वहीं पिछली बारिश में वर्षो पुराने तालाब फुट गए जिससे खेती व फसल नष्ट हो गई। किसानों ने कहा कि हमे खाद और फसल नुकसानी पर मुआवजा नही मिला, तो क्षेत्र के किसान आंदोलन भी करेगें। वारासिवनी–खैरलांजी के विधायक विवेक पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा हमेशा कहा जाता हैं, कि खेती को लाभ का धंधा बनाया जाएगा, और उन्होने कहा था कि 2022 में किसानों की आज दुगुनी होंगी आय तो दुगुनी नहीं हुई पर लागत जरूर दुगुनी हो गई हैं। वहीं नकली उर्वरक एवं बीज खुले आम बाजारों में बिक रहा हैं, जिस कारण किसानों के फसल उत्पादन में निरंतर गिरावट आ रही हैं। क्षेत्र की सहकारी समितियों में डी.ए.पी. एवं एन.पी.के. खाद उपलब्ध नही हैं, जबकि किसानों द्वारा रोपाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैं। प्रशासन द्वारा तत्काल सहकारी समितियों में रासायनिक खाद एवं उर्वरकों की आपूर्ति की जाए। विधायक विवेक पटेल ने आगे कहा कि सरकारी आंकड़ो के मुताबिक 09 जुलाई की स्थिति में 858 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड में दर्ज की गई जिसने अतिवृष्टि के रूप में संपूर्ण रिकार्ड तोड़ दिए इस अतिवृष्टि से किसानों द्वारा खेतों मे लगाई गई रोपा, जल प्लावन के कारण बह गई। जिसका तत्काल हल्का पटवारी, कृषि विभाग एवं पंचायत विभाग की संयुक्त टीम बनाकर सर्वे किया। उन्होने आगे कहा कि अतिवृष्टि के कारण क्षेत्र के बड़े एवं प्राचीन तालाबों की पार, कई सड़के एवं छोटे पुल–पुलिया टूट गई, जिससे बाढ़ जैसे हालात निर्मित हुए किसानों के रोपे बह गए एवं मछुवारों द्वारा तालाबों में मत्स्य पालन हेतु डाले गई मछली के बीज बह गए, साथ ही कई मकान गिर गए एवं कुछ जनहानि भी हुई इन सभी का शासन द्वारा तत्काल सर्वे कराकर आम–जन को मुआवजा प्रदान किया जाए, एवं टूटे हुए तालाब, सड़क, पुल–पुलिया की तत्काल मरम्मत कर निर्माण किया जाए, साथ ही जिनके मकान बारिश के कारण टूटकर गिर गए उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभप्रदान किया जाए। उपसंचालक कृषि फुल सिंह मालवीय ने बताया गया कि दो दिन पूर्व ही जिले में 1475 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक की एक रेक बालाघाट पहुंचा है और यह उर्वरक सहकारी समितियों में पहुंचा दिया गया है। अगले 4–5 दिनों में 1250 मीट्रिक टन उर्वरक का रेक लेकर एक मालगाड़ी बालाघाट पहुंचने वाली है।

## वैश्य महासम्मेलन की बैठक 17 को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सिवनी में संपन्न हुई विगत बैठक एवं प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के निर्देशानुसार मंडला जिला कार्यकारिणी की जिला बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी की उपस्थिति में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने हैं। आगामी कार्यक्रमों की योजना को मूर्तरूप देकर कार्ययोजना भी तैयार की जानी है। जिसमें जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के सभी प्रमुख पदाधिकारी महिला प्रमुख, सहप्रमुख, युवा प्रमुख एवं सह प्रमुख, एवं प्रत्येक तहसील अध्यक्ष अपने दो-तीन मुख्य पदाधिकारी एवं आजीवन सदस्यों के साथ उपस्थिति अतिआवश्यक है। संभागीय अध्यक्ष अशोक गोयल, संभागीय महामंत्री रंजीत कछवाहा, जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल, जिला अध्यक्ष नितिन राय, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती अनिता गोयल, जिला युवा अध्यक्ष सोमिल रावत, मंडला तहसील अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने सदस्यों से उपस्थित होने अपील की है। 17 जुलाई दिन गुरुवार को दोपहर 2 से 4 बजे तक होटल उत्सव कटरा रोड मंडला में बैठक का आयोजन होगा।

## बूथ लेवल ऑफिसर्स का प्रशिक्षण

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल ऑफिसर्स को प्रशिक्षित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विधानसभा क्षेत्र 106-निवास (अजजा) के मतदान केन्द्र क्रमांक 147 से 180 तक कुल 34 बीएलओ के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय निवास में, मतदान केन्द्र क्रमांक 254 से 291 तक कुल 38 बीएलओ के लिए जनपद सभाकक्ष, मोहगांव तथा 107-मण्डला (अजजा) के मतदान केन्द्र क्रमांक 213 से 253 तक कुल 41 बीएलओ के लिए रानी दुर्गावती शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला के ऑडीटोरियम में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के कुल 113 बीएलओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## विद्युत ट्रांसफार्मर से दुर्घटना

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत मोहगांव अर्तगत ग्राम पंचायत देवगांव जो धार्मिक स्थल माना जाता है बता दें कि मंडला डिंडौरी सड़क मार्ग पर स्थित ग्राम देवगांव संगम तिराहा पर विधुत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जो दुर्घटना को आंमत्रण दे रहा है सड़क निर्माण कार्य से सड़क की ऊंचाई अधिक हो जाने से विद्युत ट्रांसफार्मर सड़क से कुछ ही ऊंचाई पर हो गया है जिससे खतरा बना हुआ है ऐसा ही बारिश का मौसम चल रहा है इस विद्युत ट्रांसफार्मर से कब घटना घटित हो जाये हनुमान मंदिर के गेट से विधुत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है शाम सुबह भक्त गण पूजा पाठ करने आतें है वही सबसे ज्यादा बच्चों का खतरा है क्योंकि सड़क से चंद ऊंचाई पर विधुत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है।

## राशन दुकानों में हो रही चोरी

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड मोहगांव में राशन दुकानों से गेंहू चांवल चोरी करने बाला गैंग सक्रिय बताया जा रहा है। तीन-चार माह के अंदर अब तक विकासखंड मोहगांव की 3 से 4 राशन दुकानों से लगभग 150 क्विंटल से ज्यादा राशन चोरी हो चुका हैं और अभी तक चोर पुलिस की पकड से बाहर बताए जा रहे हैं। बीते दिनों ग्राम चुभावल की राशन दुकान पर चोरों ने बोला था धाबा-ग्रामीणों की सतर्कता से राशन दुकान से खाली हाथ लौंटे पिकअप वाहन लेकर चुभावल दुकान पर चोरी करने पंहुचे थे चोर ग्रामीणों को आते देख राशन दुकान से गाडी लेकर भाग गए।

## टीम ने सुरक्षित कराया प्रसव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** रेसीडेंट मेडीकल ऑफिसर डॉ. प्रवीण उइके ने बताया कि जिला अस्पताल की टीम ने सोमवार की सुबह 6 बजे ग्राम कटिया भिलाई जिला सिवनी की निवासी पूजा यादव पति सीताराम यादव को जिला अस्पताल मंडला लाया गया। उन्होंने बताया कि एक बच्चे की सुरक्षित डिलेवरी भिलाई घंसौर में हो गई थी, चूंकि जुड़वा बच्चे थे तथा दूसरे बच्चे के साथ मेडीकल कॉमप्लीकेशन होने के कारण घंसौर में प्रसव संभव नहीं होने पर केस को हायर सेंटर के लिए रिफर किया गया था जिला चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मालती उईके ने प्रसूता की जांच के उपरांत केस की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उक्त महिला को ऑपरेशन के लिये लिया। चूंकि हेन्ड प्रोलेप्स था बच्चे तथा मां की जान को खतरा था इसलिए मेडीकल टीम ने पूरी सावधानी के साथ सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। सुरक्षित प्रसव के बाद जच्चा एवं बच्चा दोनों पूर्णत: सुरक्षित हैं।

# मरम्मत में भ्रष्टाचार का मरहमः कटरा बायपास से लेकर चिल्फी घाटी तक चल रहे निर्माण में अधिकारियों की बल्ले-बल्ले

मण्डला(स्वतंत्रमत)

इन दिनों मंडला कटरा बायपास से चिल्फी घाटी तक सड़क सुधारीकरण का काम किया जा रहा है। इस काम को व्हीमेक्स कम्पनी कर रही है जिसने कंसलटेंसी में आर मेंच कम्पनी को रखा हुआ है। दोनो कम्पनियों के कर्मचारी की देखरेख में सड़क में मरम्मत करा रहे हैं। जिनके पास केवल आसपास के मजदूर हैं न तो इनका कोई प्लांट है और न ही कोई लेब सब कुछ किराया भाड़ा का लेकर जैसे तैसे सड़क की मरम्मत कराकर बिल बाऊचर तैयार करा रहे हैं। लोगों ने बताया कि इतना घटिया काम हो रहा है कि यह काम कुछ माह ही टिक पायेंगा। सरकारी पैसे की अंधाधुंध तरीके से बर्वादी की जा रही है। वहीं एनएचआई के अधिकारी भी मौंके में दिखाई नही दे रहे हैं। कम्पनी और कंसलटेंसी कम्पनी और एनएचआई के अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया मरम्मतीकरण के साथ केवल खानापूर्ति की जा रही है। कम्पनी के द्वारा करोड़ो रूपए का ठेका सुधारीकरण में लिया गया है लेकिन सड़क सुधार के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है। जिसकी वानिगी बीते दिनों अंजनिया क्षेत्र के पास देखी गई यहां पर मुख्य सड़क पर गड्ढे को भरने के लिए सीमेंट गिट्टी का मसाला डाला





जा रहा था जो कि एक दो दिन में ही धराशाही हो गया पूरी सड़क में पेंच रिपेयर के साथ मरम्मत के काम किए जाने है। ठेका कम्पनी को दिसंबर तक का ठेका मिला है। कर्मचारियों ने बताया कि एक साल के मरम्मत का ठेका मिला है जो दिसंबर में पूरा होगा। दिसंबर आने में पांच का समय बचा है और सड़क की हालत बद से बत्तर होते जा रही है जो गौंर करने वाली बात है अगर इस सड़क में करोड़ो रूपए मरम्मत पर खर्च किए गए तो फिर सड़क का सुधार क्यों नही हो पाया। राष्ट्रीय राजमार्ग में पड़ने वाले गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि मरम्मत के नाम पर ट्राली दो ट्राली मुर्रम मिट्टी या सीमेंट का मसाला डाला जा रहा है और कुछ लेंबरो के द्वारा झाड़ी आदि काटी जाती है जबकि सड़क के साथ साईड सोल्डर के हालात भी ठीक नही हैं। कागजी खानापूर्ति और जैसे तैसे समय काटा जा रहा है। वहीं सूत्रों का कहना है कि सबकुछ कागजों में चलाकर लंबा हिसाब किताब किया जा चुका है। कटरा बायपास से लेकर चिल्पी घाटी तक की सड़क में आए दिन दुर्घाटनाए हो रही है मार्ग के अनेक स्थानों में जरा ही बारिश ने पानी भर जाता है। वहीं संकेत बोर्ड भी गायब हैं। कभी सड़क में पेंच रिपेयर तो कभी झाड़ी कटाई तो कभी साफ सफाई पुलों की मरम्मत आदि के नाम पर टेंडर लगाकर घपलेबाजी का क्रम दिखाई देता है। जिससे लोगों में नाराजगी है। एनएच 30 मंडला से चिल्फी घाटी तक अनेक स्थानों पर सड़क जर्जर हो गई है। रोड फर्नीचर भी अनेक स्थानों से नदारत हैं। जरूरत के अनेक स्थानों पर साईन बोर्ड भी नहीं लगाए गए हैं। इन सब कारणों से हाइवे पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। अनेक निर्दोष क्षेत्रीय नागरिक और मूक पशुओं की असमय ही मौत हो चुकी है। अनेक विकलांग हो चुके हैं। अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ऐसे में मंडला से चिल्फी तक का टोल प्लाजा चाऊटोला में रोज वाहनों से लाखों रूपये वसूला जाना एक तरह की लूट ही है। लिहाजा मंडला से चिल्फी तक रोड मेंटेनेंस करवाएं और मेंटेनेंस कार्य पूर्ण होने तक चाऊटोला टोल प्लाजा पर वाहनों से वसूली बंद रखी जाए। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के रख रखाव मरम्मत में संबंधित विभाग लापरवाही बरत रहा है। विदित हैं कि नेशनल हाइवे 12 मध्य भारत के दो बड़े नगर जबलपुर और रायपुर को जोड़ता है। जिले के लिए इस सड़क मार्ग का महत्व इसलिए है क्योकि यह मार्ग व्यापारिक, चिकित्सा व अन्य कई सुविधाओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भौगोलिक दृष्टि से इस मार्ग का 50 प्रतिशत से ज्यादा भाग जिले में ही आता है और लोकसभा क्षेत्र में ही इसका कार्यपूर्ण नहीं हो पा रहा है। जबलपुर क्षेत्र में तो इस सड़क का निर्माण कार्य बहुत तेजी से हुआ और वहां पर कुछ महीनो में ही कार्य पूर्ण हो गया पर इसके विपरीत लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक हिस्सों में मार्ग की स्थिति बहुत ही खराब है और इसका सुधारीकरण कार्य बहुत धीमी रफ्तार से हो रहा है। यह मार्ग कई पहाड़ी क्षेत्रो से भी गुजरता है यहाँ बारिश में भूस्खलन का खतरा भी बढ़ जाता है। व्यापारिक दृष्टि से यह मार्ग बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह जिला मुख्यालय को जबलपुर संभाग से जोड़ता है और जिले का ज्यादातर व्यापार इसी मार्ग से होता है। छोटे व मध्यम दर्जे के व्यापारों पर इसका खासा असर पड़ा है। मार्ग की खराब हालत के चलते ज्यादातर कंपनी के सप्प्लायर्स जिला मुख्यालय तक आने में कतराते है जिस कारण व्यापार पर खासा असर पड़ा है। इस मार्ग पर बड़ी मशीनरी व वाहनों का परिवहन करना भी एक बड़ी चुनौती है। यह मार्ग एक हेवी व्हीकल ट्रांसपोटेशन मार्ग है। इस मार्ग से ज्यादातर हेवी मशीनरी, प्रेट्रोलियम पदार्थ, गैसों व कई अन्य जरूरी सामाग्रियो का भी ट्रांसपोटेशन होता है। इन मशीनो व जरूरी सामाग्रियो को इस मार्ग से ट्रांसपोर्ट करना बहुत चुनौती भरा होता है व इसमें काफी समय लगता है। साथ ही साथ इस मार्ग पर बड़ा नुकसान होने की संभावनाये लगातार बनी रहती है। वहीं मंडला रायपुर मार्ग के अंजनिया, बिछिया, सिझौरा क्षेत्र में हर दिन कोई न कोई दुर्घटना होने की जानकारी भी सामने आ जाती है। डायवर्सन के साथ एप्रोच मार्ग के निर्माण में लापरवाही बरती गई है वहीं ब्रिजों के निर्माण में भी तकनीकी खामियां दिखाई देती हैं। जिसके चलते आए दिन हादसें हो रहे हैं। दूसरी तरफ सड़क में हर तरफ गड्ढे ही गड्ढे दिखाई देते हैं जिसके चलते भी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# नशा मुक्त अभियान पर बैठक सम्पन्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)

नशा मुक्त भारत अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में नशे के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नशा मुक्त भारत का संदेश फैलाने, संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करने और जन जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और इनसे बचाना है, बल्कि इस अभियान को नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन का रूप देना है। ताकि



नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके अंतर्गत क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं के सौ मीटर के दायरे में तम्बाकू एवं अन्य उत्पादों का विक्रय नहीं हो इसके लिए औचक निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इस अभियान के तहत गतिविधियों के संचालन के लिए जारी कैलेण्डर के अनुसार सभी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के अंतर्गत आगामी 15 दिनों में की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बिंदुवार जानकारी दी। इस क्रम में मंगलवार को सुबह 9:30 बजे पुलिस लाइन से स्टेडियम तक रैली आयोजित की जा रही है इसमें सभी सामाजिक संगठन स्कूली छात्र-छात्राएँ, विद्यार्थी, एनएसएस, स्काउट गाइड, नेहरु युवा केंद्र, जनप्रतिनिधि और मीडिया संस्थान के प्रतिनिधि इस रैली में जरूर पहुँचें। जिला स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान की बैठक में उपसंचालक सामाजिक न्याय रोहित बड़कुल द्वारा अभियान के अंतर्गत आबकारी और पुलिस विभाग की कार्रवाई के अंतर्गत तैयार किए गए प्रकरण एवं ज़ब्त की गई अवैध मदिरा की जानकारी दी गई।

# युवा उन्नयन कार्यशाला सम्पन्न सौंपा दायित्व

मण्डला(स्वतंत्रमत)

नशा मुक्त भारत अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में नशे के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नशा मुक्त भारत का संदेश फैलाने, संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करने और जन जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और इनसे बचाना है, बल्कि इस अभियान को नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन का रूप देना है। ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। कलेक्टर ने सभी



राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके अंतर्गत क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं के सौ मीटर के दायरे में तम्बाकू एवं अन्य उत्पादों का विक्रय नहीं हो इसके लिए औचक निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इस अभियान के तहत गतिविधियों के संचालन के लिए जारी कैलेण्डर के अनुसार सभी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के अंतर्गत आगामी 15 दिनों में की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बिंदुवार जानकारी दी। इस क्रम में मंगलवार को सुबह 9:30 बजे पुलिस लाइन से स्टेडियम तक रैली आयोजित की जा रही है इसमें सभी सामाजिक संगठन स्कूली छात्र-छात्राएँ, विद्यार्थी, एनएसएस, स्काउट गाइड, नेहरु युवा केंद्र, जनप्रतिनिधि और मीडिया संस्थान के प्रतिनिधि इस रैली में जरूर पहुँचें।

## वन विभाग ने चीतल का किया रेस्क्यू



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के ग्राम मोहनिया पटपरा में दो घरों के बीच फंसे एक चीतल को ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल वन परिक्षेत्र मंडला की रेस्क्यू टीम द्वारा सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया। चीतल अत्यंत संकरी जगह में फंसा हुआ था और घबराया हुआ दिखाई दे रहा था। वन विभाग की सतर्कता और दक्षता से उसे बिना किसी गंभीर चोट के बाहर निकाल लिया गया रेस्क्यू के उपरांत चीतल को प्राथमिक उपचार हेतु तत्काल जिला पशु चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ पशु चिकित्सकों द्वारा उसका संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज किया गया। इलाज उपरांत जब वह पूर्णत: स्वस्थ पाया गया तब वन विभाग की देखरेख में उसे प्राकृतिक आवास सुरक्षित जंगल में पुन: छोड़ दिया गया। यह अभियान वन्यजीव संरक्षण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता और सतर्कता का प्रतीक है। रेस्क्यू टीम, पशु चिकित्सकों और समस्त संबंधित अधिकारियों का यह सराहनीय प्रयास प्रशंसा के योग्य है, जिन्होंने समय पर कार्रवाई कर एक निर्दोष वन्य प्राणी का जीवन बचाया।

# नैनपुर से इंदौर पेंचवेली एक्सप्रेस की शुरुआत

### हरी झंडी दिखाकर सांसद और मंत्री ने किया रवाना

### नैनपुर में जल्द मिलेगी अन्य ट्रेनों की सौगात





नैनपुर

रेलवे के विस्तार की एक और सौगात नैनपुर अंचल को पेंचवेळी एक्सप्रेष ट्रेन के रूप में मिली। कल नैनपुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को रवाना किया गया। इसकी शुरुआत के साथ ही अब नैनपुर मण्डला अंचल के रहवासियों को भोपाल और इंदौर तक का सीधा सफर तय करने में सुविधा मिल जाएगी। यात्रीगाडी संख्या 19344 नैनपुर से इंदौर तक का सफर पेंचवेळी एक्सप्रेष के रूप में करेगी। इसके



शुभारंभ अवसर पर मण्डला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके और बालाघाट संसाद श्रीमती भारती पारधी ने इसे हरी झंडी दिखाकर नैनपुर स्टेशन से रवाना किया। इस अवसर पर दपूमरे के नागपुर डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृषणा पंजवानी मंच पर आसीन थे। अपने उद्बोधन में बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अंचल में रेलवे के विस्तार के प्रति रेल मंत्री और प्रधान मंत्री का आभार जताया । श्रीमती सम्पतिया उईके ने आने वाले समय मे अन्य ट्रेनों के नैनपुर मण्डला तक विस्तार के अलावा नैनपुर में रेल समपार में ओव्हर ब्रिज जल्द स्वीकृत करने की मांग रखी। इस दौरान आयोजन के अतिथि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने आने वाले समय में नैनपुर मण्डला रेलवे स्टेशनों में सुविधाओं के विस्तार के साथ अन्य यात्रीगाडीयो के विस्तार की बात कही। आपने आने वाले समय मे रीवा से पुणे और जबलपुर से रायपुर ट्रेन के शुरू होने का भी संकेत दिया। डीआरएम श्री गुप्ता ने नैनपुर रेल्वे जंक्शन के आने वाले समय मे होने वाले विस्तार और सुविधाओं को बताया। नैनपुर से इंदौर पेंचवेळी एक्सप्रेष की शुभारंभ अवसर पर नैनपुर में जनमानस भारी संख्या मर मौजूद था। जिनका उत्साह भी द्विगुणित था। साथ ही रेलवे के सभी विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों सहित आम लोग भी ब?ी तादाद में उपस्थित थे। पेंचवेली एक्सप्रेष में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और श्रीमती भारती पारधी ने नैनपुर से सिवनी तक का सफर किया।

# फोटो वीडियोग्राफी वर्कशॉप आयोजित

मण्डला(स्वतंत्र मत)

फोटोग्राफर एसोशिएशन के तत्वाधान में स्थानीय स्तर पर एक दिवसीय फोटो वीडियोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में जिले भर से आए लगभग 70 फोटोग्राफरों ने भाग लेकर आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की वर्कशॉप में विशेष रूप से आमंत्रित प्रशिक्षक एसपी सिंह अंश स्टूडियो दिल्ली एवं सन्नी सर डॉट मेट्स स्टूडियो ने प्रतिभागियों को फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की आधुनिक विधियों से अवगत कराया। उन्होंने आधारित



ऑटोमैटिक एल्बम डिजाइनिंग और वीडियो मिक्सिंग सॉफ्टवेयर के प्रयोग से मिनटों में बेहतर गुणवत्ता वाला काम कैसे किया जा सकता है इस पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक एसपी सिंह ने फोटोग्राफरों को कार्यक्षमता बढ़ाने, कस्टमर सर्विस सुधारने, फास्ट एवं स्मार्ट वर्किंग तथा सोशल मीडिया के प्रोफेशनल उपयोग को लेकर प्रेरित किया। कार्यक्रम के आयोजन में नरसिंहपुर से आए रमेश नेमा नेहा फोटो स्टूडियो ने विशेष भूमिका निभाई। वर्कशॉप के दौरान फोटोग्राफर एसोशिएशन के करीब 20 सदस्यों ने एल्बम डिजाइन सॉफ्टवेयर को समझा और किफायती दरों पर खरीदा भी एसोशिएशन की ओर से सभी प्रतिभागियों के लिए चाय एवं भोजन की व्यवस्था की गई। एसोशिएशन के अध्यक्ष दीपक जाट ने प्रशिक्षकों सहित सभी फोटोग्राफरों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन नियमित रूप से करते रहने की बात कही।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर जिला-मण्डला (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद नैनपुर, जिला मंडला (म.प्र.) फ़ोन नंबर 07646-240106,
ईमेल आईडी-gmonanpur@mpurtan, gov in

एनआईटी संख्या 1069/पीडब्ल्यूडी/एनपी/2025 नैनपुर, दिनांक. 14/07/2025

## द्वितीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आर्मंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं Emd | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_425249_2 दिनांक 14-07-2025 | वार्ड क्र. 14 में टेन्चिग ग्राउंड में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट निर्माण | 03 Month 46.23,251 | 5000/- 34700/- | 2.09.2025 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नैनपुर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नैनपुर**

संपादकीय

# धर्माचार्यों की भूमिका

कुछ दिन पहले, पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक मंच सजा था, जिससे वक्फ संशोधन कानून को कूड़ेदान में फेंकने और 'शरिया लाओ' की हुंकारें भरी गई थीं। एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया गया था। वह वैचारिक कम और राजनीतिक आयोजन अधिक था। उसके बाद उसी मैदान में भगवान परशुराम के जन्म-महोत्सव की आड़ में एक और मंच सजा- 'सनातन महाकुंभ।' इस पूरे कार्यक्रम के आयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे थे। यदि इस मंच से सनातन धर्म पर कुछ उपदेश दिए जाते, विचार रखे जाते और सनातनियों के लिए संदेश दिए जाते, तो आयोजन को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक माना जा सकता था। जगद्गुरु रामभद्राचार्य मुख्य अध्यक्ष थे और बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री मुख्य आकर्षण थे। हालांकि बाबा ने स्पष्ट कहा कि वह राजनीति के लिए नहीं, रामनीति के लिए आए हैं। जब भारत 'हिंदू राष्ट्र' बनेगा, तो बिहार पहला हिंदू-राज्य होगा। बाबा ने आह्वान किया कि 'बिहार के पागलो! यह गांठ बांध लो कि हमें 'गजवा-ए-हिंद' के स्थान पर 'भगवा-ए-हिंद' देश बनाना है। हम सब हिंदू एक हैं। हिंदुओं को जातियों में मत बांटो।' बाबा ने फिर यह साफ किया कि जिस-जिस पार्टी में हिंदू हैं, हम उन सभी पार्टियों के साथ हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद बाबा पदयात्रा करेंगे। क्या बाबा बागेश्वर के कथनों और आह्वानों से स्पष्ट नहीं होता कि वह किस पार्टी के प्रचार के लिए आए थे? क्या धर्मगुरु का काम धर्म के नाम पर वोट मांगना ही रह गया है? जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने भी लालू यादव का नाम लिए बिना ही 'चारा घोटाले' का उल्लेख किया। उन्हें भारत सरकार ने इसी वर्ष 'पद्मविभूषण' से अलंकृत किया है। उन्हें 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार भी मिला है। कथावाचकों को भी 'पद्म' सम्मान मिलने लगा है, किसी ने यह टिप्पणी की होगी, तो जगद्गुरु ने पलटवार किया- 'कमोवेश हम पशुओं का चारा नहीं खाते।' रामभद्राचार्य ने भविष्यवाणी-सी की है कि इस बार राष्ट्र विरोधियों, हिंदू-विरोधियों और राम-विरोधियों को सत्ता नहीं दी जाएगी। सत्ता उन्हें ही मिलेगी, जो हिंदुओं के लिए संघर्ष करेंगे, क्रांति करेंगे। रामभद्राचार्य ने लगभग हुंकार के अंदाज में यह भी कहा-'जो सनातन को बांटना चाहेगा, वह स्वयं बंट जाएगा। जो काटना चाहेगा, वह स्वयं कट जाएगा। जो सनातन को मिटाना चाहेगा, वह स्वयं मिट जाएगा। हम राष्ट्र विरोधियों का दमन करेंगे।' जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने 'जातीय गणना' का भी विरोध किया। क्या ये शब्द उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान सरीखे समानार्थी नहीं हैं? जगद्गुरु विचारोत्तेजक लगे, आक्रोशित लगे। रामभद्राचार्य और धीरेंद्र शास्त्री के वक्तव्य राजनीतिक बिंदुओं के इर्द-गिर्द केंद्रित रहे। क्या धर्माचार्यों की भूमिका भी बिल्कुल राजनीतिक हो गई है? दोनों साधु-संत भाजपा के प्रमुख प्रचारक की भूमिका में प्रतीत हुए। लिहाजा स्पष्ट लगता है कि चुनाव हिंदू-मुसलमान ध्रुवीकरण के आधार पर लड़े जाएंगे। आयोजन में अनेक साधु-संत उपस्थित थे। मुस्लिम राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खां और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भी मंच पर मौजूद थे। किसी भी वक्ता ने बिहार की गरीबी, अनपढ़ता, पिछड़ेपन, पलायन आदि बुनियादी समस्याओं पर एक भी शब्द नहीं बोला। बिहार में जो 'जंगलराज' 20 साल पहले था, कमोवेश वह आज भी मौजूद है। इसी साल अभी तक 116 कत्ल किए जा चुके हैं। बलात्कार, डकैती, फिरौती आदि अपराधों को तो भूल ही जाएं। तब मुख्यमंत्री लालू यादव या राबड़ी देवी होते थे, बीते 20 साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। सरेआम हत्याएं आज क्यों हो रही हैं? साधु-संतों के सरोकार सामाजिक भी होते हैं। यदि उन्होंने ऐसे मुद्दे भी छुए होते, तो विचार व्यापक लगते।

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दापाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-



विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के ज़रिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती।

नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

# धर्मांतरण का षड्यंत्र



आदित्य कुमार चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

धर्म परिवर्तन से समाज, संस्कृति, लोगों का आचरण, आचार, विचार, व्यवहार और सभ्यता सब कुछ बदल जाते हैं। पुरानी सभ्यताएं लुप्त हो जाती हैं और नई सभ्यता आ जाती है। किसी भी व्यक्ति का किसी धर्म को मानना या न मानना उसका अपना व्यक्तिगत फैसला होता है। आप को भी जो धर्म सही लगता है आप उसका पालन करें। भारत में सभी को अपनी इच्छानुसार धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अध्याय-3 में कहा है कि स्वधर्म भले ही कमजोर क्यों न हो, दूसरों का धर्म अपनाने से बेहतर है। इसका अर्थ यह है कि जैसे एक पेड़ अपनी जमीन में ही सबसे अच्छा फल देता है, वैसे ही इंसान अपने मूल धर्म में ही सच्ची शांति और आत्म संतोष पा सकता है। भारत में धर्म परिवर्तन की साजिशें आज भी जारी हैं। इस्लामी जेहादियों द्वारा बड़े पैमाने पर कराए जा रहे धर्म परिवर्तन की भयावहता पर उत्तर प्रदेश में छांगुर बाबा यानि जमालुद्दीन की गिरफ्तारी के बाद जनमानस सोचने को विवश है कि हिन्दुओं के देश में यह क्या हो रहा है। वैसे तो देश में धर्मांतरण कोई नई बात नहीं। मुगलों के आने के साथ ही तलवारों के दम पर धर्मांतरण का षड्यंत्र शुरू हो गया था।

आज जो पीढ़ियां हमें दिखाई देती हैं, वे उसी धर्मांतरण का परिणाम है। धर्मांतरण की साजिशों में जेहादियों को वर्ष 2047 तक गजवा-ए-हिन्द का सपना दिखाई देता है और जेहादियों का इरादा भारत कोइस्लामी राष्ट्र बनाना है। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर के मधपुर में छांगुर बाबा की करोड़ों की आलीशान कोठी मलबे में तब्दील हो चुकी है। अब वहां गर्दा और गुब्बार है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और उत्तर प्रदेश पुलिस का एक्शन सराहनीय है। क्योंकि धर्म परिवर्तन की साजिशों को विफल बनाना जरूरी है। अब प्याज के छिलकों की तरह परत-दर-परत छांगुर बाबा की सच्चाई सामने आ रही है कि किस तरह जमालुद्दीन को तीन वर्षों में 500 करोड़ की विदेशी फंडिंग हुई। 200 करोड़ के लेन-देन की पुष्टि हो चुकी है। जबकि 300 करोड़ का लेन-देन नेपाल के माध्यम से हुआ। एक पूरा गैंग अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने में लगा हुआ था। हिन्दू धर्म की मान्यताओं को पाखंड बताकर और प्रलोभन देकर हिन्दुओं को मुस्लिम बनाया जा रहा था। अलग-अलग धर्मों की लड़कियों को मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए अलग-अलग रेट भी तय कर रखे थे।



वैसे, इसके पहले तक इश्क, मोहब्बत का नाम देकर और इसे नितांत निजी मामला मानकर समाज, पीड़ित परिवार और बेटियों को उनके भरोसे ही छोड़ देता आ रहा था लेकिन पहली बार देश के आम लोगों ने जाना कि यह षड्यंत्र कितना गहरा और भयानक है। इसे आज नहीं समझा गया तो यह आग उनके घरों तक भी पहुंचेगी और जो मुगल नहीं कर पाए, वह भविष्य में संभव हो सकता है। आज ही कश्मीर, केरल, असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, पूर्वोत्तर के राज्यों की जनसांख्यिकी में बदलाव आ चुका है। कई राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हो चुके हैं और इसका असर सरकार के निर्णयों, समाज के व्यवहार और देश विरोधी घटनाओं से देखा जा सकता है। लव जेहाद को लेकर अब गम्भीरता से सोचने की जरूरत है। अब इसकी सच्चाई भी सामने आ चुकी है। इस्लामी जेहादी ही नहीं ईसाई मिशनरियां भी कई राज्यों में धर्म परिवर्तन कराने में लगी हुई हैं। कुछ वर्ष पहले केरल की लड़कियां सामने आई थीं और उन्होंने इस बात का पर्दाफाश किया था कि किस तरह धोखे से उनका धर्म परिवर्तन कराया गया। केरल की पढ़ी-लिखी युवतियां और युवक दुर्दांत आतंकवादी संगठन आईएसआईएस में भर्ती होने के लिए सीरिया तक पहुंच गए थे। जहां उनका जीवन नरक बन गया था। हैरानी की बात तो यह है कि छांगुर बाबा के षड्यंत्र में हिन्दू से मुस्लिम बनी युवतियां भी संलिप्त हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पिछले वर्ष 2021 के मूल धर्मांतरण विरोधी कानून में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए इसके प्रावधानों को और अधिक कठोर बना दिया है और आलोचकों का कहना है कि इसका दुरुपयोग भी हो सकता है। 2017 से कई भाजपा शासित राज्यों ने विवाह, छल, जबरदस्ती या प्रलोभन के माध्यम से धर्मांतरण को प्रतिबंधित करने के लिए धर्मांतरण विरोधी कानून बनाए या संशोधित किए हैं। ये उपाय स्पष्ट रूप से लव जिहाद का मुकाबला करने के उद्देश्य से हैं-एक सिद्धांत, जिसे मुख्य रूप से हिंदुत्व समूहों द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो आरोप लगाता है कि अंतर-धार्मिक विवाह संभावित जबरन धर्मांतरण के स्थल हैं।

देश के 12 राज्यों में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू है। इस कानून की वजह से ही छांगुर बाबा के करोड़ों के साम्राज्य पर बुलडोजर चला। पंजाब और अन्य राज्यों से भी धर्मांतरण का खेल चल रहा है। अब समय आ गया है कि देश के हिन्दू और सिख देश विरोधी साजिशों से सतर्क रहें। परिवारों को धर्म और संस्कृति से जोड़ना और बच्चों में अच्छे संस्कार धार्मिक और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना समाज की जिम्मेदारी है। समाज ऐसे लोगों तक अपनी पहुंच बनाए जो आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के लिए धर्म परिवर्तन करने को ललायित हो सकते हैं। धर्माचार्यों को भी समाज में अपनी बड़ी भूमिका निभानी होगी।

# दूध वाले का लोकतंत्र

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

व्यंग्य

गांव में एक दूधवाला था – नाम था लोकतंत्र यादव। जी हाँ, नाम सुनकर भ्रमित मत होइए। न वह संसद जाता था, न किसी गठबंधन में शामिल होता था, पर पूरे गांव की राजनीति उसी के घर से शुरू होकर वहीं समाप्त होती थी। उसके दरवाजे पर हर सुबह दूध लेने की कतार ऐसी लगती थी जैसे मंत्रिमंडल बनने से पहले समर्थन की लाइन। भैया, मलाई वाला देना! कोई चिल्लाता, भैया, आज तो पानी थोड़ा कम मिलाना! कोई हाथ जोड़ता। लोकतंत्र यादव मुस्कुरा कर कहता, सबको बराबर मलाई मिलेगी, पर मलाई मेरी नीयत में नहीं, नीतियों में है। और ये बात सुनकर लोग इतने अभिभूत हो जाते थे जैसे उन्होंने गाँधीजी का अंतिम भाषण सुन लिया हो।

लोकतंत्र यादव का एक सपना था – गांव में 'दूध सिद्धांत दल' बनाना। उनका मानना था कि राजनीति को अगर कुछ बचा सकता है तो वह है भैंस की सच्चाई। उन्होंने एक पार्टी बनाई – 'सफेद क्रांति मोर्चा'। एजेंडा बड़ा सीधा था – हर आदमी को एक गिलास दूध, एक किलो गोबर, और दो झूठे वादे मुफ्त। गांव के सारे बुद्धिजीवी इस विचार से प्रभावित हुए। मास्टर हरिदेव बोले, अरे, ये तो दूध के नेहरू निकले! और पंडित गदाधर ने तो अपनी पुरानी धोती तक पार्टी को दान कर दी – बोले, अब समय है, जब गोबर को सरकार में स्थान मिले। पर लोकतंत्र यादव को जल्द ही समझ आ गया कि सिद्धांत से राजनीति चलाना वैसा ही है जैसे बिन चाय के बिस्कुट बेचना। गांव के नेता पहले सिद्धांतों की शपथ लेते, फिर हर बार दही में पानी मिलाते। एक दिन एक नौजवान कार्यकर्ता बोला, नेता जी, सिद्धांत तो ठीक हैं पर मलाई कैसे मिलेगी? लोकतंत्र यादव ने गंभीर होकर उत्तर दिया, बेटा, मलाई मांगोगे तो दही जमाना पड़ेगा, और दही के लिए दूध चाहिए, और दूध के लिए भैंस – और भैंस तो अब संसद में है!

एक दिन गांव में नई सरकार बनी – 'स्वच्छ दुहाई दल'। नारा था – दूध में मिलावट नहीं, पर सपनों में छूट रहेगी। मुख्यमंत्री बन बैठे – टकले ताऊ। उनकी पहली घोषणा थी – अब से कोई भी दूधवाला सुबह 4 बजे से पहले दूध नहीं दुहेगा। जनता को ताजगी चाहिए! इस पर लोकतंत्र यादव बोले – सर, ताजगी हम लाते हैं, सरकार सिर्फ बिल देती है। पर टकले ताऊ ने फरमान जारी कर दिया। दूध देर से आने लगा, बच्चों के टिफिन में चाय की जगह पानी और शक्कर घुलने लगे।

गांव के लोगों ने विद्रोह किया। वे 'भैंस बचाओ मोर्चा' लेकर पंचायत पहुंच गए। नारों की गूंज थी – मलाई हमारी, नीतियाँ तुम्हारी क्यों? और भैंस तेरी, दूध हमारा! लोकतंत्र यादव को जनता ने फिर से नेता घोषित कर दिया। लेकिन इस बार वे बोले – अब राजनीति नहीं, अब मैं सिर्फ भैंस चराऊँगा। लोगों ने पैर पकड़ लिए – नेता जी, एक बार फिर मलाई दिलवा दो। लोकतंत्र यादव ने एक लंबी साँस ली – जिस देश में सिद्धांत मलाई से भारी हो जाए, वहां दूध भी आँसू बन जाता है। कुछ दिनों बाद गांव में 'त्यागी दल' बना। घोषणा हुई – हम पद नहीं लेंगे। हम सेवक बनेंगे। गांव के अखबार 'गोधन टाइम्स' ने ब्रेकिंग न्यूज़ चलाई – त्यागियों की क्रांति- अब नेता नहीं, दुहैया सेवक बनेंगे। सब जनता खुश। पर शाम होते-होते त्यागियों में झगड़ा शुरू हो गया – सेवक कौन बनेगा? रामधनी बोले – मैं दूध उबालूँगा। हरिनाथ गरजे – मैं मलाई निकालूँगा! चंद्रकांत भड़क उठे – सब मलाई तू ही लेगा? और फिर पतीले हवा में उड़ने लगे। दूध, सिद्धांत और सपने सब बह गए – भैंस गुमसुम खड़ी रही। अब गांव में एक स्मारक है – 'दूध सिद्धांत शहीद स्थल'। वहां लिखा है – यहाँ लोकतंत्र यादव ने आखिरी बार सिद्धांत दुहे थे। लोग आते हैं, फूल चढ़ाते हैं, बच्चे पूछते हैं – पापा, ये सिद्धांत किस जानवर का नाम है? और पापा आह भरते हैं – बेटा, ये एक ऐसी भैंस थी जो कभी लोकतंत्र में दूध देती थी। अब तो वह सरकारी गोशाला में भर्ती है, और उसकी नज़रें हमेशा रास्ता ताकती रहती हैं – शायद कोई फिर से आदर्शवाद की घास लेकर आए।

# सड़कों पर गड्ढे नहीं होंगे तो कितनों की तो रोजी-रोटी खत्म हो जाएगी...




गड्ढों की खबरें पूरे मीडिया में छाई हुई हैं हर शहर के सड़कों के गड्ढों की वीडियो ,फोटो अखबारों और न्यूज़ चैनलों की सुर्खियां बन रही है पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर और सीधी के सांसद के बयान भी मीडिया में प्रमुखता पा रहे हैं। लोगों की शिकायत है कि सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं और कोई देखने वाला नहीं है इधर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह जी का कहना है कि भाई सड़क रहेगी तो गड्ढे तो होंगे ऐसी कोई सड़क बता दो जिसमें गड्ढे ना होते हों,वैसे एक हिसाब से उनकी बात है तो सही क्योंकि सड़कों के ये गड्ढे कई लोगों की रोजी रोटी का साधन हैं। सड़कों पर गड्ढे नहीं होंगे तो ये लोग रोजी रोटी से मुंहताज हो जायेंगे । मसलन गड्ढे नहीं होंगे, सड़कें सपाट बनी रहेगी तो ठेकेदार का क्या होगा? और जब ठेकेदार को काम नहीं मिलेगा तो फिर अफसरों को कमीशन कैसे मिल पाएगा? जब अफसर कमीशन नहीं पाएगा तो वो ऊपर माल कैसे पंहुचा पाएगा ताकि उसको मलाईदार पोस्टिंग मिल सके, सड़क पर गड्ढे नहीं रहेंगे तो गिट्टी वाले, रेत वाले, सीमेंट वाले ये तमाम लोग बेरोजगार हो जाएंगे, इनका तो धंधा ही ठप हो जाएगा ये तो बारिश का इंतजार करते ही रहते हैं कि कब बारिश आए और सड़कों पर गड्ढे हो जाएं और उन्हें फिर से भरने का ठेका मिल जाए। सड़कों पर गड्ढे होते हैं तो कार में चलने वाला बारिश का पानी उड़ाता हुआ चलता है जो टू व्हीलर पर चलने वालों पर पड़ता है जब वो गंदा पानी उसके कपड़ों पर पड़ता है तो फिर वो शर्ट पैंट धोबी को देना पड़ता है तो उसका भी धंधा चलता है, धोबी से धुल के आता है तो प्रेस करवाना पड़ता है तो प्रेस करने वाले की रोटी चल जाती है। सड़कों की गिट्टियां निकल जाती हैं तो वे वाहनों को पंचर कर देती है और जब टायर पंचर होता है तो पंचर बनाने वाले को भी चार पैसे की आमदनी हो जाती है, बड़े-बड़े गड्ढे में जब पानी भर जाता है तो छोटे-छोटे बच्चों को उसमें नाव चलाने का भी मौका मिलता है यानी ये गड्ढे बच्चों का मनोरंजन करने में भी बहुत योगदान देते हैं । यदि कोई गड्ढों में गिर जाता है तो लोग उसे उठाने दौड़ पड़ते हैं इससे ये भी पता लगता है कि अभी इंसानियत जिंदा है । हजारों लाखों लोगों को अपने ऊपर से गुजारने वाली सड़कें अगर गड्ढों में तब्दील नहीं होगी तो क्या होगा? बड़े-बड़े ट्रक, ट्राले, बसें, कारे सड़कों से निकल रहीं हैं टू व्हीलर अलग से उसकी खटिया खड़ी करें पड़े हैं अब ऐसे में बेचारी सड़कों पर में गड्ढे नहीं होंगे तो क्या होगा? इसलिए अपना तो मानना है कि सड़कों पर गड्ढा होना लाजमी है क्योंकि ये अनेक लोगों के रोजगार के बहुत बड़े साधन हैं । सरकार तो रोजगार दे नहीं रही कम से कम ये गड्ढे ही लोगों को रोजगार दे रहे हैं ये कोई कम पुण्य का काम है। अपना मानना तो ये भी है कि सड़कों में होने वाले गड्ढों की शिकायत करने की बजाय इन गड्ढों की पूजा अर्चना करते रहना चाहिए और जोर-जोर से एक ही नारा लगाना चाहिए जय हो गड्ढा देव, जय हो गड्ढा देव

## कैलाश जी की पीड़ा

अभी तक तो अपन ये मानते थे कि मध्य प्रदेश के मंत्री इंदौर निवासी कैलाश विजयवर्गीय बहुत ही ताकतवर नेता है उनके एक इशारे पर पूरा प्रशासन घटना टेक हो जाता है । लंबे अरसे से राजनीति में है कई बड़ी-बड़ी पोस्टों पर भी रह चुके हैं लेकिन अब पता लगा कि अफसर शाही के सामने वे भी घुटने टेक चुके हैं उनकी पीड़ा पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के सामने ही बिलबिलाकर निकल पड़ी। कैलाश जी ने 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प ले लिया लेकिन वन विभाग ने उन्हें अभी तक केवल 7 लाख पौधे हैं इसलिए विजयवर्गीय जी ने मुख्यमंत्री के सामने कहा कि आप अपनी विदेश यात्रा के पहले वन विभाग को आदेश कर दो कि वो हमें पौधे दे दें। अरे हुजूर पहले पता तो लगा लेते कि वन विभाग के पास भी इतने पौधे हैं कि नहीं आपने तो संकल्प ले लिया कि हम 51 लाख पौधे लगाएंगे लेकिन विभाग के पास भी तो पौधे हो तब तो वह आपको देंगे विभाग के पास जब पौधे नहीं होंगे तो आप मुख्यमंत्री से कह दो या प्रधानमंत्री से तो वे भी कहां से दिलवा देंगे । इस वक्त पौधे लगाने का मौसम क्या आया है जो देखा वही पौधे लगाने की बात कर रहा है । जबलपुर में भी महापौर ने घोषणा कर दिए कि वे एक दिन में 11 लाख पौधे लगा देंगे लेकिन एक बात जरूर समझ में आ गई आप मंत्री रहो विधायक रहो सांसद रहो अफसरों के सामने आपकी कोई हैसियत नहीं वरना कैलाश विजयवर्गीय जैसे बड़े नेता को अपना दुख इस तरह से सार्वजनिक रूप से नहीं दिखाना पड़ता अभी पता चला है कि वन विभाग ने एक प्रेस नोट जारी करके कह दिया है कि हमारे पास पौधे हैं जिसको लेना है पेमेंट करे और पौधे ले ले अब देखना होगा कि कैलाश जी अपनी जेब से कितने पौधे लगाते हैं।

## हम तो 45 साल के हो गए थे

गुजरात में एक पुल क्या गिर गया हाय तौबा मच गई । किसी ने प्रशासन को दोष दे दिया कि किसी ने शासन को। पुल बेचारा करें तो क्या करें हजारों लोगों को इस पार से उस पार रोज करवाता था । बोझ बढ़ता जा रहा था, नसें कमजोर हो रही थी, मसल्स की कसावट में कमी आ गई थी, हड्डियां भी कमजोर हो रही थी तो गिरना तय था । जबसे कोरोना आया है तब से इंसान पच्चीस और तीस साल की उम्र में भगवान को प्यारे हो रहे हैं तो वो पुल तो 45 बरस का हो गया था यानी बुजुर्ग हो चला था ऐसे में अगर उसको भी अटैक आ गया और बेचारा गिर पड़ा तो उसमें उसका क्या दोष? नीचे बहती हुई नदी को देखकर उसका भी मन होता होगा कि जैसे लोग नदी में नहाते हैं, उछल कूद करते हैं कभी वह भी ऐसा ही नदी में नहा ले और बस एक दिन जब उसकी इच्छा बहुत तीव्र हो गई तो धम्म से नदी में कूद पड़ा । वैसे भी पुल तो है पुल पुल का एतबार क्या कीजे, ये हम पहले भी कई बार बता चुके हैं और अब भी बता देते हैं

## सुपरहिट ऑफ़ द वीक

देखो पप्पू इस बार भी अगर तुम परीक्षा में फेल हो गए तो मुझे पापा मत कहना श्रीमान जी ने अपने बेटे से कहा

कुछ दिन बाद जब पप्पू का रिजल्ट आया तो श्रीमान जी ने पूछा तुम्हारा रिजल्ट क्या रहा पप्पू , दिमाग मत खराब करो मिस्टर आप अपने बाप होने का हक खो चुके हो श्रीमान जी के बेटे ने उत्तर दिया।

# पृथ्वी के घूमने की रफ्तार तेज होने को वैज्ञानिकों ने किया कंफर्म, अगले 20 दिनों में दो तारीख अहम

वॉशिंगटन

धरती की अपनी धुरी पर घूमने की रफ्तार बढ़ रही है। धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा दिन का समय कम होने के तौर पर सामने आया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अब इसकी पुष्टि हो गई है कि आने वाले समय में हमें 24 घंटे से कम के दिन देखने को मिलेंगे। वैज्ञानिकों ने इसी महीने 22 जुलाई और 5 अगस्त को दिन 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा होने की बात कही है। हालांकि दिन की घटी हुई अवधि को सिर्फ कुछ खास उपकरणों से ही मापा जा सकेगा।

पृथ्वी के घूमने को लेकर सामान्य समझ रही है कि पृथ्वी 24 घंटे में सूर्य का चक्कर लगाती है। यह एक दिन की अवधि होती है। यह समय यानी एक दिन 24 घंटे का होता है। रिसर्च कहती है कि यह अवधि हमेशा स्थिर नहीं होती। चंद्रमा और सूर्य की स्थिति समय के साथ इसमें बदलाव ला सकती है। यहां तक कि भूकंप और दूसरी भूगर्भीय घटनाएं भी पृथ्वी की घूर्णन गति को बदल सकती हैं। इसका दिन के समय पर असर होता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि दिन के समय में बदलाव कोई ऐसी घटना नहीं है, जो कभी ना देखी गई हो। दिन हमेशा से 24 घंटे के नहीं रहे हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि 1 से 2 अरब साल पहले पृथ्वी पर एक दिन सिर्फ



19 घंटे का होता था। उस समय चंद्रमा पृथ्वी के काफी करीब था और उसका गुरुत्वाकर्षण बल ज्यादा था। इस दूरी ने पृथ्वी के घूर्णन को धीमा किया, जिससे दिन लंबे होते गए और 24 घंटे के चक्र तक पहुंच गए।

लाखों वर्षों तक 24 घंटे का दिन रहने के बाद हाल के सालों में चीजें बदल गई हैं। पांच साल पहले 2020 में वैज्ञानिकों ने पाया किया कि पृथ्वी अपने इतिहास के किसी भी अन्य समय की तुलना में तेजी से घूम रही है। जुलाई 2024 में वैज्ञानिकों ने पहली बार 24 घंटे से 1.66 मिलीसेकंड कम का दिन दर्ज किया। इस वर्ष भी वैज्ञानिक कुछ दिन 24 घंटे से कम का होने की बात कह रहे हैं।

एक दिन के समय से 1 से 2 मिलीसेकंड कम होना इंसानी जिंदगी के लिए कोई मायने नहीं रखता है। इसका आम जनजीवन पर किसी तरह का फर्क देखने को नहीं मिलेगा। यहां तक कि हमारी आम घड़ियां इस फर्क को नहीं दिखा पाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये छोटा सा बदलाव भी सैटेलाइट सिस्टम, जीपीएस और समय ट्रैक करने के तरीके पर असर डालेगा।

दिन के समय में बदलाव से इंटरनेशनल अर्थ रोटेशन एंड रेफरेंस सिस्टम्स सर्विस जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को परमाणु घड़ियों को समायोजित करना पड़ता है। इनमें लीप सेकंड को जोड़ना या घटाना पड़ता है ताकि आधिकारिक समय ग्रह के वास्तविक घूर्णन के साथ तालमेल बिठाया जा सके। आम जीवन इससे अप्रभावित बना रहता है।

# पाकिस्तान की नाक के नीचे ग्रीस की नौसेना संग इंडियन नेवी का अभ्यास

एथेंस

ग्रीस की नौसेना (हेलेनिक नेवी) के फ्रिगेट पीएसएआरए और भारतीय नेवी के फ्रिगेट तरकश (एफ-50) ने मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास किया है। 10 जुलाई को अरब सागर में किए गए इस अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध मजबूत करना है। भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान ने अभ्यास की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसकी जानकारी दी है। दूसरी ओर इसे भारत की ओर से तुर्की-पाकिस्तान गठजोड़ को जवाब देने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। तुर्की ने पाकिस्तान के साथ मिलकर जल क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश की है। ऐसे में भारत ही सहयोगी देशों के साथ अभ्यास



करते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

ग्रीक टाइम्स के मुताबिक, भारत के साथ अभ्यास उनकी नौसेना की अंतरराष्ट्रीय जल में लगातार मौजूदगी का हिस्सा है। इससे दोनों देशों के बीच सामरिक रिश्ते और मजबूत होंगे। हालिया वर्षों में पूर्वी भूमध्य सागर, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक में भूराजनीतिक बदलावों के कारण ग्रीस-भारत का रिश्ता और महत्वपूर्ण हो गया है।

ग्रीस और भारत के इस साझा अभ्यास के दौरान नौसेना संचार के साथ उन्नत युद्धाभ्यास किए गए। इससे दोनों नौसेनाओं की संचालन क्षमता का परीक्षण हुआ। ऐसे अभ्यासों का लक्ष्य वास्तविक परिस्थितियों में सामरिक सहयोग को बढ़ाना है। साथ ही कमान और नियंत्रण प्रक्रियाओं की आपसी समझ को बढ़ाना है।

भारत और ग्रीस का यह पीएएसएसईएक्स (पासिंग अभ्यास) है। पीएएसएसईएक्स मित्र देशों की नौसेनाओं के जहाज आसपास होने पर किया जाता है। भारत और ग्रीस के बीच संबंधों में 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रीस यात्रा के बाद बेहतरी आई है। इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य संबंधों को मजबूत किया है।

भारत ने पाकिस्तान के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष के बाद ग्रीस, साइप्रस और इजरायल के साथ एक नई धुरी विकसित करने की कोशिश की है। यह पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान के गठजोड़ को जवाबी कार्रवाई की तरह भी है। ग्रीस को भारत एक अहम भागीदार मानता है। ऐसे में हालिया समय में दोनों देशों के रक्षा संबंध बेहतर हुए हैं।


## सीरिया में बन सकते हैं रूसी सैन्य अड्डे

मॉस्को, (वार्ता)। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई वर्शिनिन ने सोमवार को कहा कि सीरिया में देश के सैन्य ठिकानों को बनाने को लेकर दोनों देश संपर्क में हैं। श्री वर्शिनिन ने कहा,"मैं पुष्टि कर सकता हूँ कि सभी मामलों पर दमिश्क के साथ हमारे संपर्क बने हुए हैं। हमारे सीरियाई लोगों के साथ लंबे समय से पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। मैं सीरियाई लोगों के साथ पर जोर देता हूं क्योंकि इस मामले में शासन के बारे में बात करने की कोई जरूरत नहीं है। हम रूस के, दमिश्क के हितों और क्षेत्रीय स्थिरता को ध्यान में रखते हुए समाधान खोजने के लिए ये संपर्क बनाए हुए हैं"पूर्व रूसी उप विदेश मंत्री मिखाइल बोगदानोव ने कहा कि विदेश मंत्रालय रूसी सैन्य अड्डे बनाने के मामले में सीरिया से बातचीत कर रहा है और उन्हें उम्मीद है कि इसे लेकर समझौता हो जाएगा। अहमद अल-शरा के नेतृत्व में सीरिया के सशस्त्र विपक्ष ने बीते साल आठ दिसंबर को दमिश्क पर कब्जा कर लिया था।

# चीन के नेताओं के साथ बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में 'सकारात्मक प्रगति' की उम्मीद : एस. जयशंकर

बीजिंग/नई दिल्ली (वार्ता)

विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को यहां बीजिंग में चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की और विश्वास व्यक्त किया कि चीन के नेताओं के साथ उनकी बातचीत से दोनों देशों के बीच संबंधों में 'सकारात्मक प्रगति' होगी। डॉ. जयशंकर ने उपराष्ट्रपति हान के साथ बैठक के दौरान अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर में कज़ान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद से भारत-चीन संबंधों में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा,मुझे विश्वास है कि इस यात्रा में चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत-चीन संबंधों के सामान्य बने रहने से दोनों देशों को फायदा होगा।



डा. जयशंकर ने कहा कि 'अत्यंत जटिल अंतर्राष्ट्रीय स्थिति' को देखते हुए दोनों देशों के पड़ोसी और बड़ी अर्थव्यवस्था होने के मद्देनजर भारत और चीन के बीच विचारों तथा दृष्टिकोणों का खुला आदान-प्रदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस यात्रा के दौरान उनकी बातचीत इसी के अनुरूप रहेगी।

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75 वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होने की भारत में व्यापक रूप से सराहना की जा रही है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा कोविड-19 महामारी और उसके बाद भारत-चीन के बीच तनाव के कारण पांच वर्ष के बाद इस वर्ष फिर से शुरू हुई है।

डा. जयशंकर तियानजिन में एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक में भाग लेने के साथ-साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद डॉ. जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी पिछले महीने एससीओ सुरक्षा परिषद सचिवों की 20वीं बैठक में भाग लेने चीन आए थे। श्री डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ भी बातचीत की और सभी तरह के आतंकवाद से निपटने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने क्षेत्र में समग्र शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री डोभाल ने चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात की थी।

# कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटें: योगी

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा को सुगम और सुचारु बनाये रखने के साथ यात्रा में विघ्न डालने वालों के साथ कड़ाई से पेश आने के निर्देश दिये हैं। योगी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाए। उन्होंने खुफिया तंत्र को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए , जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिये प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की व्यवस्था करने को कहा।



## बिहार में मताधिकार छीनने की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे : कांग्रेस

नयी दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि बिहार में भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के मताधिकार छीनने साजिश कर रही है लेकिन इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा और बिहार की जनता इसका करारा जवाब देगी। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज यहां कहा,बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं पर भाजपा की थोपी वोटबंदी की मार, लोकतंत्र पर तालाबंदी के साथ ही घर-घर से अवैध वसूली का जरिया है। मतदाता पुनरीक्षण की आड़ में चल रहा ये फर्जीवाड़ा, मताधिकार छीनने की साजिश और उगाही का धंधा बन गया है। उन्होंने कहा कि घर-घर वोटरों की जाँच से लेकर दस्तावेजों की जानकारी तक और फार्म पहुंचाने से लेकर जमा दिखाए जा रहे भरे हुए फार्म की रिसीविंग तक सब फर्जी है।भाजपा के डबल इंजन में वोट देने का संवैधानिक अधिकार भी नीलाम हो रहा है लोगों के मताधिकार को भी उगाही के बदले बेचा जा रहा है।

# रोजगार के मुद्दे पर बिहार को बरबाद करने के लिए नीतीश कुमार को पांच साल और चाहिए: प्रशांत

पटना, (वार्ता)

जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार को रोजगार और राज्य में सुरक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर घेरते हुए आज कहा कि रोजगार के मुद्दे पर बिहार को बरबाद करने के लिए श्री कुमार को पांच साल और चाहिए।



बिहार के मधेपुरा में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अगले पांच साल में एक करोड़ रोजगार देने के वादे पर तंज कसा और कहा कि पिछले 20 साल से उनकी सरकार क्या कर रही थी? उन्होंने कहा कि अब रोजगार के मुद्दे पर बिहार को बरबाद करने के लिए श्री कुमार को पांच साल और चाहिए।

प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के अपने 17 महीने के कार्यकाल में पांच लाख रोजगार देने के दावे पर किये गए एक सवाल के जवाब में श्री किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव रोजगार प्राप्त करने वाले के नाम और नम्बर जारी करना चाहिए ताकि जनता को सच्चाई का पता चले। प्रशांत किशोर ने बिहार में कानून व्यवस्था के सवाल पर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने जदयू के सांसद संजय झा के उस बयान जिसमें उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में कानून व्यवस्था नियंत्रित है और पिछले 15 साल में राज्य में सिर्फ एक बार कर्फ्यू लगा है, का उल्लेख करते हुए कहा कि संजय झा खुद सुरक्षित हैं, उन्हें सरकारी सुरक्षा मिली हुई है, इसलिए वह ऐसा बयान दे रहे हैं। उनको बिहार में हो रहे अपहरण, हत्या, लूट और डकैती के साथ बिगड़ती क़ानून व्यवस्था नहीं दिख रही है। श्री किशोर ने आरोप लगाया कि सत्ता के अहंकार में चूर होने की वजह से श्री झा को बिहार में राम राज्य दिख रहा है।

## कांग्रेस ने हिंदुओं की आस्था को किया दरकिनार: भाजपा

नयी दिल्ली,(वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और हिंदुओं की आस्था को दरकिनार करने का आरोप लगाया है।

भाजपा ने श्रावण मास के पहले सोमवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए लिखा,सनातन आदिकाल से भारत की पहचान रही है, मंदिरों की गूंजती घंटियां, प्रार्थना के स्वर, आस्था के पवित्र स्थल और ईश्वर में अटूट विश्वास, ये भारत का मूल स्वरूप है। हालांकि, कांग्रेस की सरकारों में तुष्टिकरण के लिए करोड़ों लोगों की आस्था को दरकिनार कर दिया गया, जिसके एक नहीं, बल्कि कई उदाहरण हैं।

भाजपा ने कहा कि वर्ष 2014 में जब देश में श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी, तो सनातन के पुनर्जागरण का दौर शुरू हुआ, मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र के गौरव का प्रतीक बनें।

# नीतिश के वायदे हकीकत कम जुमलेबाजी ज्यादा: मायावती

लखनऊ (वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने की घोषणा को हकीकत से दूर व जुमलेबाजी करार दिया है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा बिहार में क़ानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति की राष्ट्रीय चर्चाओं के बीच, संभवतः लोगों का ध्यान बाँटने के लिए, राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री श्री नीतिश कुमार द्वारा चुनाव बाद सरकार बनने पर अगले पाँच साल में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोज़गार उपलब्ध कराने की घोषणा वास्तव में लोगों को हकीकत से दूर, उनके अनुभवों के आधार पर, 'अच्छे दिन' जैसी जुमलेबाज़ी व चुनावी छलावा ज्यादा लगता है।उन्होंने कहा वैसे तो विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के चुनावी वादे, दावे, घोषणाओं व छलावों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था व कार्यकलापों आदि को लेकर इनके चाल, चरित्र व चेहरे आदि को जनता भलीभाँति जानती है, फिर भी अपनी छल व छलावा की राजनीति की आदत से मजबूर ये विरोधी पार्टियाँ चुनाव से पूर्व इस प्रकार के अनेकों लोक लुभावने वादे करने में ज़रा भी नहीं डरती व घबराती हैं।



बसपा अध्यक्ष ने कहा बिहार की वर्तमान गठबंधन सरकार का नौकरी व रोज़गार का वादा इनके अन्य वादों से ज्यादा मेल खाता है, जो जनता वास्तव में अब तक के उनके अनुभव के आधार पर जानती भी है। निश्चय ही बिहार की जनता सोच-समझकर ग़रीब व सर्वजन हितैषी सरकार चुनेगी, बशर्ते कि चुनाव बाहुबल, धनबल तथा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से मुक्त पूर्णतः स्वतंत्र व निष्पक्ष हो तथा सभी ग़रीबों, मज़दूरों एवं अन्य मेहनतकश लोगों को वोट करने का सही से मौका मिले। चुनाव आयोग इसका पूरा ध्यान ज़रूर रखेगा, ऐसी उम्मीद।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# मशहूर अभिनेत्री सरोजा देवी का 87 वर्ष की उम्र में निधन



मशहूर अभिनेत्री बी सरोजा देवी का सोमवार को बेंगलुरु में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 87 वर्ष की थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं और उन्होंने अपने परिवार के बीच अपने आवास पर अंतिम सांस ली। सरोजा देवी का जन्म सात जनवरी, 1938 को हुआ था और अपने छह दशकों से अधिक फिल्मी करियर में उन्होंने कन्नड़, तमिल, तेलुगु, हिंदी और सिंहली में लगभग 200 फिल्मों में अभिनय किया। उन्हें प्यार से अभिनय सरस्वती (अभिनय की देवी) कहा जाता था और उन्होंने अपने अभिनय और बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीता। उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'महाकवि कालिदास' से अभिनय की शुरुआत की जिसके बाद उन्होंने कित्तूर चेन्नम्मा, अन्ना थम्मा, भक्त कनकदास, बाले बंगारा, नागकन्निके, बेट्टादा हुवु और कस्तूरी निवास जैसी फिल्मों में यादगार अभिनय से अपनी एक अमिट छाप छोड़ी। वह नादोदी मन्नन, कर्पूर करासी, पांडुरंगा महात्यम और थिरूमानम जैसी सुपरहिट फिल्मों के साथ पूरे दक्षिण भारत में मशहूर होगईं और उनका स्टारडम कर्नाटक से आगे बढ़कर पूरे दक्षिण भारत में फैल गया। सरोजा देवी ने 1959 में बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया और पैगाम फिल्म में वह दिलीप कुमार के साथ नजर आईं। इसके बाद उन्होंने ससुराल, प्यार किया तो डरना क्या और बेटी बेटे जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। भारतीय सिनेमा में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें 1969 में पद्मश्री और 1992 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें बैंगलोर विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की मानद उपाधि और तमिलनाडु सरकार से कलैमामणि पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। देश के कोने-कोने से अभिनेता, फिल्म निर्माता, राजनेता और प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार बेंगलुरु में होने की उम्मीद है। सरोजा देवी ने अपनी अभिनय प्रतिभा से अमिट छाप छोड़ी है जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया है। उनका निधन भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत है।

# मदन मोहन के गीत आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे से प्रभावित थे नौशाद

बॉलीवुड के मशहूर संगीतकार मदन मोहन के एक गीत...आपकी नज़रों ने समझा प्यार के क़ाबिल मुझे, दिल की ऐ धड़कन ठहर जा, मिल गई मंज़िल मुझे... से संगीत सम्राट नौशाद इस कदर प्रभावित हुए थे कि उन्होंने मदनमोहन से इस धुन के बदले अपने संगीत का पूरा खजाना लुटा देने की इच्छा जाहिर कर दी थी।


मदनमोहन कोहली का जन्म 25 जून 1924 को हुआ। उनके पिता राय बहादुर चुन्नीलाल फिल्म व्यवसाय से जुड़े हुए थे और बॉम्बे टॉकीज और फिल्मिस्तान जैसे बड़े फिल्म स्टूडियो में साझीदार थे।घर में फिल्मी माहौल होने के कारण मदनमोहन भी फिल्मों में काम करके बड़ा नाम करना चाहते थे लेकिन अपने पिता के कहने पर उन्होंने सेना में भर्ती होने का फैसला ले लिया और देहरादून में नौकरी शुरू कर दी। कुछ दिनों बाद उनका तबादला दिल्ली हो गया। लेकिन कुछ समय के बाद उनका मन सेना की नौकरी से ऊब गया और वे नौकरी छोड़ लखनऊ आ गए और आकाशवाणी के लिए काम करने लगे।आकाशवाणी में उनकी मुलाकात संगीत जगत से जुड़े उस्ताद फैयाज खान, उस्ताद अली अकबर खान, बेगम अख्तर और तलत महमूद जैसी जानी-मानी हस्तियों से हुई जिनसे वे काफी प्रभावित हुए और उनका रुझान संगीत की ओर हो गया। अपने सपनों को नया रूप देने के लिए मदनमोहन लखनऊ से मुंबई आ गए। मुंबई आने के बाद मदन मोहन की मुलाकात एसडी बर्मन, श्याम सुंदर और सी. रामचन्द्र जैसे प्रसिद्ध संगीतकारों से हुई और वे उनके सहायक के तौर पर काम करने लगे। संगीतकार के रूप में 1950 में प्रदर्शित फिल्म आंखें के जरिए वे फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में सफल हुए।इस फिल्म के बाद लता मंगेशकर, मदनमोहन की चहेती पार्श्वगायिका बन गईं और वे अपनी हर फिल्म के लिए लता से ही गाने की गुजारिश किया करते थे। संगीतकार ओपी नैयर अक्सर कहा करते थे कि मैं नहीं समझता कि लता मंगेशकर, मदन मोहन के लिए बनी हुई हैं या मदनमोहन, लता मंगेशकर के लिये, लेकिन अब तक न तो मदन मोहन जैसा संगीतकार हुआ और न ही लता जैसी पार्श्वगायिका।मदनमोहन के संगीत निर्देशन में आशा भोंसले ने फिल्म मेरा साया के सिए झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में... गाना गाया जिसे सुनकर श्रोता आज भी झूम उठते हैं। उनसे आशा भोंसले को अक्सर यह शिकायत रहती थी कि वे अपनी हर फिल्म के लिए लता दीदी को ही क्यों लिया करते हैं? इस पर मदन मोहन कहा करते थे कि जब तक लता जिंदा हैं, उनकी फिल्मों के गाने वे ही गाएंगी। मदन मोहन केवल महिला पार्श्वगायिका के लिए ही संगीत दे सकते हैं, वह भी विशेषकर लता मंगेशकर के लिए, यह चर्चा फिल्म इंडस्ट्री में 50 के दशक में जोरों पर थी। लेकिन 1957 में प्रदर्शित फिल्म देख कबीरा रोया में पार्श्वगायक मन्ना डे के लिए कौन आया मेरे मन के द्वारे जैसा दिल को छू लेने वाला संगीत देकर उन्होंने अपने बारे में प्रचलित धारणा पर विराम लगा दिया।वर्ष 1965 में प्रदर्शित फिल्म हकीकत में मोहम्मद रफी की आवाज में मदन मोहन के संगीत से सजा गीत कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों/ अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों... आज भी श्रोताओं में देशभक्ति के जज्बे को बुलंद कर देता है। आंखों को नम कर देने वाला ऐसा संगीत मदनमोहन ही दे सकते थे।



वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म दस्तक के लिए मदन मोहन सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए गए। उन्होंने अपने ढ़ाई दशक के लंबे सिने करियर में लगभग 100 फिल्मों के लिए संगीत दिया। अपनी मधुर संगीत लहरियों से श्रोताओं के दिल में खास जगह बना लेने वाला यह सुरीला संगीतकार 14 जुलाई 1975 को इस दुनिया को अलविदा कह गया। मदन मोहन के निधन के बाद 1975 में ही उनकी मौसम और लैला-मजनू जैसी फिल्में प्रदर्शित हुईं जिनके संगीत का जादू आज भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करता है। मदन मोहन के पुत्र संजीव कोहली ने अपने पिता की बिना इस्तेमाल की हुई 30 धुनें यश चोपड़ा को सुनाईं जिनमें से आठ का इस्तेमाल उन्होंने अपनी फिल्म वीर-ज़ारा के लिए किया। ये गीत भी श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए।

# सैयारा इस पीढ़ी की सबसे अहम रोमांटिक फिल्म होगी : महेश भट्ट

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार महेश भट्ट का कहना है कि फिल्म सैयारा इस पीढ़ी की सबसे अहम रोमांटिक फिल्म होगी।



महेश भट्ट की फिल्म आशिकी ने राहुल रॉय और अनु अग्रवाल को रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था।आशिकी का संगीत भी जबरदस्त हिट हुआ था। इसी तरह, फिल्म सैयारा अहान पांडे और अनीत पड्डा के लिए लॉन्चपैड है जो यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) के अगले हीरो और हीरोइन के रूप में सामने आ रहे हैं। महेश भट्ट ने कहा, हर पीढ़ी की एक प्रेम कहानी होती है जो उसे परिभाषित करती है। सैयारा, मेरी नजर में, इस पीढ़ी की सबसे अहम रोमांटिक फिल्म होगी। जब मैंने आशिकी बनाई थी, तो मैंने इसे बहुत पवित्रता के साथ बनाया और सौभाग्य से लोग इससे गहराई से जुड़ गए और दो नए चेहरों को रातों-रात स्टार बना दिया। मैं उम्मीद करता हूं कि मोहित सूरी, सैयारा के साथ भी यही करेगा।

महेश भट्ट ने कहा, यह देखना अद्भुत है कि लोग सैयारा देखते वक्त आशिकी की यादों को महसूस कर रहे हैं, लेकिन मैं कह सकता हूं कि सैयारा इस दौर की प्रेम कहानियों की परिभाषा बदल देगी। हर नई पीढ़ी को पिछली से आगे बढ़ना चाहिए, और मुझे खुशी है कि सैयारा भी यही कर सकती है। मोहित मेरा शिष्य है और अगर वह हर मायने में मुझसे आगे निकलता है, तो इससे बड़ी खुशी की बात मेरे लिए और क्या होगी। वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी द्वारा निर्मित सैयारा, 18 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

# जिले में पेंशन प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए

### विभागीय अधिकारी अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखें

### कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश



नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि विभाग प्रमुख अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज विभिन्न प्रकरणों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक दर्ज करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में डी कैटेगिरी में आने वाले विभागों को सुधार करने के निर्देश दिये, जिससे उक्त प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर ए कैटेगिरी में आ सके। विभाग प्रमुखों को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि तथा गुणवत्ता पूर्वक दर्ज करना होगा। कलेक्टर श्रीमती पटले सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रही थी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में पेंशन प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से समय सीमा में पूर्ण किया जाए। किसी भी विभाग में पेंशन के प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। पेंशन प्रकरण लंबित रहने की स्थिति पर लेखा प्रभारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में विभागों द्वारा ई- फाईल सिस्टम की समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को ई- फाईल के माध्यम से फाइलें प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ई- केवायसी की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों को ई- केवायसी के प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने को कहा गया। आयोजित बैठक में जिले में आधार सत्यापन के संबंध में भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में विभागों द्वारा भूमि आवंटन के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने विभागों के मांग के अनुरूप राजस्व विभाग को भूमि आवंटन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने खाद्य विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के ई- केवायसी के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ई- केवायसी के कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में जिले की उचित मूल्य की दुकानों से राशन वितरण की स्थिति, राशन की उपलब्धता और वेयर हाऊस की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि मत्स्य विभाग के द्वारा समस्त समितियों के बैंक खाते अनिवार्य रूप से खुलवाया जाए, जिससे समितियां बैंकों के माध्यम से लेन-देन का कार्य कर सकें। उन्होंने जिले में वर्षा की स्थिति को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जल स्त्रोतों तथा पेयजल स्त्रोतों में छिड़काव करने के निर्देश दिये, जिससे कोई भी नागरिक दूषित जल का उपयोग न कर सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा अस्पताल की स्थिति और दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। आयोजित बैठक में राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। राजस्व विभाग में सीमांकन संबंधित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये कि अपने कार्यालय को साफ- सुथरा एवं स्वच्छ रखें। कोई भी अधिकारी या कर्मचारी या आगंतुक कार्यालय में पान- गुटखा खाकर इधर- उधर न थूकें। उन्होंने कार्यालय में पान- गुटखा खाकर थूकने वालों के विरूद्ध जुर्माना लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आयोजित बैठक में अस्पतालों में एम्बुलेंस के रखरखाव एवं उपयोग के संबंध में जानकारी ली। निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये तथा निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि वाहनों की नियमित रूप से जांच करें। वाहन चालकों के आंखों का भी परीक्षण किया जाए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले में बाढ़ एवं अतिवर्षा से आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, उचित मूल्य दुकान और अस्पतालों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों या स्कूलों में पानी भराव की स्थिति है या क्षतिग्रस्त होने की संभावना है, उन्हें अन्यंत्र स्थांतारित करें, जिससे किसी भी प्रकार की घटना- दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने- अपने कार्य क्षेत्रों के अंतर्गत नदी-नालों एवं पुल-पुलियो की स्थिति और शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर भी निगरानी रखें। उन्होंने इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्टॉफ एवं दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली।



# स्वर्गीय कामथ, शुचिता प्रिय, शुद्ध आचरण और कर्मनिष्ठ सांसद थे

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

विगत दिवस स्थानीय हरि विष्णु कामथ पुस्तकालय में पूर्व सांसद हरि विष्णु जी कामथ की एक सौ अठारहवीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सबसे पहले कामथ जी के चित्र पर श्री कैलाश सोनी ने माल्यार्पण किया तत्पश्चात उपस्थित सभी विशिष्ट नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित सभी जनों की ओर से कामथ जी राजनीतिक सह यात्री लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री कैलाश जी सोनी ने अपने वक्तव्य में संविधान निर्मात्री समिति के सम्माननीय सदस्य श्री हरि विष्णु जी कामथ के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा शुचिता प्रिय, शुद्ध आचरण और कर्मनिष्ठ सांसद थे आई सी एस हरि विष्णु कामथ। उनके चुनावी तैयारी, सभाएं, दिल्ली में उनके द्वारा तत्परता से कराए गए कार्यों की जानकारी दी। ज्ञात हो कि श्री कैलाश सोनी कामथ जी के प्रमुख अंतरंग रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी सांसद रहने के बाद भी सतधारा पर नर्मदा जी पर सेतु और जनता पार्टी की सरकार में इटारसी जबलपुर के मध्य शटल का शुभारंभ कराया। हम गर्व महसूस करते थे कामथ जी पर उन्होंने संसद में अनेक प्रश्न उठाए, सागर छिंदवाड़ा रेलवे लाइन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिला बुंदेलखंड का महत्त्वपूर्ण दरवाजा है। समय और पैसे की बचत बताया। उनके जीवन प्रसंग के दृष्टांत सुनाते हुए आयोजन करते रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार नारायण श्रीवास्तव व आभार प्रदर्शन भाजपा मंडल अध्यक्ष जित्तू स्वामी ने किया।गणमान्य नागरिकों में सर्व वरिष्ठ साहित्यकार श्री नारायण श्रीवास्तव , श्री संतोष तीहैया , श्री भोले चौरसिया ,श्री अखलेश ज्योतिषी , श्री अक्षत सोनी , श्री मंडल अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी , श्री संदीप ममार , श्री मनोज नेमा , श्री कमलेश लुलावत , श्री रजत चौहान ,श्री आनंद सोनी , श्री दीपक शर्मा, शुभम दुबे, शरद सेन, श्री हर्षित नेमा श्री दिनेश अग्रवाल इत्यादि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## नरसिंह मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**नरसिंहपुर।** सावन माह के पहले सोमवार को नरसिंह मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में पहुंचे। यहां पर प्रतिदिन पंडित जवाहर दुबे के मार्गदर्शन में प्रात: 10 बजे से भगवान शंकर जी का अभिषेक पूजन हो रहा है। साथ ही सावन माह के महत्व को बताया जा रहा है।

## 15 जुलाई को होगी एक दिवसीय कार्यशाला

**नरसिंहपुर।** फोटोग्राफर्स को न्यू टेक्नोलॉजी से अवगत कराने के लिए जिला छायाकार संघ के जिलाध्यक्ष रमेश नेमा नेहा फोटो स्टूडियो द्वारा स्थानीय सुविजिता होटल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है इस वर्कशॉप में दिल्ली से मेंटर के द्वारा फोटोग्राफी में, के द्वारा फिनिशिंग करना, एल्बम डिजाइन करना, वीडियो एडिटिंग करना और भी टिप्स × ट्रिक्स को बताया जाएगा जिले के सभी फोटोग्राफर साथियों से आग्रह है कि इस वर्कशॉप में अवश्य पधारे और न्यू टेक्नोलॉजी को सीखे यह वर्कशॉप पूरी तरह से निशुल्क है जो 11 बजे से 5 बजे तक चलेगी।

# शिक्षा मंत्री ने यूसीमास ग्लोटच अकादमी के बच्चों को किया सम्मानित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

गाडरवारा नगर अपनी विशिष्ट खूबियों से विभिन्न क्षेत्रों में सदैव नव कीर्तिमान रचता आया है।ऐसे ही अनोखी मानसिक गणना अपनी गति सटीकता के साथ अंकों के अनोखे जादूगर बच्चों को शिक्षा एवं परिवहन विभाग कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा नगर के प्रथम नागरिक शिवाकांत मिश्रा एस डी एम कलावती व्याबरे मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा राव संदीप सुरेश श्रीवास्तव आनंद दुबे एवं अनेक गणमान्य नागरिकों के मध्य अबेकस एवं मानसिक गणना आधारित दुनिया की अनोखी शिक्षा पद्धति यूसीमास की जिले की अग्रणी संस्था ग्लोटच अकादमी जो वर्ष 2008 से ऊर्जा नगरी गाडरवारा में संचालित है के प्रतिभावान विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। ।संस्था के संचालक नवीन सोनाली चौबे ने सभी को अपना आभार जताते हुए बताया कि सन 2008 से निरंतर नगर के परिश्रमी बच्चे और लगन शील पालकों के अनवरत सहयोग से इस संस्था ने यूसीमास की राज्य स्तरीय,राष्ट्रीय स्तर पर एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार प्रतिवर्ष जीते हैं।साथ ही अभी तक सैकड़ों बच्चे यूसीमास कोर्स की स्नातक उपाधि प्राप्त कर अपने अपने क्षेत्र में अपनी विशिष्ट प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।वर्ष 2018 में अहमदाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में संस्था के द्वारा 5 बच्चों को सर्वोच्च रिकॉर्ड गिनीज बुक में भी दर्ज कराया है एवं वर्ष 2020 में ऑन लाइन प्रतियोगिता में नगर के 22 बच्चों ने ब्रिटेन की वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में भी अपनी विशिष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।



***पुरस्कार प्राप्त बच्चे***- दिव्यांश लोधी दिव्या राव दिव्यांशु राव, प्रणवी माटोल्या, राजनंदनी अरेले, संजीव पटेल,आर्या तिवारी, अक्ष सोनी, अलीशा अग्रवाल, देव प्रवीण मोकलकर ,दिव्या लोधी, दिव्यांश लोधी ,प्रबल तिवारी, प्रयान तिवारी, राघव दुबे, वैष्णवी कौरव , आरव माने, आरुषि माने, दिवाकर जाटव, हंसिका साहू, लक्ष्य परचानी,संस्कार ?मोले,डेविड राजपुरोहित, एरोन रियान कुमार, अग्रिमा मलैया ,हार्दिक पलौड़ हयान गंगवानी, हितार्थ पलौड़,कौस्तुभ साहू, कुशाग्र शर्मा,शौर्य गुप्ता, तनिष्क अग्रवाल, युग कठल, अवनी चौरसिया, आभास पाराशर, मोइज उल इस्लाम, जैनम लुनावत कार्तिक साहू, मितिशा लुनावत, अवनीश साहू ,हर्षिता जाटव ,मोहित पटेल, शिवांश कौरव श्रेयांश आरसे,आरव खरे,अथर्व खरे। 5 से 13 वर्ष के इन बच्चों ने अंक गणितीय प्रश्नों के उत्तर बिना कैलकुलेटर या गैजेट के केवल देखकर या सुनकर त्वरित सही उत्तर दिए।बच्चों के इस आश्चर्यजनक प्रदर्शन को देखकर सभी चकित हुए एवं करतल ध्वनि के साथ बच्चों का उत्साह वर्द्धन किया।

## सड़क हादसे में एसआई की मौत



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** वीते दिवस पुलिस थाना गाडरवारा में पदस्थ एक अच्छे होनहार काबिल अफसर नीलेश बड़कुर का एक हादसे में निधन हो गया । इस घटना में जहां पुलिस महकमा में दुख का पहाड़ टूट गया है। अफसर के व्यक्तिगत लोगों से अच्छे संबंध होने के चलते वह गाडरवारा थाने में एक अलग ही पहचान रखते थे। पुलिसिया सिस्टम से जुड़े हुए मामलों पर अपनी ईमानदारी और दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। जो बीते दिन एक जरूरी काम से उदयपुर बरेली रोड पर गए हुए थे। तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी,और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि रायसेन एसपी से लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन घटना के संबंध में बारीकी से जांच कर रहा है। गाडरवारा के स्थानीय पुलिस अधिकारी कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे थे यह दुर्घटना बहुत ही पीड़ा दायक और दुखद है

# 2 पशुपालकों के विरूद्ध स्लीमनाबाद थाना में दर्ज हुई एफआईआर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नेशनल हाइवे और जिले के अन्य व्यस्त सड़क मार्गों पर विचरण करते गौवंश और सड़कों में पशुओं के जमावड़े से संभावित सड़क दुर्घटना से लोक संपत्ति, पशु हानि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन के मामले में घुमंतु पशुओं के 2 पशुपालकों के विरूद्ध शनिवार को पुलिस थाना स्लीमनाबाद में एफआईआर दर्ज कराई गई। पटवारी गणेश सिंह ठाकुर की ओर से 2 पशुपालकों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत धारा 223 के अंतर्गत स्लीमनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी किवलारी तिराहा रोड में खड़ी गायों के पशुपालकों क्रमश: राजेश प्रधान और राजेन्द्र गोड़ के विरूद्ध दर्ज की गई है।

**टैग स्कैन कर की गई कार्यवाही**- राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 और सड़क में आवारा घूमते हुए गौवंश के कान मे लगे टैग को स्कैन कर पशुपालकों और मालिकों की पहचान कर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

***आदेश का हुआ उल्लंघन***- कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा बीते 1 जुलाई को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत घुमंतु पशुओं के मालिकों व पशुपालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करानें की कार्यवाही की गई है।

## सावन की रिमझिम फुहारों के साथ हुई गीत-गजलों की बौछार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गत रविवार 13 जुलाई को जागृति पार्क माधवनगर के रमणीय वातावरण में स्वास्तिक सर्विसेस के तत्वाधान में एक काव्यगोष्ठी का आयोजन नगर की उदीयमान कवयित्री ऋचायज्ञेश परौहा के संयोजन, नगर के वरिष्ठ गजलकार सतीश आनंद अध्यक्षता, वरिष्ठ गीतकार विजय बागरी के मुख्य आतिथ्य, हास्य कवि अनिल मिश्रा के विशिष्ठ आतिथ्य एवं नगर के ख्याति लब्ध साहित्यकारों की उपस्थिति में किया गया। गोष्ठी की शुरुआत माँ वीणापाणि की वंदना से हुई। तत्पश्चात् उपस्थित समस्त साहित्यकारों ने कवयित्री ऋचायज्ञेश को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनका सम्मान किया। काव्य सत्र में नगर के जाने-माने रचनाकारों शरद जयसवाल, विष्णु बाजपेई, चंद्रकिशोर श्रीवास्तव चंदन, जीतेन्द्र पटवा नीरस, तुषार भट्टाचार्य, ध्रुव यादव, रवीन्द्र रवि, पवन समीर, रागिनी मित्तल, अर्चना सोनी, पुष्पा प्रांजलि, ऋचायज्ञेश आदि ने अपने काव्यपाठ से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

# ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द उपार्जन करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



पंजीकृत किसानों के ग्रीष्मकालीन मूंग उडद उपार्जन करने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। भारतीय किसान संघ ने कृषि व किसानों से संबंधित समस्याओं को लेकर सौंपे गए ज्ञापन उल्लेख किया है कि नरसिंहपुर जिले में गत वर्ष ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द उपार्जन हेतु लगभग 41 उपार्जन केंद्र तय किये गये थे जबकि इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा 16000 अधिक पंजीयन हुये है इसलिये सभी उपार्जन केंद्र शीघ्र चालू करवाये जायें, जिससे समय सीमा में खरीदी हो सकें एवं सभी उपार्जन केंद्र पर एफ.ए.क्यु. गुणवत्ता मापदण्ड का बोर्ड लगाया जावे। नरसिंहपुर तहसील में जो उपार्जन केन्द्र चिन्हित किये गये है उनकी शीघ्र स्लाट बुक करने की व्यवस्था की जावे जिससे स्लाट बुक हो सके एवं उनकी तुलाई की व्यवस्था शीघ्र की जा सके। केंदों में जितने दिन विलंब से खरीदी चालू हुई है उतने दिन उपार्जन की समयावधी बढाई जावे। उपार्जन केंदों पर समय समय पर तौल कांटों की जाँच की जायें इस हेतु समिति गठित की जाये। केंद्रों पर किसानों को बैठने, पानी पीने एवं शौचालय की व्यवस्था की जावें। किसानों को उपार्जन केंदों में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु टोलफरी नम्बर जारी किया जावें। युरिया डी.ए.पी. किसानों को उपलब्ध कराया जावें क्योकि सहकारी समितियों में भी खाद उपलब्ध नही है शीघ्र खाद की व्यवस्था की जावे। उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जावे अन्यथा भारतीय किसान संघ आंदोलन की ओर अग्रसर होगा। ज्ञापन सौंपते समय स्वदेश कोठारी प्रांत मंत्री, अनिरुद्ध पटेल संभाग अध्यक्ष ,संतोष राय जिला अध्यक्ष ,विष्णु प्रसाद पटेल कोषाध्यक्ष, चंद्रभान पटेल जिला ऊर्जा प्रमुख, शारदा सिंह पटेल उपाध्यक्ष ,गोधन पटेल तहसील अध्यक्ष गिरधारी पटेल के भारतीय किसान संघ के कई सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ग्राम जरजोला में रोपे गये फलदार के 34 पौधे

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद की समितियों द्वारा नरसिंहपुर विकासखंड के ग्राम जरजोला में 34 फलदार पौधों का रोपण किया। यहां आम, अमरूद, नींबू एवं जामुन के पौधे रोपे गये। पौधरोपण के दौरान नवांकुर संस्था ब्रह्मर्षि वशिष्ट शिक्षण प्रशिक्षण एवं सेवा समिति के नेतृत्व में नवांकुर संस्था के संस्थापक सदस्य व समन्वयक नवांकुर योजना श्री आनंद दुबे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जरजोला के अध्यक्ष श्री कमल सिंह पटेल, सचिव श्री सोमनाथ लोधी एवं सदस्यों व ग्रामवासियों ने अपनी सहभागिता दी। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता, विद्यार्थी, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से 51 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके लिए जिले की 30 नवांकुर संस्थाओं द्वारा 2- 2 हजार पौधों की नर्सरी तैयार की गई है, जिसमें पौधों के साथ बीजो का रोपण किया गया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्य अंतर्गत माह जुलाई, अगस्त एवं सितंबर 2025 में क्रमश: किया जाएगा।





## बम्होरी के शांतिधाम में रोपे 51 पौधे

### मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर की संस्थाओं द्वारा रोपे गये पौधे

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बम्होरी- तिंदनी के नेतृत्व ग्राम बम्होरी के शांतिधाम परिसर में आम, जामुन, पीपल, अमरुद एवं अशोक आदि के 51 पौधों का रोपण किया। अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर की नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकस प्रस्फुटन समितियों, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों व परामर्शदाताओं, धार्मिक, सामाजिक व स्वैच्छिक संगठनों और आम नागरिकों के माध्यम से पौधरोपण किये जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जय नारायण शर्मा, नवांकुर संस्था ब्रह्मर्षि वशिष्ठ शिक्षण प्रशिक्षण एवं सेवा समिति नरसिंहपुर के संस्थापक सदस्य श्री आनंद दुबे, नवांकुर संस्था बम्होरी- तिंदनी के अध्यक्ष श्री तेजबल पटेल, सचिव श्री अंकित पटेल, समिति के सदस्य व नागरिक मौजूद थे।

# गुरु पूर्णिमा पर जीवनमुक्त सतगुरु कृपा का अमृत प्रवाह





## हजारों श्रद्धालु हुए हरे माधव सत्संग में शामिल

कटनी (स्वतंत्रमत)।

गुरुपूर्णिमा पर्व के पावन सुअवसर में हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी की शरण में पावन दर्शन, आरत, स्तुति, चरण सेवा करने देश के अनेकानेक गाँवों, कस्बों, नगरों-महानगरों एवं विदेश से कई हजारों की तादाद में संगतें, श्रद्धालुजन पधारे, सभी के रहवास एवं भोजन प्रसाद की व्यवस्थाएं हरेमाधव परमार्थ सत्संग समिति माधवनगर कटनी द्वारा की गई। गुरुवार 10 जुलाई 2025 हरेमाधव सत्संग प्रातः 09:00 बजे से हरेमाधव दरबार साहिब परिसर में प्रारंभ हुआ, सत्संग स्थल में हाजिरां हुजूर सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी का आगमन सर्वप्रथम कलश यात्रा माताएं अपने सर पर कलश रखकर और भाई हाथों में हरेमाधव ध्वज पताकाएं झंडीया ले, झांझ घंटी मंजीरा घुंघरु बजाते हुए सतगुरु वंदना का गायन करते सतगुरु सेवक-सेविकाएं, पावन मंत्रोच्चारण जयघोष करते प्रेमभाव से अपने निर्मल भाव श्री चरणों में अर्पित करते रहें हृदयस्पर्शी भक्तिमय मनभावन वातावरण आनन्द प्रदान करता रहा। सतगुरु साहिबान जी के सत्संग पंडाल में प्रवेश पर मार्च पास्ट, पावन श्रीचरणों में हरेमाधव रूहानी बाल संस्कार के बाल गोपालों द्वारा सहस्त्रों वार कोटि नमन, जीवन मुक्त सतगुरु चरण सतगुरु उस्तत के बोल से भरी श्रीचरण वंदना की गई। तदुपरांत हरेमाधव सद्ग्रंथ वाणी गुरु की सेवा सब सुख सुख पूरन खाना के साथ पूरण सतगुरु सेवा भक्ति का बखान किया गया किए पूरण सतगुरु ही शिष्य आतम को शाश्वत मुक्तता के भेद बक्शने वाले, भवसागर से पार करने वाले चैतन्य पुरुख नाविक हैं जिनकी पावन शरण का आसरा ले अनन्य प्रेम कर, अनन्य सेवा, अनन्य भक्ति कर शिष्य आतम भवसागर से पार हो जाती हैं और परम मोक्ष की अधिकारी बनती है। सत्संग पश्चात् संगतों ने अपने अनुभव बताए कि किस तरह उनके ऊपर सतगुरु साहिबान जी की लीलाएं हुई हैं एवं कैसे सतगुरु जी ने सदृश्य-अदृश्य रूप में कष्टों दुखों से उन भगतों की संभाल की है, तत्पश्चात एल.ई.डी. पर सतगुरु मेहर कृपा पर आधारित साखी सतगुरु के उपकार साधों गणत न गणिया जाएं की प्रस्तुति दिखाई गई, सतगुरु जी करुण पुकार सुनकर शिष्य की रक्षा करने दौड़े-दौड़े आते हैं और शिष्य सेवकों को संकट से उबारते है। मेहर साखियों को हृदयंगम कर संगतें कृतज्ञतापूर्वक नमन करती रही। जीवनमुक्त हरेमाधव सतगुरु साहिबानो ने जो विराट परम लीलाएं देवी नर्मदा की गहन जलराशियों में की, जो यर्थात वचन विलास देवी नर्मदा से हुआ। इस परमत्वमय विराट लीला के दर्शन एलईडी के माध्यम से सभी ने देखा गुरुपूर्णिमा पर्व 10 जुलाई गुरुवार और गुरुपूर्णिमा का संयोग अत्यन्त दुर्लभ और अत्यधिक शुभ है। गुरुपूर्णिमा अर्थात ऐको प्रकाश का पर्व, सच्चा प्रकाश है वह प्रकाश जो देह के अंदर भी मौजूद है, देह के बाहर भी मौजूद है पर जब हम ऐको प्रकाश सतगुरु की शरण, ओट, प्रेम, प्यार, चरण-पूजन, चरण-आरत से जुड़ते हैं, हमारी आतम भी काल की हदों से ऊपर उठकर पूरे सतगुरु के सच्चे प्रकाश, ऐको प्रकाश में लीन हो जाती है, क्योंकि सतगुरु निर्मल प्रकाश का भंडारी पुरुख है वह अपनी भंडारी दातों को किसी का वर्ण-वर्ग देखकर नहीं देता। उन दातों को केवल शुद्ध भोले भाव से अर्जित किया जाता है। इस वास्ते, सतगुरु की शरण मे अहम् भाव को छोड़ना, दुर्योधन भाव को छोड़ना, बस मीरा-विदुर भाव को धारण करना, गुरुपूर्णिमा सतगुरु के गहबी प्रकाश का पर्व जिसमें शिष्य आतम को आन्तरिक उर्जा शक्ति आतम आहार मिलता है, गुरुपूर्णिमा में शिष्य के लिए यह उपदेश अमलीक सच्चे वचन हैं। जैसे सुर्य की एक किरण अंधकार मिटा देती है वैसे ही जीवनमुक्त सतगुरु द्वारा प्रदत्त अमृतनाम मन के संशयों को हर लेता है सो भक्ति करो उजियारा होगा। पूरण सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी की आरत वंदन शिष्यों ने बड़े प्रेमाभाव, भगति भाव से की, आरती वंदन के दौरान कुदरत भी आकाश से कुछ क्षणों के लिए मेघ बरसा सतगुरु आरत में हाजिर हुई एवं समस्त वातावरण को खुशनुमा, शीतल कर दिया। महाआरती में देवत्व महाकृपा सुखद आनन्द की चारों ओर आरतदीप प्रज्वलित घुप कपूर चन्दन की सुवास के साथ सामुहिक महाआरती प्रार्थना करने पर एकता भक्ति प्रेम की जो न्यारी अनुभूति संगतों को हुई वह अवर्णनीय है। पावन हरेमाधव सत्संग में देश-विदेश के अनेक नगरों से हजारों श्रद्धालुजन पधारे एवं सत्संग के अमृत वचनोंए एवं जीवन-मुक्त सतगुरु जी के पावन दर्शन का लाभ प्राप्त किया व सतगुरु सांई जी के पावन श्रीचरणों में माथा टेक दया आशीष प्राप्त की। सत्संग पश्चात् सभी ने हरेमाधव ब्रम्हभोज भंडारा प्रसाद ग्रहण कर मुख पवित्र किया। 11 जुलाई को जीवनमुक्त सतगुरु जी के श्री हस्त से सामुहिक यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार बच्चों के हुए आज भी मेघ बरसे श्री चरणों को पखारा। **फोटो : विकास गुप्ता**



## वर्षाकाल के दौरान प्रदाय किए जाने वाले पेयजल का किया जाए सतत् परीक्षण : महापौर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** महापौर प्रीति संजीव सूरी ने वर्षाकाल के दौरान जल स्त्रोतो से प्रदाय किये जाने वाले पेयजल के नमूनों का सतत् परीक्षण करने के निर्देश नगर निगम की जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को दिए हैं। कई बार अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण जल प्रदूषित हो जाता है, उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन जल स्त्रोतों से नगर में आमजन को पेयजल प्रदाय किया जाता है उस जल का वर्षाकाल के दौरान सतत् परीक्षण किया जाए, ताकि नागरिकों को दूषित जल से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि पेयजल दूषित न हो इसके लिए किये जाने वाले प्रबंधन की कार्यवाही उच्च प्राथमिकता से की जाये। इसके साथ ही पेयजल स्त्रोतो से जल प्रदाय लाईनो के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में शीघ्रता पूर्वक मरम्मत करते हुए पेयजल प्रदाय किया जाए। महापौर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि बारिश के दौरान ज्यादातर बीमारियां प्रदूषित जल का उपयोग करने से ही फैलती है इसलिए आवश्य है कि पेयजल स्त्रोतों हैंडपंप, ट्यूबवेल, कुओं सहित अन्य जल स्त्रोतों के आसपास पर्याप्त दवा का छिड़काव किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## अग्रवाल महिला मंडल द्वारा सावन मेले का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा सावन मेले का आयोजन संपन्न महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति अग्रवाल, नेहा गुप्ता, अनीता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल, वर्षा अन्य महिलाओं बच्चों और पुरुषों द्वारा सावन मेला में विभिन्न स्टॉल जैसे राखी, रुमाल, व्यंजन, नमकीन, मीठा, स्टेशनरी अन्य स्टॉल लगाए गए।



# लोगों ने कहा : अवैध गतिविधियों का अड्डा बना माधवनगर




## बिगड़ती कानून व्यवस्था और पुलिस की बिगड़ती छबि सुधारने की कवायद

**कटनी।** माधवनगर में बिगड़ती कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने और आम जनता में पुलिस की बिगड़ती छबि को सुधारने के लिए पुलिस ने कवायद शुरू की है। इसके तहत सिंधु भवन में माधवनगर पुलिस द्वारा रविवार को पुलिस एवं आम जनमानस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने एवं आपसी तालमेल बनाने के उद्देश्य से जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने थाना क्षेत्र में संचालित हो रही अवैध गतिविधियों को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। युवा पीढ़ी इसकी गिरफ्त में है। दुकानों के बाहर अतिक्रमण सहित कई अन्य समस्याओं का जिक्र करते हुए रोहित चंचलानी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराए जाने की बात प्रमुखता से उठाई। लोगों के सवालों को गंभीरतापूर्वक सुनने के उपरांत थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने लोगों की समस्याओं का बिंदुवार हल सुझाते हुए थाना क्षेत्र में व्याप्त गतिविधियों पर शीघ्र अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने का आश्वासन दिया, साथ ही विभिन्न व्यापारिक संगठनों के माध्यम एवं जन सहयोग से नगर के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे एवं सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करने के लिए अपील की गई। अन्यथा सख्त कार्रवाई की जावेगी, साथ ही उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय भी बताए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में माधवनगर पुलिस आम जनता की समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रही है। **फोटो : विकास गुप्ता**

# सावन के सोमवार पर हरियाली का संकल्प



## विद्यालोक वेलफेयर फाउंडेशन ने काली मंदिर परिसर में किया वृक्षारोपण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

सावन के पहले सोमवार के पावन अवसर पर विद्यालयोक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा ऑर्डनेंस फैक्ट्री परिसर स्थित काली मंदिर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाली को समर्पित इस अनूठे आयोजन में संस्था के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मंदिर परिसर को हरे-भरे पौधों से सजाया। संस्था के अध्यक्ष अर्जित खरे ने इस अवसर पर कहा किए वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन एक बड़ी चुनौती बन चुका है। वृक्षारोपण केवल एक रस्म नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण का संकल्प है। सावन जैसा पवित्र महीना हमें प्रकृति से जोड़ने का संदेश देता है, और इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह पहल की है। पूरे परिसर में पीपल, नीम, बेल, गुलमोहर समेत कई छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखरेख एक परिवार की तरह करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति के सदस्यों और क्षेत्रीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आयोजन एक सामूहिक उत्सव का रूप ले सका। विद्यालयोक वेलफेयर फाउंडेशन ने यह भी जानकारी दी कि संस्था द्वारा चलाए जा रहे ग्रीन कटनी अभियान के अंतर्गत जिले में कुल 2100 पौधे लगाए जाएंगे। इस मुहिम का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि जन-जन में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करना भी है। सावन के पहले सोमवार को प्रकृति के प्रति इस प्रेम और समर्पण की मिसाल ने यह स्पष्ट कर दिया कि अगर समाज एकजुट होकर आगे आए, तो हरियाली केवल सपना नहीं, एक सच्चाई बन सकती है। **फोटो : विकास गुप्ता**



# सावन के पहले सोमवार पर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

## शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब पूजा, अर्चना, रूद्राभिषेक एवं अनुष्ठान

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भगवान शिव जी को समर्पित सावन माह के प्रथम सोमवार को जिले भर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही उमड़ना शुरू हो गई। इस बार सावन में 4 सोमवार होने के कारण ये महीना और शुभ हो रहा है। ऐसा अद्भुत संयोग सालों बाद बन रहा है। शहर के विश्वकर्मा पार्क स्थित अति प्राचीन शंकर जी के मघई मंदिर में वैसे तो सावन के शुरू होते ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण रूदाभिषेक प्रतिदिन हो रहा है लेकिन सावन के पहले दिन पूरे मंदिर परिसर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। इसके अलावा पर्यटन स्थल के लिए मशहूर जिले के बहोरीबंद में स्थित प्राकृतिक रुपनाथ मंदिर, विजयराघवगढ़ के बरही में स्थित विजयनाथ धाम मंदिर, सलैया पडखुरी नीलकंठेश्वर मंदिर सहित अन्य शिवमंदिरों में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिव पूजन किया। यहां सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए उमड़ती रही। मघई मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों ने पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किया। इसी प्रकार दद्दा धाम स्थित



श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम, ब्राह्मण सत्संग भवन के अलावा जिले भर में कई घरों में पार्थिव शिवलिंग निर्माण रूदाभिषेक किया। सावन मास में पूजा-अर्चना करनें के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि नदी तालाब के पास स्थित शिव मंदिरों के लिए पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा चोरियों की वारदात ना हो इसीलिए पुलिस प्रशासन सावन मास में प्रशिद्ध मंदिरों में मौजूद रहेगा।

**शिव मंदिर प्रांगण में सजी दुकानें**-वहीं शिवमंदिर प्रांगण में सजी दुकानों में जमकर खरीददारी से दुकानदारों के चेहरे पर सावन मास में खुशी दिखने लगी है। ग्रामीण इलाकों के कई शिवमंदिर में मेले भी लग गए है, जहां ग्रामीण जन सावन की खरीदारी में जुटे है।

**मघई मंदिर में पूरे माह होंगे विविध आयोजन**-मंदिर के पुजारी ने बताया की सावन मास में पृथ्वी लोक में शिववास रहता है। इस दौरान कई शुभ योग बन रहे है पार्थिव शिवलिंग का विशेष फल है। यही कारण है सावन में घर घर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण व रूदाभिषेक का आयोजन चल रहा है। मघई मंदिर में प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण, 9 बजे से 12 बजे तक विशेष शिवमंत्रो व अद्वितीय सामग्री द्वारा रूदाभिषेक, संध्या के समय शिव जी का विशेष श्रंगार कर साढ़े सात बजे महाआरती व नितप्रति भजन-संकीर्तन का आयोजन हो रहा है।

**भगवान शिव को सावन का महीना अत्यंत प्रिय**-हमारे शास्त्रों एवं पुराणों के अनुसार श्रावण मास भगवान शिव एवं माता पार्वती को समर्पित है। भगवान शिव को श्रावण का महीना अत्यंत प्रिय है। यह बात स्वयं भोलेनाथ ने कही है। श्रावण मास वर्षा एवं हरियाली का समय होता है और यह अति मनमोहक समय होता है। श्रवण मास का प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण लेकिन श्रावण मास में सोमवार का भोलेनाथ का पूजन-अर्चन करने तथा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, जप इत्यादि का विशेष फल है। कहा जाता है कि इस महीने में भगवान भोलेनाथ की कृपा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस श्रवण मास में रामचरित मानस एवं राम नाम संकिर्तन का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण के महीने में माता पार्वती ने तपस्या करके भोलेनाथ को प्रसन्न किया था और उन्हें पति रूप में प्राप्त किया था, इसलिए भी भगवान भोले नाथ को यह मास अत्यधिक प्रिय है।

दूसरी मान्यता के अनुसार समुद्र मन्थन के समय समुद्र से निकले हलाहल विष को भगवान भोलेनाथ अपने गले में धारण किया, जिससे उनके गले में हो रही जलन को शांत करने के लिए सभी देवताओं ने मिलकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इससे उनको उस हलाहल विष के प्रभाव से शांति मिली और वह प्रसन्न हुए।

## सुद्रढ़ सागरजी महाराज के समाधि महोत्सव पर विनयांजली सभा का आयोजन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कैलवारा, झुरही ग्राम में बने चेतनोदय तीर्थक्षेत्र में स्थित संत भवन में छपकराज सुद्रढ़ सागर जी महाराज के समाधि महोत्सव के अवसर पर विनयांजली सभा का आयोजन किया गया सभा में उपस्थित सवाई सिंघई प्रसन्न कुमार जैन, स.सि.उत्तमचंद जैन, पंचायत अध्यक्ष-संजय जैन, मंत्री विन्नी जैन, उपाध्यक्ष सुकमाल जैन, विजय कुमार विश्व, शरद सरावगी, मगन जैन,- वारदान अनिल गोलछा, शरद जैन-पाटन सतीश जैन, कैलाश जैन, सोगानी, राकेश जैन कक्का, सुधीर जैन-पप्पू, शांति सिंघई, सुभाष जैन, प्रमोद जैन, शैलेन्द्र जैन कंजे, प्रशांत जायसवाल, डॉ. शिखर जैन, के साथ दि.जैन पंचायत महासभा अखिल भारतवर्षीय दिग.जैन महिला परिषद् जैन सोशल ग्रुप, जैन मिलन, अनेकांत परिषद, दयोदय पशु सेवा केन्द्र, भगवान महावीर विकलांग पुर्नस्थापन केन्द्र जिनज्ञा परिवार, नवयुवक मण्डल, चेतनोदय तीर्थक्षेत्र कमेटी, के साथ अनेक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों द्वारा सुदृढ़ सागर जी को विनयांजली अर्पित की गई कार्यक्रम संचालन चेतनोदय तीर्थक्षेत्र के सचिव प्रमोद जैन कक्का द्वारा किया गया। सिंघई संतोष कुमार मालगुजार, की जीवन यात्रा की फिल्म दिखाकर उनके व्यक्तिव एवं कृतित्व का प्रकाश डाला गया।

## जनशिक्षक व बीएसी करें हर दिन 2 स्कूलों का निरीक्षण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी ने प्रत्येक जनशिक्षक एवं बीएसी को प्रतिदिवस कम से कम दो शालाओं की अकादमिक मॉनीटरिंग कर बीआरसीसी को प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए हैं। डीपीसी ने निर्देशित किया है कि समस्त बीआरसीसी व एपीसी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा निर्देशित लक्ष्य अनुसार मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें तथा प्रतिवेदन जिला शिक्षा केन्द्र में प्रस्तुत करें। शनिवार को कार्यालयीन अवकाश रहने की स्थिति में निरीक्षण करें।


## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी

### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स जय महावीर मिनिरल्स, प्रो. ऋषिकेश सतपाती छपरवाह डोलोमाईट माइन खसरा नं. 5 (पार्ट), 13 (पार्ट), 14 (पार्ट), ग्राम छपरवाह, तहसील बडवारा, जिला कटनी, लीज क्षेत्रफल 9.42 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता 25006 टन प्रतिवर्ष, हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम छपरवाह, तहसील बडवारा, जिला कटनी, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एच.आई.जी. 4 हाउसिंग बोर्ड कालोनी विश्राम बाबा कटनी मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म.प्र.) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 21.08.2025 दिन गुरूवार को प्रातः 12:30 बजे मेसर्स जय महावीर मिनिरल्स, प्रो. ऋषिकेश सतपाती छपरवाह डोलोमाईट माइन, ग्राम छपरवाह तहसील बडवारा जिला कटनी, के परियोजना स्थल के परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र.1081 / विद्युत विभाग/2025-26 कटनी, दिनांक- 08/07/2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों / निर्माताओं / अधिकृत विक्रेताओं से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_437063_1 | आचार्य कृपलानी वार्ड क्रमांक-41 स्थित विभिन्न स्थानों में विद्युतीकरण कार्य। | 90 दिवस लागत 3787809 | 5000/- 28409/- | 14.8.2025 |
| 1 | 2025_UAD_437063_2 | रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक- 45 स्थित विभिन्न स्थानों में विद्युतीकरण कार्य। | 90 दिवस लागत 1311523/- | 2000/- 9836/- | 14.8.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**वास्ते आयुक्त**
**नगर पालिक निगम कटनी**

# यानिक सिनर पहली बार बने विम्बलडन के बादशाह

लंदन (वार्ता)।



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर पहली बार विम्बलडन के नए बादशाह बन गए हैं। सिनर ने रविवार को फाइनल पिछले दो बार के चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्काराज को चार सेटों में 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया और विंबलडन जीतने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बने। सिनर ने रौलां गैरो में मिली हार के पांच हफ्ते बाद, विंबलडन में शानदार अंदाज में अल्काराज से बदला लिया और अपना चौथा मेजर ख़िताब जीता। चैंपियनशिप में अपने पहले फाइनल में, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक बेहतरीन मुकाबले में स्पेनिश खिलाड़ी को पराजित किया।जून की शुरुआत में पेरिस में, सिनर क्ले-कोर्ट मेजर में जीत के बेहद करीब पहुंच गए थे, जहां उनके पास तीन चैंपियनशिप पॉइंट थे, लेकिन अल्काराज ने जबरदस्त वापसी करते हुए पांच घंटे, 29 मिनट तक चले इस महामुकाबले में जीत हासिल की और अपना शानदार मेजर फाइनल रिकॉर्ड (5-0) बरकरार रखा। लेकिन इस बार, सेंटर कोर्ट पर, सिनर को हार का सामना नहीं करना पड़ा। 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने उद्देश्यपूर्ण और सटीक तरीके से शुरुआत की, अल्काराज के फोरहैंड पर ग्राउंडस्ट्रोक जमाए और धीरे-धीरे मैच पर अपनी पकड़ मजबूत की।

जैसे-जैसे उनकी सर्विस मजबूत होती गई, सिनर ने 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी से नियंत्रण छीन लिया, जिससे स्लैम फाइनल में अल्काराज का 5-0 का रिकॉर्ड टूट गया और इस जोड़ी की लेक्सस एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में पांच मैचों की हार का सिलसिला भी टूट गया। सिनर की तीन घंटे, तीन मिनट की जीत ने न केवल विंबलडन जीतने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी के रूप में उनका नाम इतिहास में दर्ज करा दिया, बल्कि उन्हें करियर ग्रैंड स्लैम से एक खिताब पीछे भी छोड़ दिया, अब उनके खाते में केवल रौलां गैरो ही बचा है।

वह लंदन से पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अल्काराज पर 3,430 अंकों की शानदार बढ़त और एक ऐसी प्रतिद्वंद्विता में नई बढ़त के साथ लौट रहे हैं जो तेजी से एक नए युग का निर्णायक मुकाबला बनती जा रही है।

सिनर ने इस साल की चैंपियनशिप में अपने पहले तीन मैचों में सिर्फ 17 गेम गंवाए और पुरुषों के चौथे दौर में सबसे कम गेम गंवाने के ओपन एरा रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। हालांकि, चौथे दौर में उन्हें एक बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ा, जब ग्रिगोर दिमित्रोव को दो सेट से आगे होने के बावजूद पेक्टोरल चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा। उस मैच में सिनर को कोहनी में चोट के कारण एमआरआई करवाना पड़ा, लेकिन इतालवी खिलाड़ी ने अपनी लय बरकरार रखी और बेन शेल्टन और नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर अपने पांचवें मेजर फाइनल में पहुंच गए। और जब चौथे सेट के अंतिम क्षणों में अल्काराज के खिलाफ वह पल आया, तो सिनर ने पलक तक नहीं झपकाई। उन्होंने अपने पहले मैच पॉइंट पर ही खिताब अपने नाम कर लिया, आसमान की ओर हाथ उठाए और सेंटर कोर्ट को एक नए विंबलडन चैंपियन की गर्जना से सराबोर कर दिया।

एक रोमांचक फाइनल में, दो बार के गत विजेता अल्काराज ने आक्रामक अंदाज में सिनर के फोरहैंड पर तेज गति से प्रहार करते हुए इतालवी खिलाड़ी को पीछे धकेल दिया। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ड्रॉप शॉट का भी बार-बार इस्तेमाल किया और अपनी विशिष्ट दृढ़ता दिखाते हुए स्कोर 2-4 कर लिया। बेसलाइन पर एक जबरदस्त आदान-प्रदान के बाद, जहां दोनों खिलाड़ी एक तरफ से दूसरी तरफ खींचे जा रहे थे, सिनर ने बैकहैंड डिफेंसिव ब्लॉक लगाकर सेट अपने नाम कर लिया।



## पीएसजी को हराकर चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप का खिताब

न्यूयॉर्क (वार्ता)।

कोल पाल्मर के पहले हाफ में किये गये दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की बदौलत चेल्सी ने फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया।

मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार रात खेले गये फाइनल मुकाबले में पाल्मर ने अपनी टीम के लिए 22वें मिनट में गोल किया, और आठ मिनट बाद 30वें मिनट में दूसरा गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद जोआओ पेड्रो ने तीसरा गोल दागकर स्कोर को 3-0 कर दिया। पीएसजी ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला किया, लेकिन चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पीएसजी की वापसी की सारी उम्मीदें 84वें मिनट में उस समय धराशायी हो गईं जब मार्क कुकुरेला के बाल खींचने के कारण जोआओ नेवेस को मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैच में दो शानदार गोल करने वाले 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं सांचेज को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का सम्मान से नवाजा गया।

### डकेट के विकेट का जश्न मनाने पर सिराज पर लगा जुर्माना

**लॉर्ड्स (वार्ता)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर बेन डकेट का विकेट लेने पर प्रतिक्रिया स्वरुप जश्न मनाने और बल्लेबाज से टकराने को लेकर 15 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया और एक डेमैरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया। यह घटना तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन हुई। बेन डकेट को आउट करने के बाद मोहम्मद सिराज द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रिया और वापस लौट रहे बल्लेबाज से टकराने को लेकर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगा।

### वरुण ऐरन होंगे सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच



**हैदराबाद (वार्ता)।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण ऐरन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के साथ बतौर गेंदबाजी कोच जुड़ेंगे। ऐरन न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। 35 वर्षीय ऐरन पहली कोच के रूप मे शुरुआत करेंगे। उन्होंने इस वर्ष जनवरी में क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया था। ऐरन डेनियर विटोरी के नेतृत्व वाले स्टाफ का हिस्सा होंगे। ऐरन ने 2010-11 में झारखंड के साथ अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने भारत के लिए नौ टेस्ट और नौ एकदिवसीय मैच खेले है। उन्होंने आखिरी बार भारत के लिए नवंबर 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरू टेस्ट खेला था। इसके अलावा ऐरन ने आईपीएल में भी कई टीमों का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स-इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) और गुजरात टाइटंस शामिल हैं। उन्होंने आईपीएल में कुल 52 मैच खेले जिसमें उनके नाम 9.93 की इकॉनमी से 44 विकेट हैं।

## इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता

### 193 रन नहीं बना सका भारत, सीरीज में 1-2 से पिछड़ा

लंदन।

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए। 193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए।



### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत:**

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्?डी, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंड:**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर और शोएब बशीर।



## मारक्रम और मैथ्यूज जून 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**दुबई, (वार्ता)** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मारक्रम को पुरुष वर्ग और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज को महिला वर्ग में जून 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है। मारक्रम ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपने साथी खिलाड़ी कैगिसो रबाडा और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका को पछाड़कर पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। 30 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने 207 गेंदों पर 136 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी कर 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया।

## जून में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 77 महीने के निचले स्तर पर

**नयी दिल्ली, (वार्ता)** सब्जियों और दलहनों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 प्रतिशत पर आ गयी। जनवरी 2019 के बाद से जून 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति अपने न्यूनतम स्तर पर है। जून 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.08 प्रतिशत और इस साल मई में यह 2.82 प्रतिशत थी। जून में खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से 1.06 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जून की तुलना में इस साल जून में सब्जियों के भाव 19 प्रतिशत नीचे थे। दाल-दलहनों तथा उससे तैयार उत्पादों की कीमतों में भी सालाना आधार पर 11.76 फीसदी की कमी आयी है। इससे समग्र खाद्य वस्तुओं का खुदरा मूल्य स्तर एक साल पहले से 1.06 प्रतिशत घटा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, जून में मसालों के भाव में सालाना आधार पर 3.03 प्रतिशत की कमी हुई जबकि मांस-मछली के खुदरा दाम 1.62 प्रतिशत दर्ज ऊपर थे। अंडा, दूध तथा डेयरी उत्पादों की कीमतों में सालाना आधार पर महंगाई तीन प्रतिशत से कम रही। अनाजों चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों में जून की मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से कम रही। इसके विपरीत तेल एवं वसा उत्पाद 17.75 प्रतिशत और फल सालाना आधार पर 12.59 प्रतिशत मंहगे हैं।




अन्य उत्पादों में सौंदर्य प्रसाधन 14.76 प्रतिशत महंगे हुए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई दर 4.43 प्रतिशत और शिक्षा 4.37 प्रतिशत महंगी हुई है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में जून में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर ज्यादा बढ़ी। शहरी क्षेत्र की मुद्रास्फीति 2.56 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्र की 1.72 फीसदी रही।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट

**मुंबई, (वार्ता)** वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चिताओं के साथ ही वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से प्रभावित अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट बनी हुई है। रुपये की विनिमय दर साप्ताहिक कारोबार के पहले दिन सोमवार को डॉलर के मुकाबले 13.64 पैसे और नरम हो कर 85.9910 रुपये प्रति डॉलर पर आ गयी । विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मैक्सिको और यूरोपीय संघ के सामानों पर 30 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने की शनिवार की घोषणाओं के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार को लेकर चिंतायें बढ़ गयी हैं।

## गुजरात में हुआ 48.59 लाख टन आलू का उत्पादन

**गांधीनगर, (वार्ता)** गुजरात में वर्ष 2024-25 में प्रोसेस्ड आलू सहित कुल 48.59 लाख टन आलू का उत्पादन हुआ। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि फ्रेंच फ्राइज दुनिया भर में लोकप्रिय एक ऐसा स्नैक्स है, जिसे बच्चों से लेकर बड़े तक सभी पसंद करते हैं।



भारत, जो पहले फ्रेंच फ्राइज का आयात करता था, अब इसका भरपूर निर्यात कर रहा है। इतना ही नहीं, भारत अब प्रोसेस्ड आलू का भी बंपर उत्पादन करता है, जिससे फ्रेंच फ्राइज और वेफर्स जैसे क्रिस्पी-कुरकुरे स्नैक्स तैयार होते हैं। देश के प्रोसेस्ड आलू के निर्यात में गुजरात का भी महत्वपूर्ण योगदान है। गत दो दशकों में प्रोसेस्ड आलू का उत्पादन 10 गुना बढ़ा- 2004-05 में प्रोसेस्ड आलू का उत्पादन एक लाख टन से भी कम था जबकि बुवाई क्षेत्र केवल 4000 हेक्टेयर के करीब था। सरकार के प्रोत्साहन के चलते गत दो दशकों में प्रोसेस्ड आलू का उत्पादन 37,000 हेक्टेयर बुवाई क्षेत्र के साथ 11.50 लाख टन तक पहुंच गया है, जो 10 गुना वृद्धि को दर्शाता है।



## हर बिहारी में एक आइडिया छिपा है : नीतीश मिश्रा

पटना, (वार्ता)।

बिहार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को बिहार आइडिया फेस्टिवल के नये पोर्टल का शुभारम्भ किया, जिस पर राज्य के छात्र, युवा, उद्यमी और स्टार्ट-अप टीमें अपने नवाचारी विचार अपलोड कर सकेंगे। योग्य आइडिया को जमीन पर उतारने में सरकार मदद करेगी। श्री मिश्रा ने राजधानी पटना में सूचना भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हर बिहारी में एक आइडिया छिपा है, जरूरत है बस इसे पहचान और दिशा देने की। इस दिशा में यह पोर्टल मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि कम से कम 10 हजार आइडिया इस पोर्टल पर आयें। विशेषज्ञ टीम उनकी जांच करेगी और चुने हुए विचारों को बाजार और निवेशकों से जोड़ेगी।

इस महोत्सव की शुरुआत 24 जुलाई से जिला स्तरीय कार्यशाला के साथ होगी और अगस्त के अंतिम सप्ताह में पटना में दो-दिवसीय मेगा इवेंट के साथ समापन होगा। यह पोर्टल मोबाइल फ्रेंडली भी है, इसलिए गांव-कस्बों के युवा भी आसानी से पंजीकरण कर सकेंगे।

## शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी

### प्रमुख शेयर सूचकांक 0.30 प्रतिशत टूटे

**मंबई, (वार्ता)** यूरोपीय संघ और मैक्सिको पर 30 प्रतिशत की ऊंची दर से अमेरिका में आयात शुल्क लगाने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पिछले सप्ताहांत की घोषणा, निर्यातोन्मुख सूचना प्रौद्योगिकी की आय की संभावनाओं को लेकर चिंता और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के रुख से स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार चौथे दिन भी जारी रहा। खास कर टेक्नोलॉजी और ऑटो कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव से बीएसई 30 पिछले बंद के मुकाबले 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82253.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत घट कर 2582.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स में एशियन पेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, टीसीएस, मारुति, टाटा मोटर, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक सहित 20 शेयर गिरावट में बंद हुये।



इन्फोसिस, रिलायंस, एलएंडटी, टीसीएस और बजाज फाइनेंस का गिरावट में बड़ा योगदान रहा। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में इटर्नल, टाइटन, सनफार्मा, आईटीसी, एम एंड एम, टाटा स्टील और अडानी पोर्ट तथा एसबीआई जैसे शेयर शामिल हैं। सेंसेक्स पिछले सप्ताहांत के बंद 82,500.47 की तुलना में आज सुबह 82,537.87 अंक पर नाम मात्र की तेजी से खुला लेकिन उसके बाद लगातार गिरावट में बना रहा। कारोबार के दौरान बाजार 82,010.38 तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सबसे अधिकतर खरीदे-बेचे जाने वाले प्रमुख 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी-50 भी शुरू में 25,149.50 पर खुला और ऊपर में 25,151.10 तक जाने के बाद नीचे में 25,001.95 तक गया था।

एनएसई में पंजीकृत 3043 में से 1464 शेयर लाभ और 182 शेयर हानि में बंद हुए। इसके अलावा 97 शेयरों के भाव पिछले बंद के स्तर पर बने रहे। निफ्टी बैंक 0.02 प्रतिशत की नाम मात्र की तेजी पर रहा। निफ्टी मिडकैप और स्मालकैप क्रमश. 0.70 प्रतिशत और 1.02 प्रतिशत के सुधार पर रहे। निफ्टी 100 0.14 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार मैक्सिको और यूरोपीय संघ जैसे अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों पर पहली अगस्त से ऊंचा कर लगाने की ट्रम्प की घोषणाओं से वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितायें बढ़ गयी हैं। इसके असर से आज एशियाई बाजारों में सावधानी भरे कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। जापान का बाजार (निकेई225) 0.28 प्रतिशत गिरावट में रहा जबकि हांगकांग और शंघाई में 0.27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गयी।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के सकारात्मक नजीजों की उम्मीद में फार्मा कंपनियों में आज आकर्षण बढ़ा हुआ था। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के धन प्रबंधन, अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बाजार की स्थिति पर एक टिप्पणी में कहा कि एक अगस्त से यूरोपीय संघ और मेक्सिको से आयात पर 30 प्रतिशत प्रशुल्क लगाने की श्री ट्रम्प की घोषणा के बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते भारतीय शेयरों पर प्रभाव पड़ा।

# वैश्विक टेक्सटाइल हब के रूप में मध्यप्रदेश को स्थापित करने की दिशा में अहम पहल

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का टेक्समास मुख्यालय दौरा



**भोपाल।** दुबई दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टेक्सटाइल मर्चेंट्स ग्रुप के मुख्यालय का भ्रमण किया और दुबई के प्रमुख कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात कर उद्योग एवं निवेश से जुड़े अनेक विषयों पर चर्चा की। इस उच्च स्तरीय संवाद का उद्देश्य भारत–यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते के तहत कपड़ा क्षेत्र में व्यापार, नवाचार और निवेश के अवसरों को सशक्त बनाना है। टेक्समास की स्थापना 1990 में दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संरक्षण में हुई थी। यह दुबई के टेक्सटाइल री–एक्सपोर्ट हब के रूप में विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। चेयरमैन नासिर अखून, वाइस चेयरमैन विनोद नागदा, और अन्य भारतीय मूल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार को गति देने पर सहमति जताई।

**मध्यप्रदेश: टेक्सटाइल निवेश का अगला गंतव्य–** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टेक्समास के प्रतिनिधियों को बताया कि मध्यप्रदेश देश के प्रमुख वस्त्र उत्पादन राज्यों में से एक है। यहां पीएम मित्रा पार्क (धार) जैसे अत्याधुनिक टेक्सटाइल क्लस्टर वैश्विक निवेशकों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2025 के तहत भूमि, पूंजीगत अनुदान,एसजीएसटी प्रतिपूर्ति और श्रम सुविधा जैसे प्रावधानों से अवगत कराया।

**डिजिटल टेक्सटाइल नवाचार में सहयोग**–टेक्समास द्वारा अपनाए जा रहे ई–कॉमर्स, आरएफआईडी इन्वेंट्री और डिजिटल लॉजिस्टिक्स समाधानों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग हेतु यूएई कंपनियों को आमंत्रित किया।

**हरित वस्त्र एवं सतत उत्पादन पर विशेष ध्यान**–बैठक में टेक्समास द्वारा ईयू–यूएस मानकों के अनुरूप हरित वस्त्र उत्पादन और लॉजिस्टिक्स में ग्रीन इनिशिएटिव्स पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश हरित टेक्सटाइल और जैविक कॉटन जैसे क्षेत्रों में तेजी से उभर रहा है।

**साझेदारियों के लिए तैयार मध्यप्रदेश**–मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश इंडिया, इज़राइल, यूएई, यूएसए के फोकस क्षेत्रों–क्लीन टेक, फूड लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक नवाचार में निवेश हेतु तैयार है। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट्स के लिए टेक्समास जैसी संस्थाओं को आमंत्रित किया।

**टेक्सटाइल में युवा उद्यमियों के लिए अवसर *झ्र**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार नई पीढ़ी के टेक्सटाइल उद्यमियों को प्रशिक्षण, लाइसेंसिंग मार्गदर्शन और पूंजीगत समर्थन देने के लिए एक विशेष स्टार्टअप पॉलिसी लागू कर रही है। उन्होंने टेक्समास से युवा उद्यमियों के साथ जुड़ने और संवाद आयोजित करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल सिर्फ निवेश प्रोत्साहन नहीं, बल्कि भारत–यूएई टेक्सटाइल व्यापार संबंधों को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। टेक्समास जैसे वैश्विक संगठनों से सहयोग प्राप्त कर मध्यप्रदेश को कपड़ा उद्योग में वैश्विक हब बनाने की राज्य सरकार की योजना अब वास्तविकता की ओर बढ़ रही है।

## निवेश के नाम पर सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट: कांग्रेस

**भोपाल (वार्ता)** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की निवेश के उद्देश्य से हो रही विदेश यात्रा पर हमला बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार बीते 20 साल से निवेश के नाम पर सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट कर रही है। श्री पटवारी ने अपने बयान में कहा कि भाजपा सरकार बीते 20 वर्षों से निवेश के नाम पर सिर्फ 'इवेंट मैनेजमेंट' कर रही है। इन्वेस्टर समिट सिर्फ पोस्टर, होर्डिंग और प्रेस कांफ्रेंस तक सीमित रह गई हैं। अब तक 11 से अधिक इन्वेस्टर समिट हो चुकी हैं। हजारों सहमति पत्र साइन हुए, लेकिन 80 प्रतिशत से ज़्यादा निवेश जमीन पर नहीं उतरा। सरकार सिर्फ प्रचार में व्यस्त है, जबकि गांव और ज़िला स्तर पर कोई प्रभाव नहीं दिखता। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्ष में किसानों के लिए कृषि आधारित प्रोसेसिंग यूनिट या कोल्ड स्टोरेज जैसी आधारभूत संरचनाएं नहीं बन पाईं।

# हर समस्या का हल बल प्रयोग नहीं: अजय सिंह

## मुख्यमंत्री करणी सेना से बात कर समाधान निकालें



**भोपाल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने करणी सेना के लोगों पर पुलिस लाठी चार्ज को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि हर समस्या का हल बल प्रयोग नहीं है। इससे हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ जाते है. और यही हुआ भी। अब करणी सेना का विरोध प्रदर्शन धीरे–धीरे अन्य जिलों में भी फैलता जा रहा है। आगे और अप्रिय स्थिति बने इसके पूर्व प्रशासन को आपसी बातचीत से ही हल निकालना चालिए। अजय सिंह ने कहा कि जिस व्यक्ति ने उसके साथ हीरा खरीदी में हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट पुलिस में कराई थी वह करणी सेना परिवार का ही सदस्य था। पुलिस ने उसे गंभीरता से न लेते हुए गिरफ्तार आरोपी से साधारण पूछताछ के बाद छोड़ दिया। पुलिस ने मामले में कोई गंभीरता नही दिखाई बल्कि करणी सेना के सदस्यों ने थाने में संपर्क किया तो उन पर ही लाठी चार्ज कर दिया और करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर सहित अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। बस यहीं से स्थिति बिगड़ गयी। अजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आग्रह किया है कि व्यक्तिगत रूचि लेकर पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लें और धोखाधड़ी के आरोपियों पर कार्यवाही करें। करणी सेना के पदाधिकारियों से बातचीत कर उनकी बात सुनें और शांति बहाल करवायें।

# अत्यंत दुर्लभ घड़ियाल के 30 बच्चे और 36 बटागुर कछुए किये जब्त

## स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की बड़ी कार्रवाई



**भोपाल ।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य–जीव के निर्देश पर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश द्वारा सूचना तंत्र विकसित कर क्षेत्रीय इकाई भोपाल, शिवपुरी के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए सबलगढ़–मुरैना मार्ग पर घेराबंदी कर जौरा शहर थाने के पास 12 जुलाई को 3 व्यक्तियों से अत्यंत दुर्लभ प्रजाति के घड़ियाल के 30 बच्चे और 36 बटागुर कछुए जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। विवरण में बताया गया कि फोर्स द्वारा वाहन रोककर तलाशी ली गयी, जिसमें सवार 3 व्यक्ति विजय पिता शाशिकांत गोंड निवासी थाटीपुर ग्वालियर, राजू आदिवासी पिता जगदीश निवासी मउरानीपुर जिला झांसी और रामवीर सिंह पिता शिव सिंह निवासी सूर्य बिहार कॉलोनी ग्वालियर के पास से अत्यंत दुर्लभ 30 घड़ियाल के बच्चे और 14 बटागुर कछुए की जप्ती की गयी। स्टेट टाइगर फोर्स द्वारा आरोपियों से पूछताछ के बाद आरोपी विजय गोंड के ग्वालियर स्थित निवास से 22 बटागुर कछुए जप्त किये गये। इन आरोपियों पर वन एक्ट के तहत कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किया है इसमें स्थानीय पुलिस एवं वन मण्डल मुरैना द्वारा भी सहयोग किया गया। इन तीनों आरोपियों को शिवपुरी न्यायालय में प्रस्तुत कर फारेस्ट रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। इन आरोपियों पर पूर्व में भी इस प्रकार के प्रकरण दर्ज हैं, जिस पर इन्हें सजा भी हो चुकी है। पूछताछ के दौरान बताया गया कि यह जलीय जीव कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश भेजे जा रहे थे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य–जीव ने बताया किजलीय जीव ग्वालियर की चंबल नदी में मुख्यतः पाये जाते हैं, जो अत्यंत दुर्लभ प्रजाति के हैं। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा इन्हें बचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इन संकटप्रद प्रजातियों का जलीय पारिस्थितिकी में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। अन्य देशों के अलावा मुख्यतः पश्चिमी यूरोपीय देश में इनकी भारी डिमाण्ड होने के कारण इनकी तस्करी की जाती है।

# धरती आबा योजना में आदिवासी गांव को फोकस करके प्रधानमंत्री ने यह योजना बनाई : राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह



**दमोह।** धरती आबा योजना में आदिवासी गांव को फोकस करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह योजना बनाई है। धरती आबा योजना के अंतर्गत वह सब सुविधाएं विकसित होंगी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में धरातल पर उतरे इसके लिए हम लोग निरंतर प्रयास कर रहे हैं। हमारी विधानसभा के तेंदूखेड़ा के 129 गांव और जबेरा के 16 गांव अभी इसमें चयनित किए गए हैं और निश्चित रूप से उन गांव के लोगों को और विधानसभा के लोगों को बधाई देता हूँ। इस आशय के विचार संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पीएमश्री पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित 150 जनजातिय गौरव वर्ष के तहत धरती आबा जनभागीदारी अभियान जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर के जिला स्तरीय कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम में सांसद राहुल सिंह, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटैल, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, आदिमजाति कल्याण विभाग जिला संयोजक अदिति शांडिल्य मंचासीन थे।राज्यमंत्री लोधी ने कहा धरती आबा योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी आदिवासी गांव की हैं, उन गांवों को विकसित पुष्पित, पल्लवित करने मोदी जी का संकल्प है और सर्व सुविधायुक्त बनाने का संकल्प है। उन ग्रामों में सामुदायिक भवनए आंगनवाड़ी और ई लाइब्रेरी भी बनेगी। वहां पर स्वास्थ्य की सुविधाएं भी विकसित होंगी। उन्होंने कहा एक विकसित गांव में जिस प्रकार की सुविधाएं होनी चाहिए इसकी तरफ ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना से लेकर लाड़ली बहना और किसान भाईयों को मिलने वाली राशि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास के नारे को लेकर सरकार काम कर रही है, 15 दिवसीय धरती आबा योजना के अंतर्गत पूरे भारत देश में यह अभियान चलाया गया। उद्देश्य केवल यह है कि भारत देश के अंदर जितने हमारे आदिवासी जनजातीय भाई रहते हैं और जिनकी संख्या ग्रामों में 50 प्रतिशत से ज्यादा है उन ग्रामों को चिन्हित कर केंद्र और प्रदेश सरकार की जो योजना है, उनको धरती आबा योजना के अंदर लिंक कर सभी प्रकार के लाभ उनको पहुंच सके, उसको लेकर मोदी सरकार यह काम कर रही है। उन्होंने कहा बड़ी संख्या में हमारे जनजातीय भाई कार्यक्रम में यहां पर आए हैं, साइकिल भी बांटी, बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिए और जो भी लाड़ली बहना को लेकरए प्रधानमंत्री आवास को लेकर जो भी योजनाएं और पात्र हितग्राही जनजाति समाज है, उनको देने का काम सरकार के नेतृत्व में हम लोग कर रहे हैं।

# मध्यप्रदेश पुलिस का जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी...है जरूरी'

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस ने एक वृहद जन–जागरूकता अभियान नशे से दूरी – है जरूरीकी शुरुआत की है। यह अभियान 15 से 30 जुलाई 2025 तक पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में यह अभियान पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स विंग द्वारा चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) के. पी. वेंकटेश्वर राव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है। इस जन–जागरूकता अभियान में विभिन्न शासकीय विभाग, गैर–सरकारी संगठन , धर्माचार्य, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, और ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियाँ सक्रिय रूप से भाग लेंगी। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समाज के हर वर्ग तक संदेश पहुँचाया जाएगा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को प्रभावित करता है इससे दूरी रखना नितांत आवश्यक है। यह अभियान स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और डिजिटल माध्यमों के ज़रिए जन–जागृति फैलाने का कार्य करेगा।




# यूजीसी ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को श्रेणी-1 की स्वायत्तता दी

**भोपाल ।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने प्रदेश के चित्रकूट स्थित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा श्रेणीबद्ध स्वायत्तता अंतर्गत श्रेणी–1 की स्वायत्तता अर्जित करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि मिलने पर उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय परिवार शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे सतत् एवं व्यापक प्रयासों का प्रमाण है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सतत् नवीन आयाम स्थापित हो रहे हैं। राज्य सरकार, विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारमूलक उच्च शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं प्रगति के साथ शैक्षणिक एवं अकादमिक स्तर पर गुणवत्ता की उत्कृष्टता के लिए उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि यह कीर्तिमान राज्य सरकार की उच्च शिक्षा शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। अब विश्वविद्यालय, अपनी स्वायत्तता के अनुरूप शिक्षण–प्रशिक्षण, शोध

# गायत्री शक्तिपीठ में कार्यकर्ता प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

हटा। गायत्री शक्तिपीठ के मनमोहन साधना कक्ष में 14 से 17 जुलाई तक कार्यकर्ता प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर केसी गुप्ता का तिलक एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्री गुप्ता ने प्रशिक्षण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत सभी परिजनों को शांतिकुंज से प्रशिक्षण देना संभव नहीं है, अत: व्यवस्थाओं एवं समय को देखते हुए गायत्री परिवार के सभी प्रज्ञा संस्थान पर कर्मकांड प्रशिक्षण के उद्देश्य उनकी प्रेरणाएं जन्म दिवस, विवाह दिवस, पुंसवन एवं षोडश संस्कार कराने हेतु संस्कार करने की विधा से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। पूज्य गुरुदेव ने धर्म तंत्र से लोक शिक्षण की ओर इस प्रशिक्षण के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टोलियां गठित करके घर–घर यज्ञ, दीपयज्ञ एवं गायत्री चालीसा के माध्यम से जन–जन तक गायत्री महामंत्र पहुंचाना है। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।



# रपटा पुल निर्माण को लेकर विधायक ने की बैठक

## निर्माण में आ रहे व्यवधान को दूर करने किया विचार विमर्श



**हटा।** बस स्टैंड से रेस्ट हाउस के बीच रपटा पुल निर्माण में आ रहे व्यवधान को दूर करने विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने पहल की। उनके निर्देश पर सेतु निर्माण विभाग संभाग दमोह एसडीओ एमएस यादव एवं उपयंत्री दिनेश कुमार उमरे ने हटा पहुंचकर राजस्व, नगर पालिका की टीम के साथ निर्माण स्थल का भ्रमण किया।जानकारी सामने आई कि स्व. चिंतामन चौरसिया की भूमि निर्माण की जद में आ रही है। उच्च न्यायालय में मामला है। इस समस्या के समाधान के लिए उनके परिजनों से चर्चा कर सामंजस्य बनाने का प्रयास किया जाएगा। उपास्थित प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढार एवं पटवारी अनिल शुक्ला से राजस्व की भूमि की जानकारी ली और मौके पर ही आवश्यक भूमि का नाप लिया और पाया कि 20 मीटर चौड़ाई दोनों ओर पर्याप्त मौजूद है किसी भी प्रकार तोड़ फोड़ की जरूरत नहीं पड़ेगी। चर्चा के दौरान एसडीओ श्री यादव ने बताया कि 9.25 करोड़ की लागत से 12 मीटर चौड़ाई का पुल निर्मित होना है जिसका टेंडर निरस्त हो चुका है अब फिर से टेंडर लगेगा और बरसात बाद ही कार्य शुरू हो सकेगा। इसके पूर्व न्यायालय से मामला सुलझना जरूरी है। व्यारमा नदी पर कुंडलपुर कुम्हारी के बीच बर्रट घाट एवं रसीलपुर रनेह मार्ग पर पुल की आवश्यकता बताते हुए उसके प्रस्ताव तैयार करने की जरूरत बताई।

# नर्मदा नदी को निर्मल बनाये रखने केन्द्र से ली जाएगी मदद : विजयवर्गीय

## 2459 करोड़ रूपये की तैयार की गई है पहले चरण की योजना



**भोपाल ।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवनरेखा है और नर्मदा जी को निर्मल बनाये रखने के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना में नर्मदा नदी को निर्मल बनाये रखने की योजना में केन्द्र सरकार से हरसंभव मदद ली जायेगी। मंत्री श्री विजयवर्गीय सोमवार को मंत्रालय में निर्मल नर्मदा योजना की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस योजना पर पहले चरण में 2459 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। बैठक में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अधिकारी मौजूद थे।नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन के पहले कंपनी के अधिकारी अपने स्तर पर भौतिक सर्वे कर लें। उन्होंने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के नदी किनारे शहरों में सीवरेज प्लांट के कार्य समय–सीमा में पूरे किए जाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा?कि ग्रामीण विकास, जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास के अधिकारियों के साथ समन्वय कर योजना के संबंध में वास्तविक जानकारी लेकर प्रोजेक्ट पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में निकलने वाले दूषित पानी को नदी में मिलने से रोकने और पानी के ट्रीटमेंट के उपाय को प्रोजेक्ट में शामिल करें। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा स्थल के आस–पास के क्षेत्रों में भी सर्वे का कार्य किया जाये। उन्होंने वर्तमान में कार्यरत और निर्माणाधीन सीवरेज प्लांट की स्थिति की जानकारी ली।

**नदी से लगे धार्मिक स्थलों का भी हो सर्वे**–मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि नर्मदा नदी के आस–पास अनेक धार्मिक स्थल हैं। इन क्षेत्रों में दूषित जल के ट्रीटमेंट के लिये प्लांट की स्थापना और उनको पर्यटन स्थल के रूप में कैसे विकसित किया जा सकता है, इसको भी कार्ययोजना में शामिल किया जाये। नगरीय विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि नेशनल रिवर कंजरवेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत नर्मदा नदी की स्वच्छता के लिये वर्ष 2025 को ध्यान में रखकर योजना तैयार की गयी है। उन्होंने बताया कि नदी से लगे शहरों में अधिक से अधिक आवासों को नजदीक के सीवरेज प्लांट से जोड़ने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक में तय हुआ कि नदी के आस–पास के क्षेत्रों के नगरीय निकायों के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रम किये जाएं।

**निर्मल नर्मदा योजना**–योजना का उद्देश्य नर्मदा नदी के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अपशिष्ट जल उपचार कर पुनः उपयोग की प्रणाली निर्मित कर नदी को प्रदूषण मुक्त करना। उपचारित पानी के पुनः उपयोग को बढ़ावा देना। प्रदेश में नर्मदा नदी की कुल लंबाई 1077 किलोमी


## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम डोरीन प्रदीप ओझा पति प्रदीप ओझा पता ड्यूप्लेक्स नंबर 10, भंडारी अस्पताल के पास, 1118/1, दयानंद सरस्वती वार्ड जबलपुर (म.प्र.) आज दिनांक 14/07/2025 को शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि मेरा पुराना नाम डोरीन ओझा है जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। मेरा वर्तमान नाम डोरीन प्रदीप ओझा है जो मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में दर्ज है। भविष्य में मुझे मेरे इसी नाम डोरीन प्रदीप ओझा के नाम से जाना व पहचाना जावे एवं लिखा व पढ़ा जावे।

पुराना नाम- डोरीन ओझा
नया नाम- डोरीन प्रदीप ओझा

## नाम सुधार सूचना

मैं गणेश प्रसाद पटैल पिता स्व. तुलाराम निवासी- 15/1, विनेका रोड, सेवा आश्रम के पास बड़ी खैरी, मंडला म.प्र. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि:- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। 2. यह कि मेरा पास पोर्ट बना हुआ है जिसका क्र. M5842495 है। 3. यह कि मेरे पेन कार्ड में जिसका क्र. AWTPP0115G मेरा नाम GANESH PRASAD PATEL दर्ज है। जो कि सही है। 4. यह कि मेरे पास पोर्ट में मेरा नाम GANESH PRASAD अधूरा लिखा गया है। 5. यह कि मेरा नाम GANESH PRASAD PATEL जो समस्त दस्तावेजो में दर्ज है, उसी के आधार पर मेरे पास पासपोर्ट में मेरा पूरा नाम दर्ज किया जावे। 6. यह कि पासपोर्ट में नाम सुधार हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
गणेश प्रसाद पटेल

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 13 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./संभा.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/77 दिनांक 9/7/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ब्रिजमोहन कुमार पिता स्व. श्री के.एल. कुमार ने मकान नं. 1582/जी एफ/एस 6-7 स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 466 व.फु. रिलीज डीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गोरखपुर जबलपुर म.प्र.

रा.प्र.क्र. 0039/अ-6-अ/2023-24

श्री शंभुनाथ पाण्डेय पिता स्व. श्री भैयाजी पाण्डे, निवासी म.नं. 2781,ब्राम्हण मोहल्ला, पुरवा जिला जबलपुर..आवेदक।

विरुद्ध

म.प्र. शासन..........................................उत्तरवादी।

### आम सूचना एवं इश्तहार

एतत् द्वारा प्रत्यर्थीगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शंभुनाथ पाण्डेय पिता स्व0 श्री भैयाजी पाण्डे निवासी म.नं. 2781, ब्राम्हण मोहल्ला, पुरवा जिला जबलपुर के द्वारा आवेदन अंतर्गत म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 (1) के तहत शासकीय अभिलेखों में रिकार्ड सुधार किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि ग्राम पुरवा, नं. वं. 162, प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. जबलपुर-1 स्थित भूमि खसरा नंबर 3/1 रकवा 0.132 हे., खसरा नंबर 3/2 रकवा 0.139 हे. स्थित भूमि पर हित रखने वालो को सूचित किया जाता है कि प्रकरण दिनांक 15/07/2025 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। जिसमें न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाशक के साथ उपस्थित होकर दावे एवं आपत्तियां लिखित में समक्ष में पेश कर सकते है।

नियत पेशी तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तया प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुण दोष के आधार पर किया जावेगा।

नियत पेशी दिनांक 15/07/2025

आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुभाग गोरखपुर जबलपुर

# मस्जिद विवाद पर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन निकाला कलेक्टर का अर्थी जुलूस





## रांझी स्थित मड़ई क्षेत्र का मामला, मंदिर की जमीन पर निर्माण का आरोप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रांझी के मड़ई इलाके में मस्जिद बनाने को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया। हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। आरोप है कि गायत्री मंदिर की जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण किया गया है।

हाल ही प्रशासन ने मस्जिद कमेटी को क्लीनचिट दे दी। इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ता भड़क गए। नाराज कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के विरोध में कलेक्टर का अर्थी जुलूस निकाला। क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। विहिप और बजरंग दल ने प्रशासन से फैसले की पुनरू समीक्षा करने की मांग की है। वहीं स्थानीय प्रशासन का कहना है कि जांच नियमानुसार की गई है और जो भी साक्ष्य मिलेए उनके आधार पर रिपोर्ट बनाई गई है।

### विहिप 2021 से लड़ रही लड़ाई

विवाद इसी बात पर है कि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज खसरा नंबर 169 पर मस्जिद का निर्माण कैसे कर लिया गया। बड़ी बात यह भी है कि गायत्री बाल मंदिर ट्रस्ट या कोरी परिवार की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। विश्व हिंदू परिषद ही 2021 से इस जमीन की लड़ाई लड़ रही है। सोमवार को हिंदूवादी संगठनों के प्रदर्शन को लेकर रांझी थाना समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हल्की झड़प की थी स्थिति बनी रही।

### 2021 में हुई थी पहली शिकायत

जानकारी अनुसार 12 जून 2021 को पहली बार विश्व हिन्दू परिषद ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपकर बताया कि मस्जिद गलत तरीके से बन रही है। इसके बाद 27 जुलाई 2021 को प्रदर्शन हुआ। 2022 में तत्कालीन एसडीएम ऋषभ जैन ने मस्जिद के एक्सटेंशन पर स्टे लगाया। 2022 में ही स्टे पर मस्जिद कमेटी ने एसडीएम के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी। 3 मार्च 2023 को रांझी एसडीएम की कोर्ट ने राजस्व अधिकारियों की जांच टीम गठित की। तब नायब तहसीलदार ने कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका जताई। रिपोर्ट एसडीएम कोर्ट को सौंप दी। इसके बाद 21 मार्च 2023 को तीसरी बार वीएचपी ने मस्जिद हटवाने के लिए एसडीएम ऑफिस में प्रदर्शन किया। वहीं जून 2024 में हाईकोर्ट ने एसडीएम को विचार कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जुलाई में स्टे बरकरार रखा। 26 सितंबर 2024 को वीएचपी ने चौथी बार प्रदर्शन किया। मड़ई जाकर मस्जिद को हटाने की मांग की थी।

### हिंदू संगठनों के आरोप

- खसरा नंबर 169 की जमीन पर मस्जिद निर्माण किया गया है।
- वक्फबोर्ड के नाम पर मात्र 1000 वर्गफीट भूमि का आवंटन है।
- मस्जिद का निर्माण करीब 3000 वर्गफीट में कर दिया है।
- मस्जिद की आड़ में अवैध रूप से मदरसा संचालित होने का भी आरोप।
- मस्जिद कमेटी ने मामला हाईकोर्ट में दायर किया था, लेकिन दस्तावेज न होने के चलते केस वापस लेना पड़ा।

# बाबू जगमोहनदास स्मृति दिवस समारोह कल



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश के लोकप्रिय यशस्वी नेता एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री बाबू जगमोहनदास का 62वां स्मृति दिवस बुधवार, 16 जुलाई को प्रात: 9.30 बजे उनके प्रतिमा स्थल, एल्गिन अस्पताल चौराहा (रानी दुर्गावती अस्पताल) में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात नि:शक्तजनों का भोजन वितरण भी किया जाएगा। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेश यादव, जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन, अध्यक्ष, ग्रामीण सेवा दल सतीश तिवारी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष विजय रजक, एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन रजक आदि ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# सुप्रा डायग्नोस्टिक का पंजीयन निरस्त

## जिला प्रशासन की टीम ने किया था निरीक्षण





जबलपुर

जिला प्रशासन की टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण की कार्यवाही करने के बाद की गई अनुशंसा पर राइट टाउन स्थित सुप्रा डायग्नोस्टिक का लाइसेंस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इसके साथ ही इस डायग्नोस्टिक सेंटर के बगल में बिना वैध पंजीयन के संचालित कॉस्मेटिक हब क्लीनिक को भी सील कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा गठित सयुंक्त टीम ने 11 जुलाई को राइट टाउन स्थित सुप्रा डायग्नोस्टिक, यूनिट ऑफ सुप्रा एंटरप्राइजेज का आकस्मिक निरीक्षण किया था तथा यहाँ मध्यप्रदेश रुजोपचार्य गृह एवं रूजोपचार संबन्धी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसका पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा की थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम की अनुशंसा पर सोमवार को आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से सुप्रा डायग्नोस्टिक का पंजीयन निरस्त कर दिया है। आदेश में सुप्रा डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ ही इसके बाजू में अवैध रूप से संचालित कॉस्मेटिक हब क्लीनिक को भी किसी भी प्रकार की चिकित्सा सेवाएं एवं उपचार प्रक्रियाएं तुरंत बंद करने के निर्देश दिये गये हैं।

# स्कूली वाहनों की लगातार हो रही चैकिंग

## स्कूल प्रबंधन एवं वाहन मालिकों को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइड लाईन से कराया अवगत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने एवं शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप संचालन के उद्देश्य से पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार, एएसपी यातायात पल्लवी शुक्ला के निर्देशन में एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष शुक्ला, संगीता डामोर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात घमापुर इंद्रा ठाकुर, थाना प्रभारी यातायात गढ़ा हरिकिशन आटनेरे के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में संचालित स्कूली वाहनों की चैकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को केन्द्रीय विद्यालय 1, विस्डम वैली स्कूल कटंगा में स्कूली बच्चों को लाने ले जाने में स्कूली वाहनों की चैकिंग की गई।

ऐसे वाहन जिनमें आवश्यक सामग्री का न होना तथा मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन पाया गया उनके विरूद्व कार्यवाही की गई। साथ ही स्कूल प्रबंधन एवं वाहन मालिकों को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूली वाहनों के संबंध में जारी गाइड लाईन से अवगत करते हुये बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के अनुसार स्कूली बसों में सेफ्टी उपकरण होना आवश्यक है। स्कूल बस पीले रंग में हो एवस में जीपीएस, सीसीटीव्ही कैमरा, स्पीड गवर्नर, प्राथमिक उपचार बाक्स, अग्नि शमन यंत्र की सुविधाए स्कूली वाहन पर स्कूल का नाम तथा दूरभाष क्रमांक अंकित हो इत्यादि की जानकारी दी जाकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली वाहनों का संचालन नियमानुसार करने के लिए बताया गया। साथ ही सभी वाहन चालकध्परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई।

# पुरानी वार्षिक लेखा पर्ची डाउनलोड की सुविधा हो

जबलपुर

मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की प्रदेश के कर्मचारियों का प्रत्येक माह जीपीएफ काटा जाता है। जिसका लेखा जोखा महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर हउच के पास होता है, एजीएमपी द्वारा प्रत्येक वर्ष जीपीएफलेखा पर्ची एजीएमपी की वेबसाइट पर अपलोड की जाती है। परंतु पूर्व के वर्षों की जीपीएफसिलिप हटा दी जाती है जो की सुसंगत नही है। कर्मचारियों द्वारा अतिआवश्यकता होने पर अपने जीपीएफ खाते से पैसे निकाले जाते है तो विभाग और कोषालय द्वारा विगत वर्षों की भी लेखा पर्ची मांगी जाती है, जिससे समय पर कर्मचारी का पैसा नहीं मिल पाता है। अतः महालेखाकार ग्वालियर से जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघठन मांग करता है की एजीएमपी वेबसाइट से पुरानी लेखा पर्ची ना हटाई जाए साथ ही नई पर्ची के साथ वर्ष स्लेक्ट कर पुरानी वार्षिक लेखा पर्ची डाउनलोड की सुविधा हो। जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

# बाइक सवार को घसीटते हुए ले गया हाईवा, मौत

## अधारताल-कंचनपुर मार्ग पर दर्दनाक हादसा

जबलपुर



अधारताल-कंचनपुर रोड पर उस वक्त चीख पुकार मच गईए जब बाईक सवार एक युवक हाइवा में फंसकर घिसटता चला गया। हादसे में लकी विश्वकर्मा के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हाईवा चालक की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कंचनपुर अधारताल निवासी लकी विश्वकर्मा स्विगी में फूड डिलीवरी का काम करता है। लकी विश्वकर्मा बीती रात 12 बजे अपना काम खत्म करके मोटर साइकल क्रमांक एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एमयू 2567 से घर के लिए रवाना हुआ। जब वह महात्मा गांधी ग्रामीण विकास संस्थान से कंचनपुर की ओर बढ़ रहा था। इस दौरान पीछे से आए हाइवा क्रमांक एमपी 49 जेडडी 9088 के चालक ने टक्कर मार दी। हाईवा की टक्कर लगते ही लकी मोटर साइकल सहित गिर गया। मोटर साइकल का एक हिस्सा हाईवा में फंस गया और हाईवा उसे घसीटते हुए ले गया। लोगों ने लकी को मोटर साइकल सहित हाईवा में फंसकर घिसटते हुए देखकर शोर मचाते हुए पीछा किया। आगे जाकर चालक ने हाईवा रोक दिया, उस वक्त तक लकी की मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# सर्पदंश से महिला की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहपुरा तहसील के ग्राम छपरा निवासी अहिरवार पर उस समय विपदा टूट पड़ी, जब उनके परिवार की नवविवाहित की सर्पदंश से मौत हो गई। लेकिन उनकी पीड़ा उस और बढ़ गई जब उन्हें मृतिका का अंतिम संस्कार सड़क किनारे करना पड़ा। दरअसल इस गांव में कोई मुक्तिधाम ही नहीं है। जिसके चलते सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के दिनों में होती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले को लेकर उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन कोई हल नहीं निकला है यहां तक की चुनाव के समय मुक्तिधाम बनवाने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक मुक्ति धाम नहीं बना है जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

# टपकती छत, सीलन भरी दीवारों के बीच पढ़ने को मजबूर छात्र

## गोसलपुर के शासकीय स्कूल का मामला, डर के साए में पढ़ रहे छात्र

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

एक ओर मध्य प्रदेश की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए प्रयास व नई नई योजनाएं ला रही है। वहीं दूसरी ओर धरातल पर स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। दरअसल हम बात कर रहे हैं सिहोरा के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय माध्यमिक बालक शाला गोसलपुर प्राथमिक शाला कछपुरा एवं प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल जुझारी की। यहां पर छात्रों को टपकती छत और सीलन भरी दीवारों के बीच पढ़ने में मजबूर होना पड़ रहा है। सीलन भरी दीवारें फर्स में भरा पानी निश्चित रूप से विद्यार्थियों की पढ़ाई में खलल तो पैदा कर ही रहा हैं वहीं शिक्षकों पालकों के माथे में दुर्घटना का अंदेशा सताता रहता है। आपको बता दें की जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय माध्यमिक बालक शाला गोसलपुर प्राथमिक शाला कछपुरा एवं प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल जुझारी में बारिश के चलते बच्चों को शिक्षा अध्ययन करने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्लासरूम की छतों से पानी टपक रहा हैं। मजबूरी में शिक्षकों को विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एक दो कमरे में बच्चों को बैठाकर संयुक्त रूप से पढ़ाई कराई जा रही है। जिससे शैक्षणिक कार्य बुरी तरह प्रभावित और बाधित हो रहा है।



### भारी गंदगी से छात्र परेशान

स्कूल के छात्र डर के साए में ठीक-ढंग से पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं। बालक शाला गोसलपुर के शिक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया की पिछले सप्ताह से हो रही बारिश के चलते विद्यालय के कई कमरों में पानी टपक रहा है जो फर्श में भी भर जाता है। जिसे सुबह विद्यालय खुलने के वक्त साफ सफाई करके किसी भी तरह बच्चों को बैठाया जाता है। इसी क्रम मे प्राथमिक शाला कछपुरा जहां पर विद्यालय में मौजूद महिला रसोइया ने बताया की रसोई घर में पानी टपकता है। रसोई घर मे रखी खाने की सामग्री व अनाज खराब हो जाता है। वहीं बालक शाला गोसलपुर में शौचालय के गंदे पानी की निकासी न होने के कारण शौचालय में पानी भर जाता है व गंदगी व्याप्त रहती है।

### टूटे पड़े पानी पीने के नल

शासकीय माध्यमिक शाला जुझारी की शिक्षिका ने बताया की विद्यालय प्रांगण में बारिश के पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण विद्यालय प्रांगण में पानी भर जाता है। वहीं विद्यालय प्रांगण में लगे छात्र-छात्राओं के लिए पीने के पानी के लिए लगे सबमर्सिबल पंप की मोटर कई महीनों से खराब होने के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने यह भी बताया की कमरों की सीलिंग की छपाई उधड कर गिर रही थी। जिसे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी उक्त समस्या से ग्राम पंचायत जुझारी के सरपंच सचिव को अवगत कराया गया। समस्या की गंभीरता को देखते हुए सचिव द्वारा कमरों में रिपेयरिंग का कार्य कराया जा रहा है। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है की इस संबंध में स्थानीय पंचायत को अवगत करा दिया गया है। वहीं विद्यालय में बच्चों के लिए हाथ धोने और पानी पीने के लिए लगे नल पूरी तरह से टूटे पड़े हैं। वहीं शौचालय व बाथरूम में गंदगी टूटे दरवाजे के कारण बच्चों व बच्चियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# झपट्टा मारकर मोबाईल ले भागे बदमाश

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाने में ग्रीन सिटी रोड गोल्डन टाउन निवासी 33 वर्षीय राकेश कुमार विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज करायी कि बीती शाम वह अपने किराये के घर से पैदल दीनदयाल बस स्टैंड तरफ मोबाईल पर बात करते हुए जा रहा था। जैसे ही वह ग्रीन सिटी पुलिया के आगे पहुंचाए उसी समय पीछे से स्कूटी में दो लड़के आये और पीछ बैठे लड़के ने पोको कंपनी का मोबाईल झपट्टा मारकर ले उड़े। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

SAM South Avenue Mall
MOVIE MAGIC MULTIPLEX, SOUTH AVENUE MALL, NARMADA ROAD
9425807508
moviemagic
F&B STARTING AT ₹99*
ZERO PLATFORM FEE
MOVIE MAGIC MULTIPLEX
JABALPUR'S OWN BRAND
APNA CINEMA, APNI PEHCHAAN - BE VOCAL FOR LOCAL!

| | |
|---|---|
| MAALIK (HINDI) | 09:30 AM, 1:30 PM, 4:30 PM, 7:30 PM & 10:30 PM |
| SUPERMAN (3D) (HINDI) | 9:00 AM, 2:20 PM, 7:45 PM & 10:35 PM |
| METRO... IN DINO (HINDI) | 10:30 AM, 3:50 PM & 10:10 PM |
| SITAARE ZAMEEN PAR (HINDI) | 12:40 PM & 7:00 PM |
| JURASSIC WORLD: REBIRTH (HINDI) | 3D - 11:40 AM & 5:00 PM |

BOOK TICKETS & F&B FROM MOVIE MAGIC APP AT ZERO PLATFORM FEE
FOR BULK BOOKING/ADVERTISEMENT 9425807507
FOLLOW US ON @MOVIEMAGIC_JBP

ADMISSION OPEN-2025
सीमित सीटें- आज ही अपनी सीट बुक करें
BACHELOR OF PHARMACY 4 years Degree Course (12th class Maths/science stream)
DIPLOMA IN PHARMACY 2 years Diploma Course
B.Pharmacy D.Pharmacy
Make career in Medicine Pharmacy
PCI New Delhi, AFRC Aproved, DTE Aproved, RGPV University Bhopal Recognised
SILICOBYTE KDC since 1995
सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज
ज्ञानतीर्थ नई बस्ती, कटनी Email : silicobyte@yahoo.com 9981435977

CHADHA Group of Institutions
NAAC ACCREDITED
AICTE APPROVED Regular
MBA
HR | FINANCE | MARKETING
ADMISSION OPEN
BCA BBA B.COM B.Sc. B.A. PGDCA
LL.B LL.M. M.COM M.S.W. MA DCA
KATNI ARTS & COMMERCE AUTONOMOUS COLLEGE
(CHADHA AUTONOMOUS COLLEGE)
Sarswati School Road,Nai Basti,Katni (M.P.) 8871017268 9755217445 9752020482 9329821337

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एमपी जबलपुर/13/2023-25, RNI No. 64561/96.